डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
मंगलवार
20.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 10
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
लोग तुम्हारी स्तुति करें या निंदा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालु हो या न हो, तुम्हारा देहांत आज हो या युग में, परंतु तुम न्यायपथ से कभी भ्रष्ट न होना।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-331 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### टेम्पो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा मध्य विद्यालय के पास टेम्पो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नावाबजार थाना क्षेत्र रजहरा कोयलवरी निवासी विजय मेहता उम्र 45 वर्ष सोमवार को अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेदिनीनगर जाने के लिए निकले थे। तभी रास्ते मे पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा मध्य विद्यालय के पास तेज गति से आ रही टेम्पो से उनकी टक्कर हो गयी। इस बीच घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। इसके बाद स्थानीय लोगो ने इस घटना की जानकारी पड़वा थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। वही इस दुर्घटना के बाद से पुलिस अज्ञात टेम्पो और चालक की खोज बीन में जुट गयी है।

### जमशेदपुर के युवक की कतर में बेरहमी से हत्या

**जमशेदपुर।** अरब प्रायद्वीप के देश कतर में गोलमुरी के इमामुद्दीन की पाकिस्तानी नागरिक ने बेरहमी से हत्या कर दी। उनका शव फ्लैट के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया है। कतर की कास्को स्टील में कार्यरत रहे मोहम्मद इमामुद्दीन की हत्या उनके फ्लैट में पीजी के रूप में रहनेवाले पाकिस्तानी नागरिक ने की थी। उसने पहले इमामुद्दीन को गला दबाकर मारा, फिर गला काट दिया। हत्या के बाद शव को बोरे में डालकर सेप्टिक टैंक में फेंक दिया। पुलिस ने पाकिस्तानी रूम पार्टनर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, उनका अंतिम संस्कार कतर में ही होगा, क्योंकि पुलिस ने शव देने से इनकार कर दिया है। मोहम्मद इमामुद्दीन का पता लगाने में कतर में रहनेवाले जमशेदपुर के लोगों ने भी सहयोग किया। मोहम्मद इमामुद्दीन के भाई मानगो जहुर बागान एरिया में रहते हैं। मोहम्मद इमामुद्दीन टिनप्लेट कंपनी में क्रेन ऑपरेटर थे। वीआरएस लेने के बाद उन्होंने कतर में कास्को ज्वाइन कर लिया था।

### कुख्यात अपराधी अमन साहू की गतिविधियों पर सीसीटीवी से निगरानी

**मेदिनीनगर।** झारखंड के कई जिलों में अपराध के लिए कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को सिमडेगा जेल से केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में शिफ्ट कर दिया गया है। केंद्रीय कारा के सेल के अंदर कुख्यात अमन साहू को बंद किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जेलर धर्मशिला देवी अपने कक्ष से सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उस पर नजर रख रही हैं। सिमडेगा जिला प्रशासन ने सिमडेगा जेल से अमन साहू को कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार की शाम केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में शिफ्ट किया था। इससे पहले 23 जुलाई को अमन साहू को गिरीडीह जेल से सिमडेगा जेल शिफ्ट किया गया था। 20 जुलाई को गिरिडीह जेल के जेलर प्रमोद कुमार पर अपराधियों द्वारा की गयी फायरिंग में अमन साहू का हाथ सामने आया था। जिसके बाद उसे गिरिडीह से सिमडेगा जेल शिफ्ट किया गया था। सिमडेगा जेल से ही साहू अपने गिरोह को संचालन करने से बाज नहीं आ रहा था। इसके बाद उसे केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया है। गैंगस्टर अमन साहू रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार और रामगढ़ में लगातार अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। वह जेल के अंदर से ही लोगों को धमकी भरे फोन काल किया करता था। उसकी गतिविधियां पुलिस के सिर का दर्द बनी हुई थीं। मेदिनीनगर में शिफ्ट किए जाने के बाद जेल के अंदर उसपर विशेष नजर रखी जा रही है। साहू का पलामू में रेलवे की थर्ड लाइन बनाने वाली कंपनी पर रंगदारी के लिए गोलीबारी करवाने में भी हाथ रहा है। इसलिए जेल प्रबंधन और पुलिस गंभीर है। साहू का जेल के अंदर से मोबाइल फोन के माध्यम से बाहरी दुनिया से संपर्क न हो इसकी पुख्ता प्रबंधन किया गया है।

### हेमंत सोरेन ने सभी जिलों के डीसी व विभागीय सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक, दिये दिशा-निर्देश

# सीएम ने विकास व कल्याणकारी योजनाओं की ली जानकारी





### हर गांव में कम से कम पांच नयी योजना शुरू करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने हर गांव में कम से कम पांच नयी योजनाओं को अविलंब शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को मनरेगा कार्यों में प्राथमिकता देने, मनरेगा में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, मनरेगा कार्यों में जेसीबी का इस्तेमाल नहीं करने और फर्जी मास्टर रोल पर अविलंब रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा मनरेगा के तहत ससमय कार्य का अवलोकन करें और समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें। ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस का सृजन करें ताकि पलायन नहीं हो। मुख्यमंत्री ने खनन वाले इलाकों में एक करोड़ के तक की योजनाओं का कार्य स्थानीय लोगों को देने की दिये गये निर्देश के आलोक में उठाये गये कदमों की जानकारी ली। उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक सचिव वंदना डाडेल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत सभी विभागों के प्रधान सचिव-सचिव तथा सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।


**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सभी जिलों के उपायुक्त और सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान सीएम ने विकास और कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग के छह प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। इसके तहत मनरेगा, मनरेगा के तहत नियुक्ति की प्रक्रिया बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम बारिश की वजह से इस वर्ष सूखे की स्थिति है। ऐसे में किसानों-मजदूरों का पलायन नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखें। ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाये और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जियो मैपिंग भी करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जायेगा।

**करीब 20 लाख पौधे लगाये गये :** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 16.58 लाख फलदार और 2.72 लाख इमारती पौधे लगाये जा चुके हैं। वहीं, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना के तहत 3371 योजनाएं दी गयी हैं जिसमें 1041 पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री ने लंबित योजनाओं का कार्य 15 नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 16 लाख से ज्यादा आवास बनाने का लक्ष्य है। इसमें 81 प्रतिशत आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि 2 लाख 90 हजार के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद

# प्रदेश के विकास के लिए रहें प्रतिबद्ध : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि सभी को सेवा भाव से प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। सेवाकाल में जन-कल्याण को प्राथमिकता दें, इसके लिये अधिक समय भी कार्य करना पड़े तो उससे पीछे नहीं हटें। अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति सदा तत्पर एवं समर्पित रहें। झारखंड प्रदेश मेरा है, इस अपनत्व की भाव से राज्य की प्रगति के लिए अपने दायित्वों का सदा निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनता अच्छे कार्य करनेवाले पदाधिकारियों का सदा स्मरण करती है, उनका नाम लेती है। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद स्थापित कर रहे थे। उक्त अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के. श्रीनिवासन, संयुक्त निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान मीना, उप निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान सुमन पाठक सहित झारखंड प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारीगण उपस्थित थे। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण अवधि के बाद आप अपने जीवन की नयी यात्रा आरंभ करेंगे। राज्य के विकास का अहम दायित्व आप पर रहेगा। इस राज्य को अपना मानते हुए, यहां के लोगों के प्रति सेवा भाव रखते हुए प्रदेश के विकास के प्रति सदा प्रतिबद्ध रहें। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप पर होगी। आप अच्छे कार्य करेंगे तो केंद्र से भी अधिक राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे जहां कहीं भी पदस्थापित रहें, अपने कार्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें ताकि झारखंड राज्य का तीव्र गति से प्रगति हो सके। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से हिंदी भाषा के प्रति लोगों को प्रेरित करने की दिशा में भी ध्यान देने हेतु कहा। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों की स्थिति के संदर्भ में भी चर्चा की। राज्यपाल को इससे पूर्व प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रशिक्षण के क्रम में प्राप्त अनुभवों से अवगत कराया।

### पीएम मोदी 11 अक्टूबर को जायेंगे उज्जैन

# महाकालेश्वर मंदिर के नवनिर्मित महाकाल कॉरिडोर का करेंगे लोकार्पण



**उज्जैन (एजेंसी)।** उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के नवनिर्मित महाकाल कॉरिडोर (पहले चरण) का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां संबंधित क्षेत्र का अवलोकन करने के बाद मीडिया से चर्चा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां के विश्व प्रसिद्ध और देश के बारह ज्योतिर्लिंग में से एक महाकाल मंदिर परिसर के नवनिर्मित महाकाल कॉरिडोर के पहले चरण का लोकार्पण करेंगे। चौहान ने पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पीएम मोदी ने दो दिन पहले राज्य के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा कर देश में चीतों को फिर से बसाने की योजना की भी शुरुआत की थी। पीएम मोदी अपने जन्मदिन 17 सितम्बर को राज्य के श्योपुर जिले में लगभग पांच घंटे तक रुके थे।

# राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय आचार्य धर्मेंद्र का निधन, जयपुर में ली अंतिम सांस



**जयपुर (एजेंसी)।** राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभानेवाले हिंदू नेता व संत आचार्य धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल के आईसीयू में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। गौरतलब है कि बीते एक माह से खराब स्वास्थ्य के कारण जयपुर के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। आचार्य धर्मेंद्र आंत की बीमारी से पीड़ित थे। आचार्य धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के बारे में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी जानकारी ली थी। इसके अलावा राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सहित कई आला नेता भी लगातार उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे थे।

**राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय थे आचार्य धर्मेंद्र :** आचार्य धर्मेंद्र ने राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभायी थी। साथ ही विश्व हिंदू परिषद से लंबे समय तक जुड़े रहने के दौरान चर्चा में रहे थे। वे राम मंदिर मुद्दे पर बड़ी ही बेबाकी से बोलते थे। बाबरी विध्वंस मामले में जब फैसला आनेवाला था तब आचार्य धर्मेंद्र ने कहा था कि मैं आरोपी नंबर वन हूं। सजा से डरना क्या? जो किया सबके सामने किया।

**हिंदू संगठनों ने निधन पर जताया दुख :** आचार्य धर्मेंद्र के निधन पर देशभर में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने दुख जताया है। आचार्य धर्मेंद्र के परिवार में दो पुत्र सोमेंद्र शर्मा और प्रणवेंद्र शर्मा हैं। आचार्य का जन्म 9 जनवरी 1942 को गुजरात के मालवाडा में हुआ। बाबरी विध्वंस मामले में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती सहित आचार्य धर्मेंद्र को भी आरोपी माना गया था।

# कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल

### कृषि मंत्री तोमर ने पार्टी की दिलायी सदस्यता, पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार शाम भाजपा जॉइन कर ली। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवायी। कैप्टन के साथ उनके कई पुराने साथी भी भाजपा में शामिल हुए। कैप्टन ने अपनी 'पंजाब लोक कांग्रेस' पार्टी का विलय भी भाजपा में कर दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू भी मौजूद रहे। कैप्टन के साथ भाजपा में शामिल होनेवालों में पंजाब महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बलबीर राणा सोढ़ी, महलकलां की पूर्व एमएलए हरचांद कौर, अमृतसर साउथ के पूर्व एमएलए हरजिंदर सिंह ठेकेदार, मानसा के पूर्व एमएलए प्रेम मित्तल शामिल रहे। कैप्टन के साथ भाजपा जॉइन करनेवाले ज्यादातर नेता मालवा इलाके से ताल्लुक रखते हैं। मालवा पंजाब का ग्रामीण इलाका है जहां भाजपा का खास जनाधार नहीं है। कैप्टन ने इन नेताओं के आने से मालवा एरिया में भाजपा के मजबूत होने का दावा किया। भाजपा में शामिल होने के बाद कैप्टन ने भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पंजाब बॉर्डर स्टेट है और पंजाब से ताल्लुक रखने के नाते वह यहां की दिक्कतें जानते हैं। पाकिस्तान पंजाब को डिस्टर्ब करने की कोशिश करता रहता है। बॉर्डर पार से ड्रोन के जरिये हथियार और ड्रग की सप्लाई करता रहता है। ऐसे में यहां मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कैप्टन अमरिंदर सिंह को भाजपा में शामिल किया और उनका स्वागत किया। इस मौके पर इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू भी मौजूद रहे। इससे पहले सोमवार सुबह कैप्टन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में भी लंपी वायरस का खतरा बढ़ने के आसार

### आवारा मवेशियों की संख्या अधिक, सावधानी जरूरी



**अमर नाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** देश में लंपी वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यह रोग गायों को संक्रमित कर रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर राजस्थान में देखने को मिला। जहां तकरीबन 70 हजार गाय-बछड़ों को लम्पी वायरस ने मौत के घाट उतार दिया है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात में भी लम्पी वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पलामू में भी लंपी वायरस के खतरे बढ़ने के आसार दिख रहा है। कारण है कि यहां के अधिकतर किसान अपने गाय को इन राज्यो से भी खरीद कर लाते हैं। महुगावां के अधिकतर किसान बिहार और राजस्थान से ही गाय और भैंस को खरीद कर लाते है। ऐसे में पलामू में यदि यह वायरस अपना पैर पसारना शुरू किया तो इसका परिणाम बहुत घातक हो सकता है। शहर में आवारा मवेशियों की संख्या वैसे भी बहुत अधिक है। दिन भर सड़को पर मवेशियों का झुंड रहता है। रात में भी शहर के प्रमुख चैराहो पर मवेशियों का समूह नजर आता है। ऐसे में यदि इन मवेशियों पर लंपी वायरस का असर हुआ तो ये बहुत तेजी से फैलेगा और अन्य जीव भी प्रभावित होंगे। इस वायरस का सीधा असर गाय के दूध उत्पादन और उसके गर्भाशय पर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक बीमारी से गाय के दूध के उत्पादन में 50 फीसदी तक कमी आती है। हैरानी की बात तो यह है कि लंपी वायरस से संक्रमित होने वाली गायों की मृत्यु दर 8 से 10 फीसदी तक पहुंच गई है।

**कच्चे दूध का भूलकर भी नहीं करें सेवन :** एक्सपर्टस के मुताबिक कच्चा दूध भूलकर भी ना पीयें। दूध को कम से कम 15 मिनट तक अच्छी तरह उबालना चाहिए । ताकि उसमें मौजूद बैक्टीरिया काफी हद तक खत्म हो सकें। ऐसे में अगर लोग गाय के दूध को उबाल कर पीते हैं तो उससे खतरा होने की आशंका नहीं है । लेकिन अगर ये दूध गाय का बच्चा सेवन करें तो ये उसके लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में बछड़े को गाय से अलग कर देना चाहिए।

**इंसानों में भी फैलता है लंपी वायरस :** दुनिया में अभी तक एक भी इंसान को लंपी वायरस नहीं हुआ है। पशुओं में भी इसका संक्रमण अभी तक सिर्फ गायों में ही दिखने को मिला है। अगर कोई गाय संक्रमित है तो दूसरी भी उसकी चपेट में आ सकती है। अगर एक ही बाडे.में दो या दो से ज्यादा गाय हैं तो संक्रमण आसानी से फैल सकता है। एक संक्रमित गाय के घाव पर बैठने वाली मक्खी, मच्छर के जरिए लंपी वायरस एक से दूसरे जानवर तक पहुंच रहा है। लेकिन हो सकता है आगे चलकर ये वायरस इंसानों में भी फैल जाये। हालांकि अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन आपको सावधानी बरतनी चाहिए, जैसे दूध निकालते समय हाथों में ग्लब्स और मास्क जरुर पहनें और पर्सनल हाईजिन का ध्यान रखें।

**लंपी वायरस के लक्षण :** इस वायरस से गाय या भैंस का तेजी से वजन कम होता है। गाय या भैंस की दूध उत्पादक की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# अयोध्या में भगवान श्रीराम की 251 मीटर ऊंची कांस्य की मूर्ति लगेगी

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में लगायी जानेवाली भगवान श्रीराम की 251 मीटर ऊंची मूर्ति, जो कि गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से 69 मीटर ऊंची है, दिल्ली से सटे साहिबाबाद की एक फैक्ट्री में बनायी जा रही है। इस मूर्ति की डिजाइन प्रसिद्ध शिल्पी राम सुतार ने की है। राम सुतार का कहना है कि श्रीराम की ये प्रतिमा कांस्य से बनी है। अनिल सुतार के अनुसार-2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एक मूर्ति का मॉडल रखा गया था। इसके निर्माण की अनुमति मुख्यमंत्री ने दी थी, लेकिन मूर्ति लगाने के लिए अभी भूमि खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। भूमि उपलब्ध होने पर मूर्ति का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। भगवान राम की 251 फीट ऊंची मूर्ति स्थल पर भगवान श्रीराम पर आधारित डिजिटल म्यूजियम, इंटरप्रेटेशन सेंटर, लाइब्रेरी, फूड प्लाजा, लैंडस्केपिंग के साथ पर्यटकों की मूलभूतसुविधाओं की स्थापना करने के निर्देश सरकार ने दो साल पहले दिया था। राम सुतार ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम से प्रसिद्ध सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची मूर्ति को भी तैयार किया है। मुंबई में बन रही छत्रपति शिवाजी महाराज की 212 मीटर एवं बाबासाहब की 137.2 मीटर ऊंची प्रतिमा और कर्नाटक में 46.6 मीटर ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा भी राम सुतार ही तैयार कर रहे हैं। अयोध्या में निर्माणाधीन लता चौक पर लगनेवाली कांस्य से बनी वीणा देश में सबसे बड़ी अनुकृति होगी। इसका निर्माण भी मूर्तिकार राम वी सुतार एवं उनके बेटे अनिल राम सुतार ने किया है। इसके अलावा सैकड़ों महत्वपूर्ण मूर्तियों का निर्माण राम सुतार व उनके पुत्र ने किया है।

# मठ की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास, विरोध में बंद रहा बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ खुर्द मोतीराज कॉलेज के समीप बिहार बिहारणी प्रमोद वन बड़ी कुटिया मठ की जमीन कब्जा करने के प्रयास में सोमवार को हरिहरगंज बाजार बंद रहा। वही दुर्गा मंदिर चौक के समीप ग्रामीणों ने धरना दिया। इससे पहले सैकड़ों की संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ लोग बंद के समर्थन तथा कब्जा करने वालों तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर का भ्रमण किया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि सरोज प्रसाद, शिव यादव तथा ब्रजेश जायसवाल द्वारा अवैध रूप से मठ की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है । जिसमें कुछ प्रशासनिक अधिकारी भी परोक्ष रूप से सहायता कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि जब उक्त जमीन का मामला कोर्ट में विचाराधीन है तब उस पर कब्जा करने का प्रयास नियम संगत नहीं है। इससे हम सभी लोग मिलकर सफल नहीं होने देंगे। जबकि धरना स्थल पर वैध विगहा के निरंजन यादव, बंजारी के अंजू कुंवर, सतगावां के रंजन साव तथा अररुआ खुर्द के अरुण प्रसाद गुप्ता ने सरोज प्रसाद तथा शिव यादव पर जमीन का हेराफेरी करने का आरोप लगाया। धरना के दौरान लोगों ने उक्त भूमि पर स्थापित भगवान बजरंगबली के प्रतिमा का पूजा करने देने तथा जमीन को लेकर गैरकानूनी तरीके से हक जताने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उधर दूसरे पक्ष के सरोज प्रसाद तथा शिव यादव ने कहा है कि उक्त भूमि का केवाला कराया है। मौके पर भोला गुप्ता, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, कृष्णा कुमार सिंह, कमलेश कुमार यादव, कृष्ण कुमार क्रांतिकारी, जेपी गुप्ता, विनय जायसवाल, अखिलेश विश्वकर्मा, पवन कुमार, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक जायसवाल, सोनू जायसवाल, अरबिंद पासवान सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।



# स्कूल प्रबंधन ने जिप सदस्य को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय मलवारिया के विद्यालय प्रबंधन समिति ने विद्यालय में आधारभूत संसाधनों की कमी को क्षेत्रीय प्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य राजू मेहता को अवगत कराया। एक कार्यक्रम में आये जिप सदस्य को विद्यालय प्रबंधन ने 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें शिक्षकों ने लिखा है कि सन 2011 में मलवारिया मध्य विद्यालय को प्रमोट कर स्तोरोन्नत विद्यालय का दर्जा दिया गया हैं। लेकिन इस विद्यालय में मूलभूत संरचनाओं का अभी तक विकास नहीं हुआ। जिससे इस क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा की डिग्री तो ले रहे है। लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर है। शिक्षकों ने विद्यालय में चारदीवारी की निर्माण ,विद्यालय में गणित शिक्षक की व्यवस्था, उच्च शिक्षा के भवन को हैंडओवर कराने, विद्यालय के आस पास आने जाने की सड़क निर्माण, विद्यालय में लगभग 100 बेंच डेस्क की व्यवस्था कराने की मांग की हैं। मौके पर उतरी जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि मैं विद्यालय का स्वयं अवलोकन किया हूं । वास्तव में विद्यालय में आधारभूत संरचनाओं की कमी हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं इसको अपने जिला परिषद की बैठक में मामला को उठाऊंगा और निदान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने विद्यालय के गणित के शिक्षक को दूसरे स्कूल में प्रतिनियुक्ति किये जाने पर कहा कि उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखूंगा। मौके पर मुखिया विनोद कुमार सिंह (लाल बाबू) ने भी अपने स्तर से विभागीय पत्र लिखने की बात कहीं है। इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष चितरंजन कुमार सिंह,रामसुंदर मेहता, सुरेश मेहता, उदय यादव, अजीत मेहता, विनय मेहता, सुरेंद्र सिंह, अवध मेहता ,मथुरा मेहता, अशोक मेहता, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# ग्रामीण बैंक कर्मी 23 सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी 23 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। ग्रामीण बैंक कर्मियों के केंद्रीय संगठन अखिल भारतीय ग्रामीण बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर बैंक कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। उनकी मांगों में ग्रामीण बैंकों के निजीकरण नहीं करने, भारत के तमाम क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को मिलाकर एक राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक निर्माण एवं ग्रामीण बैंक कर्मियों के अतिलंबित वेतन विसंगति का निराकरण शामिल है। इस आलोक में झारखंड ग्रामीण बैंक कर्मियों के विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 सितंबर को झारखंड में सभी जिलों के ग्रामीण बैंक बंद रहेंगे। ग्रामीण बैंक की शाखाएं क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय के बैंक कर्मी हड़ताल पर रहेंगे। बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक अधिकारी संघ के महासचिव कॉमरेड केशव भारद्वाज देवधर, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव कॉमरेड रंजन कुमार सहाय रांची, कॉमरेड अभिषेक अखौरी, कॉमरेड अविनाश कुमार, कॉमरेड नितेश मिश्रा गोड्डा, कॉमरेड जैकी खान गिरीडीह, कॉमरेड मुकुल महापात्रा गुमला , कॉमरेड सुजीत बोस हजारीबाग, कॉमरेड हीरालाल कुमार, कॉमरेड अभिमन्यु कुमार सिंह, कामरेड ओम प्रकाश द्वु उपाध्याय रांची प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । बैठक की अध्यक्षता झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कॉमरेड डॉ कौशिक मलिक ने की।

# मजदूरी के क्रम में गिरने से युवक की मौत

**विश्रामपुर।** काम कर रहे एक मजदूर की मौत सोमवार को गिरने से हो गई है। घटना रेहला थाना क्षेत्र के डिहारिया गांव की बताई जा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिहरिया गांव के भलही टोला निवासी ओम प्रकाश राम उम्र करीब 40वर्ष,पिता गंगा राम,जो की गोदरमा गांव के बीमोड़ पर स्थित एक मकान में मजदूरी का काम कर रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण गिरने से उसकी मौत हो गई । जिन्हे लोगों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर ले जाया गया । जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एमएम प्रसाद ने जांच के उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया। वही मौके पर पहुंची रेहला पुलिस आगे की तफ्तीश में जुट गई है।

विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

# क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है : शशिभूषण

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पांकी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास का कार्यक्रम सबसे पहले नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के एरुआ में राजाराम सिंह के घर से कुबुआ रजीमन उरांव के घर होते हुए,ग्राम होटाई तक 5.80 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण , तरहसी के बेदानी चौक पर तरहसी पदमा मुख्य पथ एवं मेदिनीनगर पांकी मुख्य पथ एसएच के मजबूती करण , पांकी के कपूरी ठाकुर चौक पर भूमि पूजन , नीलाम्बर पीताम्बरपुर के जामुडीह पंचायत के बौराखाड़ और पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत के बीच पिरि नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ का भूमि पूजन करने के बाद विधायक डॉ .शशि भूषण मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हर गांव में अच्छी सड़क हो इसके लिये लगातार प्रयास कर रहा हूं। क्षेत्र का विकास मेरी जिम्मेदारी है, जिसे आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से बखूबी निभा रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ को लाइफ लाइन भी कहा जाता हैं। इस सड़क कार्य के पूरा हो जाने से यातायात व्यवस्था काफी सुलभ हो जायेगी। जो व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी लाभदायक साबित होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, कृषि इत्यादि हर सुविधा पांकी विधानसभा क्षेत्र वासियों को उपलब्ध कराने हेतु दिन-रात कार्य कर रहा हूँ।आने वाले दिनों में पांकी विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर अलग ही अंदाज में देखने को मिलेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने तक विकास योजनाओं को पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। मौके पर, जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, लेस्लीगंज विधायक प्रतिनिधि लाला यादव, पांकी सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

बार-बार कर्मियों की नियुक्ति कर भूमि विवाद को बढ़ा रही है सरकार

# सरकार कर्मचारियों की व्यवस्था करें या सर्वे रद्द करें: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक व एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा अंचलों के संबंध में री सर्वे कराने के लिए विधानसभा में तीन बार पुरजोर तरीके से आवाज बुलंद की है। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में 1980-81 में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि विधानसभा में तीसरी बार भी इस सवाल पर सरकार का रटा रटाया जवाब मिला की कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है। ढ़ाई वर्ष से नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। इस स्थिति में प्रभावित अंचलों के भूमि



मालिको के बीच भूमि विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रत्येक थाना में दो तीन मामले भूमि विवाद से संबंधित मार पीट के आते हैं। जिससे इलाके में तनाव जैसा माहौल बना रहता है। विधायक ने कहा कि स्थिति को देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। विधायक ने इस मामले में कहा कि सरकार स्पष्ट करें की कब तक री सर्वे करा लिया जायेगा।

**कैसे होगा त्वरित निदान : विधायक**

कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर,हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा में सर्वे के ट्रायल इंट्री को समाप्त कर 2016 तक के रजिस्टर टू से सभी भूमि की इंट्री की जाए, या आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की व्यवस्था कर री सर्वे का काम तत्काल कराया जाए। अगर भूमि संबंधित ऑनलाइन की गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने की दिशा में तत्काल विभागीय कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतर कर राजस्व विभाग का काम काज ठप्प करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गांव गांव में भूमि विवाद की वजह मार पीट खून खराबा हो रहा है। प्रभावित अंचलों के थानों में कुछ मामले इंट्री होते हैं, कुछ को टहलाया जाता रहता है। फिर भी अगर आंकड़ों को देखा जाए तो प्रभावित थानों में 90 प्रतिशत मामले भूमि विवाद से ही संबंधित हो रहे हैं। इससे आपसी मेल व भाईचारा भी तार-तार हो रहा है।

## न्यूज गैलरी

### पंडित शंभूनाथ दुबे की दूसरी पुण्यतिथि पर लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**विश्रामपुर।** प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित शंभूनाथ दुबे की दूसरी पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित स्व.दुबे के आवास पर हुआ ।कार्यक्रम की शुरुआत पंडित शंभूनाथ दुबे के चित्र पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, विश्रामपुर थाना के एसआई एस एन सिंह,अनंत कुमार सिंह,संजय सिंह,अनिल सिंह आदि ने स्व.दुबे के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला ।इससे पहले स्व.दुबे के बड़े पुत्र दया शंकर दुबे ने पिता के आत्मा की शांति हेतु पिंडदान किया ।वहीं छोटे पुत्र सह युवा समाजसेवी प्रेम शंकर दुबे ने पिता की स्मृति में उनके द्वारा बताई गई उच्च विचारो को लोगो के साथ साझा किया ।कार्यक्रम के उपरांत भंडारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बढ़कू सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विधायक के नप प्रतिनिधि राजन पांडेय, सुधीर दुबे,अशोक दुबे, सोनू दुबे, श्रवण सिंह, शंकर केशरी, राजनाथ पांडेय, कृष्णा चंद्रवंशी, हरिशंकर सिंह,विनय पांडेय,नागेंद्र प्रसाद पांडेय,दीपक पांडेय सहित कई लोग शामिल थे।

### पूर्व विधायक के समर्थक व एक समुदाय के बीच झड़प

**हरिहरगंज।** हुसैनाबाद क्षेत्र के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के समर्थकों तथा एक समुदाय के लोगों के बीच सोमवार को झड़प हुयी। जिस पर स्थानीय थाना की पुलिस ने तत्काल काबू पा लिया। इस संबंध में दोनों पक्षों द्वारा हरिहरगंज थाना में आवेदन दिया गया है। पूर्व विधायक द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे अपने आवास के पास खड़ा थे। तभी दो बाइक पर सवार तीन युवक आये। इनमें एक बाइक पर सवार दो युवक में से एक पिस्टल निकालने लगा। इसे देखकर उनके साथ खड़ा अंगरक्षक उसे पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह युवक भाग गया। जबकि औरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर निवासी वरुण कुमार उर्फ बिट्टू को धर दबोचा गया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के वरुण कुमार सिंह उर्फ बिट्टू ने अपने आवेदन में कहा है कि सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक के भतीजा बबलू कुमार द्वारा भद्दा कमेंट किया गया था। इसकी शिकायत करने मैं उसके आवास पर गया था। जहां उनके चाचा पूर्व विधायक द्वारा मारपीट की गयी। वही इब्राहिमपुर निवासी अखिलेश कुमार सिंह ने अपने आवेदन में कहा है कि वह अपने भतीजा वरुण कुमार सिंह उर्फ बिट्टू को देखने हरिहरगंज थाना आए थें। मैं थाना के समीप खड़ा था, तभी पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता अपने समर्थकों के साथ आए उनके समर्थकों ने नाम पता पूछकर मारपीट कर घायल बना दिया। बाद में पुलिस ने उक्त घायल व्यक्ति को इलाज कराया। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पूर्व विधायक के समर्थको तथा एक समुदाय के लोगों के बीच झड़प हुयी है। प्रारंभिक जांच में यह घटना सोशल मीडिया पर भद्दा कमेंट को लेकर हुआ है। इस घटना में किसी युवक द्वारा पिस्टल का उपयोग करने का अभी तक प्रमाण नहीं मिला है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में पुस्तकालय स्थापित करने को लेकर बैठक

**पांकी।** प्रखंड के कपूर्री ठाकुर चौक के समीप स्थित प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय में रविवार को पुस्तकालय नव स्थापित करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से पुस्तकालय की स्थापना इसके महत्व एवं उद्देश्य पर विशेष चर्चा की गई। वही पुस्तकालय की स्थापना डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने की सहमति भी बनी। पुस्तकालय स्थापना में आने वाली कई चुनौतियों एवं उसके समाधान पर भी विमर्श किया गया। वहीं बैठक के अंत में सभी लोगों ने पांकी में शीघ्र ही पुस्तकालय स्थापित करने को लेकर भरपूर सहयोग करने की बातें भी कहीं। बैठक का संचालन शिक्षक मोहम्मद कलीम के द्वारा किया गया व समापन प्रोजेक्ट हरिवंश नारायण बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रनीत कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया। मौके पर कार्यक्रम में शिक्षक विराज सिंह, कमलेश कुमार सिंह,पारसनाथ राम, ऋषिकेश, राम प्रवेश सिंह, राम जन्म सिंह,रामनरेश, निरंजन प्रसाद, मोहम्मद सोहेल अहमद, डॉक्टर बिंदेश्वर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार अपमान जनक, दोषियों पर हो कार्रवाई : आपसू

**मेदिनीनगर।** आपसू अध्यक्ष राजीव रंजन ने प्राध्यापक विभेश चौबे के साथ विवि कर्मी के द्वारा दुर्व्यवहार करने की घटना मर्माहत करने वाली है। आपसू इसकी कड़ी निन्दा करता है और कुलपति से आग्रह करती है कि शिक्षक के मान सम्मान के साथ समझौता न हो और दोषियों पर 48 घंटे के अंदर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाये।

# सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस पर 21 को भव्य भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला बाजार स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में देवी मंदिर विकास समिति के द्वारा सोमवार को मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा ने किया। जबकि संचालन संतोष कश्यप ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से 21 सितम्बर को सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस को लेकर भव्य रूप से मानने व भंडारा आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें समिति के द्वारा सभी भक्तजनों से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। इस बैठक में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मानने का निर्णय लिया गया। देवी मंदिर विकास समिति के उप सचिव सह मिडिया प्रभारी अमृत कुमार ने बताया कि सभी भक्तों के सहयोग और समिति के प्रयास से इस बार देवी मंदिर परिसर को नवरात्र के अवसर पर भव्य रूप से सजावट वह लाइट की व्यवस्था के साथ दुर्गा पूजा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि 21 सितम्बर को एक बजे से आयोजित भंडारे में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनें। इस मौके पर बैठक में समिति के अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, अभिषेक कांस्यकार, सचिव राहुल व्याहुत, उप सचिव शशि शेखर, व्योम सिन्हा, कोषाध्यक्ष राकेश कांस्यकार, सह कोषाध्यक्ष मनिष गुप्ता, विजय कुमार, प्रियांशु कांस्यकर, चन्दन चंदेल, बिट्टू केशरी, ललन कुमार, चितरंजन, अप्पू कश्यप, प्रदीप सोनी, रंजीत गुप्ता के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा**
ई–मेल– lohardaga.rmsa@gmail.com

**आवश्यक – सूचना**

सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों (+2 सहित) यह आदेश दिया जाता है कि नामांकन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाध्यता छात्र/छात्रों के सामने नहीं रखेंगें। सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्रा नामांकन का अधिकार रखते है। विभागीय सचिव महोदय के आदेशानुसार जिले के विभिन्न कोटि के विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के नामांकन लेने में सीटों की संख्या, कट ऑफ मार्क्स, आवेदन की अंतिम तिथि इत्यादि बाध्यातओं को बताया जाता है जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के विरूद्ध है। इस आदेश का अक्षरसः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इससे पहले जिला में अनुकरण किए जा रहे संबंधित बाध्यताओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त समझा जाय।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR278057 (Lohardaga)22-23*D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या :–510(B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.09.202212

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना गढ़वा रोड़ स्टेशन से रेलवे लाईन चौड़ीकरण निर्माण कार्य हेतु ग्राम–रेहलाकला, थाना सं0–45, थाना–विश्रामपुर, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में कुल कमोवेश 0.072 एकड़ यानी 0.0291 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश 0.072 एकड़ यानी 0.0291 हेक्टेयर है। ग्राम–रेहलाकला, थाना सं0–45, थाना–विश्रामपुर, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

ग्राम–रेहला कला, थाना सं0–45, कुल रकबा–0.072 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 36 | 131 | – | रैयती | 0.036 | उपेन्द्र दीक्षित, बलराम दीक्षित, रामकेष दीक्षित, रामप्रवेष दीक्षित, नारद दीक्षित, पिता स्व0 सहदेव दीक्षित | | | | |
| 2 | 36 | 131 | – | रैयती | 0.036 | रघुनाथ चौधरी, पिता स्व0 षिव चौधरी | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–
ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.....
.......... क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. ह0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–..............×..........
..............×..............

जिला कानुनगो भू–अर्जन, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। अपर समाहर्त्ता, पलामू। उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.278056 Palamu(22-23):D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय)**

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या :–510(A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.09.2022

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गढ़वा रोड़ स्टेशन से रेलवे लाईन चौड़ीकरण निर्माण कार्य हेतु ग्राम–घोरडीहा थाना सं0–44, थाना–विश्रामपुर, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में कुल कमोवेश 0.813 एकड़ यानि 0.3290 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन यह भू–खण्ड है जो मानक मान से कमोवेश 0.813 एकड़ यानि 0.3290 हेक्टेयर है। ग्राम–घोरडीहा, थाना सं0–44, थाना–विश्रामपुर, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

ग्राम–घोरडीहा, थाना सं0–44, कुल रकबा–0.813 एकड

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 24 | 87 | रैयती | टांड़ 2 | 0.010 | राजेश कुमार चौबे, पिता आत्मानन्द चौबे | | | | |
| 2 | 41 | 56 | रैयती | टांड़ 2 | 0.150 | ईस्माईल अंसारी, ज्यासुद्दीन अंसारी, मुस्ताक अंसारी वो इस्तयाक अंसारी पिता स्व0 अलीहसन अंसारी | | | | |
| 3 | 59 | 219 | बकास्त लगान पानेवाला | टांड़ 3 | 0.101 | मांगधारी रैयत–नेउरर कुवंर, वर्तमान रैयत–संतोष चौबे, सुजित चौबे, धीरज कुमार चौबे। हिस्सा–ओमप्रकाष चौबे। हिस्सा वो शैलबाला देवी। हिस्सा वो फुलन देवी हिस्सा। | | | | |
| 4 | 59 | 219 | बकास्त लगान पानेवाला | टांड़ 3 | 0.160 | मांगधारी रैयत–नेउरा कुवंर, वर्तमान रैयत–संतोष चौबे, सुजित चौबे, धीरज कुमार चौबे 1 हिस्सा–ओमप्रकाष चौबे 1 हिस्सा वो शैलबाला देवी 1 हिस्सा वो फुलन देवी हिस्सा 1 | | | | |
| 5 | 24 | 83 | रैयती | टांड़ 1 | 0.315 | – | | | | |
| 6 | 24 | 83 | रैयती | टांड़ 1 | 0.0170 | – | | | | |
| 7 | 17 | 78 | रैयती | टांड़ 1 | 0.020 | सलीम अंसारी वो जेनुल अंसारी, खुसबुद्दीन अंसारी, मुमताज, इम्तेयाज अंसारी | | | | |
| 8 | 17 | 82 | रैयती | टांड़ 2 | 0.040 | गुलाम नबी अंसारी, गुलाम रसुल अंसारी, पिता जाकीर हुसैन। | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–
ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.....
.......... क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. ह0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–
..............×..............
..............×..............

PR 278055 Palamu (22-23)D

जिला कानुनगो भू–अर्जन, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। अपर समाहर्त्ता, पलामू। उपायुक्त, पलामू।

## न्यूज गैलरी

### जमादार के निधन पर निगम में शोक सभा

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के जमादार सुखदेव राम की आकस्मिक मृत्यु 18 सितंबर को अपने निवास स्थान हमीदगंज में बीमारी के कारण हो गयी थी। उनके निधन पर उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए नगर निगम के सभा कक्ष में सोमवार को 1.30 बजे अपराहन में शोक सभा किया गया। जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ईश्वर इस विपत्ति को सहन करने की शक्ति उनके परिवार को दें। मौके पर निगम के सभी कर्मी मौजूद रहे।

### बीआरएसआरए की बैठक में बिचौलिया पर चर्चा

**मेदिनीनगर।** बिहार झारखण्ड प्रदेश के सेल्स रिप्रजेन्टेटिव एसोसियेशन की बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसका मुख्य एजेन्डा हाल के दिनों में एमआरसीएच में पलामू प्रशासन द्वारा बिचौलियों पर की गई कारवाई को दवा प्रतिनिधि से जोड़ने का रहा। संस्था दवा प्रतिनिधियों को बिचलियों से जोड़ने का पूरजोर विरोध करती है। प्रशासन की कार्यवाही में जो लोग पकड़े गए हैं। वे व्यवसायी है ,दवा प्रतिनिधी नहीं। कार्यवाहक अधिकारियों को दवा प्रतिनिधि के कार्यों को समझना होगा। दवा प्रतिनिधि एक कम्पनी के साथ कार्य करते हैं और उनका मुख्य कार्य अपनी दवाओं के विशेषता को चिकित्सक को अवगत कराना है। इस कार्य के लिए चिकित्सकों से मिलता हमारा अधिकार है और इसके लिए सभी चिकित्सक हमें निर्धारित समय भी देते हैं। लेकिन एमआरसीएच में चिकित्सको से मिलने दवा प्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन है। संस्था मांग करता है कि प्रशासन इस बात को समझे और दवा प्रतिनिधि के लिए निर्धारित समय तय करवाने का कार्य करें। इस बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष नवीन शरण, सचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष सुमित पाण्डेय और वरिष्ट सदस्य आशिष शेखर एवं अमर सिंह, ब्रहाशिष रजी अहमद, कुणाल राणा, अनमोल दूबे, रौशन कुमार, सौरभ, स्थाथिर शुक्ला, निलेन्द्र नवीन, एवं नितीन आलोक उपस्थित रहे।

### शिलापट का खेल कर रहे हैं पूर्व व वर्तमान विधायक :रूद्र

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी और कांग्रेस झारखंड के प्रदेश कोऑर्डिनेटर रूद्र शुक्ला ने कहा है कि पूर्व विधायक दवेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह और वर्तमान विधायक शशिभूषण मेहता दोनों पांकी रोड के निर्माण को लेकर शिलापट का खेल खेल रहे हैं। जबकि पांकी रोड का टेण्डर हुए लगभग 9 महीने से ऊपर हो गया है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के किसी भी पंचायत में न तो पूर्व विधायक का और न ही वर्तमान विधायक का विकास नजर नहीं आ रहा है और न ही कही शिलापट देखने को नही मिल रहा है। पूर्व विधायक भी अपना विधायक कार्यकाल मे कितना बिकास किये हैं वो जनता जानती हैं। वर्तमान विधायक का भी कार्यकाल खत्म होने वाला है । फिर भी कहीं विकास दिख नही रहा है । पूर्व और वर्तमान विधायक केवल जनता को दिग्भ्रमित करके अपनी उपलब्धि गिनाने में लगे हुए हैं। युवा नेता ने कहा कि पांकी रोड का जल्द गुणवत्ता पूर्वक निर्माण हो, जिससे पांकी विधानसभा की आम जनता को लाभ मिले सके। शिलापट का खेल ना खेले पूर्व और वर्तमान विधायक । जनता आने वाले चुनाव में दोनों को नकारने वाली है। जिससे ये घबरा कर इस तरह झूठी तारीफ हासिल करने में लगे है।



### संस्कार भारती के रमेश सिंह अध्यक्ष व राम किशोर बने मंत्री

**मेदिनीनगर।** शहर के राजाभाऊ स्मृति भवन में संस्कार भारती पलामू जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में नथुनी पांडे और प्रांतीय मंत्री नीरज श्रीधर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारी के रूप में पलामू जिला प्रचार प्रमुख नवीन कुमार सहाय की उपस्थिति में सर्वसम्मति से यह पुनर्गठन संपन्न हुआ। नथुनी पांडे ने सारे दायित्वों की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार , कोष प्रमुख अमिताभ मिश्रा, मंत्री राम किशोर पांडे , सह मंत्री आशुतोष कुमार पांडे, उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा, राजेश बिहारी गोयल, पवन कुमार शर्मा बनाये गए। संरक्षक के रूप हरिवंश प्रभात व मिर्जा खलील बैग ज साहित्य प्रमुख अनुज कुमार पाठक नाट्य प्रमुख के कामरूप सिन्हा, व संगीत प्रमुख उमाशंकर मिश्र बनाये गये। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सौरव दुबे, दीक्षा कुमारी, विवेक मिश्रा एवं श्याम किशोर पांडे की नामों की घोषणा की गई। जिला प्रचार प्रमुख नबीन सहाय ने कहा कि नये पदाधिकारियों में प्रवीण व नवीन का सामंजस्य बैठाया गया । आने वाले समय मे ये संस्कार भारती के तहत कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन राम-श्याम बंधु व सौरभ दुबे के भजनों से हुई।

### पलामू पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने तीन वर्ष से फरार चल रहे अंतरराज्यीय शराब तस्कर गोपी चौधरी को गिरफ्तार किया है। गोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन से गिरफ्तार किया गया है। गोपी चौधरी के खिलाफ तीन वर्ष पहले शहर थाना में शराब तस्करी का मामला दर्ज था। उसके बाद से गोपी लगातार फरार चल रहा था । जानकारी के अनुसार तीन वर्ष पहले वर्ष 2019 में शहर थाना क्षेत्र के बीसफुटा के पास अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई हुई थी । गोपी चौधरी शराब से भरी गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया था। उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। उसके बाद से वह लगातार गायब रह रहा था। शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार के डेहरी ऑन सोन जाकर कार्रवाई की और गोपी को उसके घर से धर दबोचा। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत ट्राई साइकिल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के द्वारा चलाये जा रहे हैं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को भाजपा के द्वारा जिला कार्यालय पलामू में दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण एवं ट्राई साइकिल का वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पलामू सांसद वीडी राम उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि पीएम के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है । जिसके तहत आज दिव्यांग जनों को कृत्रिम उपकरण एवं ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार मैं यह कार्य कर रहा हूं और अब तक लगभग 3000 दिव्यांग जनों को ट्राईसाईकिल एवं कृत्रिम उपकरण का वितरण किया हूं। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जो दिव्यांग लोग अपना पंजीकरण प्रखंड एवं जिला में करा चुके थे । उसी सूची के अनुसार आज कृत्रिम उपकरण वितरित किया गया। दिव्यांग लोग का जीवन बहुत कठिन होता है । विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि दिव्यांग जनों की सेवा करना बहुत ही पुनीत कार्य है। पार्टी ने हम सबों को इस पुनीत कार्य के लिए मौका दिया है। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि पार्टी दीन दुखियों की सहायता के लिए वचनबद्ध है। पलामू जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक ने सांसद को इस तरह का सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम प्रभारी विभाकर नारायण पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा इस सेवा पखवाड़ा में जा जो सेवा कार्य सुनिश्चित किया गया है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तन मन धन से लगकर कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं । उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया। मौके पर विधायक पुष्पा देवी, श्याम नारायण दुबे अमलेश्वर दुबे, प्रफुल्ल सिंह, बिपिन बिहारी सिंह ,परशुराम ओझा, नरेंद्र कुमार पांडे, विनोद सिंह, उदय शुक्ला अविनाश वर्मा ,दुर्गा जौहरी, अजय तिवारी ,अमित तिवारी, विजय ओझा, श्याम बाबू, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, जय दुबे ,बुलबुल दुबे, संजय कुमार, प्रमोद दास ,रामलाल चौरसिया ,भीष्म चौरसिया, प्रमोद सिंह ,अरुण सिंह अरविंद गुप्ता ,सुरेंद्र विश्वकर्मा ,रूपा सिंह ,लवली गुप्ता सीटू गुप्ता, रीना किशोर, सुचित्रा अग्रवाल ,मंजू लता, ईश्वरी पांडे, संजय गुप्ता, प्रेम सिंह ,आनंद सिंह सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## निगम ने किया रेड़मा तालाब की साफ-सफाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा भारतीय स्वच्छता लीग के तहत सोमवार को स्थानीय रेड़मा तालाब की साफ-सफाई की गई । निगम के ओर से स्वच्छता लीग के माध्यम से जन-जन को यह बताया जा रहा है कि शहर के साथ तालाबों तथा तदियों को भी स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना है। वर्तमान में कूड़ा के कारण तालाब एवं नदियां दूषित हो रही है। आज के इस कार्यक्रम में एनआईसी के विद्यार्थी नेहरू कला केन्द्र के सदस्य, के अलावा नगर प्रबंधक समिता भगत ,नगर प्रबंधक दिलीप कुमार ,नगर प्रबंधक नेन्द्र कुमार, नगर ब्रीमिशन प्रबंधक सतीश कुमार,निगम के अम्बेसडर अविनाश देव उपस्थित थे। गौरतलब है कि 17 सितंबर से अवसान एवं शहरी कार्य मंत्रालय और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार मेदिनीनगर नगर निगम , 44 झारखंड बटालियन एनसीसी, सीआरपीएफ. 134 बटालियन , चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रेडक्रॉस सोसाइटी, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ अमृत महोत्सव के बैनर तले भारतीय स्वच्छता लीग और पुनीत सागर अभियान का एक साझा कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें स्थानीय टाऊन हॉल इलाके के नजदीक कोयल नदी के किनारे की साफ सफाई हुई। भारतीय स्वच्छता लीग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर वासियों में सफाई के प्रति चेतना को जागृत करना और अपने आस पास को स्वच्छ रखना है।

## पलामू प्रमंडल के पांच रचनाकार हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय कवि संगम की झारखंड प्रांत इकाई ने रामगढ़ के होटल शिवम इन में प्रांतीय कवि- सम्मेलन सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखंडी, संगठन मंत्री राकेश नाजुक, विजय मेवाड़, रनंजय बाबू, कमल बगड़िया जैसे साहित्य संरक्षको की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल बाबू ने पलामू प्रमंडल के पांच रचनाकार क्रमशः एमजे. अजहर, गुरमीत सिंह मीत, मनीष मिश्रा नंदन, इंद्रदेव कुमार, घनश्याम कुमार को शब्द शिल्पी सम्मान स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विदित हो कि राष्ट्रीय कवि संगम के इस कवि- सम्मेलन सह सम्मान कार्यक्रम में झारखंड के अधिकांश जिलों के कवि- साहित्यकारों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत जामताड़ा, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची, लातेहार, दुमका, गुमला, धनबाद आदि ज़िलों के लगभग 100 साहित्यकारों ने काव्य- पाठ किया। पलामू के इन पांच रचनाकारों के सम्मानित होने से ज़िला के साहित्य जगत में खुशी की लहर है। उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। बधाई देने वालों में डॉ. तस्लीम आरिफ, अमीन रहबर, नौशाद अहमद खां, मोहम्मद यासीन, अशफाक अहमद,अनिल पंजाबी, रामअवतार साहु, किरण राज, संजय गुप्ता, बलवीर सिंह, मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, आदि शामिल थें।

## हाई स्कूल के अभ्यर्थियों ने प्रोजेक्ट भवन में दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हाई स्कूल के अभ्यर्थियों ने अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार को प्रोजेक्ट भवन के सामने धरना दिया। पलामू सहित सभी जिलों से अभ्यर्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सरकार से जल्द नियुक्ति की मांग किया। अभ्यर्थियों ने बताया कि हाई स्कूल की नियुक्ति प्रक्रिया बिगत पांच साल से चल रही है। नियोजन नीति के कारण मामला कोर्ट में लंबित होने से मेधा सूची जारी नही किया गया था । लेकिन 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की ओर से भी जल्द नियुक्ति की बात कही गई। जिसमें मुख्यमंत्री ने स्वयं सभी अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति का आश्वासन दिया। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आये डेढ़ महीने का वक्त हो गया है । लेकिन अभी तक मेधा सूची जारी नही किया गया है। धरना में शामिल होने के लिये महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। बारिश में भी अभ्यर्थियों ने अपना धरना जारी रखा और लगातार अपनी नियुक्ति को लेकर मांग करते रहे। गौरतलब है कि हाई स्कूल में लगभग 18 हजार की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई थी । लेकिन अभी तक केवल आठ हजार ही नियुक्ति हो पाई है। जबकि अभी भी दस हजार नियुक्ति होनी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार अब पूरे जिले को मिलाकर एक स्टेट कॉमन मेरिट लिस्ट निकालने की बात कही गई है।

## फर्जी बंध्याकरण के नाम पर करोड़ों रुपये घोटाले की सीबीआई जांच हो: शत्रुघ्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर हेमन्त सरकार से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा कोविड-19 के दरम्यान कर्मचारियों के नाम पर मोबाइल रिचार्ज व खाना-पानी एवं कई फर्ज. अस्पतालों के नाम पर फर्जी बंध्याकरण दर्शाकर करोड़ों रुपए घोटाले की सीबीआई जांच की अनुशांसा कर सभी दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि उपरोक्त मामले में वैसे तो पुरे जिले में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं। लेकिन विश्रामपुर सीएचसी इसका केन्द्र बिन्दु रहा है। जिसकी जांच सीबीआई से करवाकर सभी दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने हेतु आन्दोलन तेज किया जायेगा। बयान में उन्होंने कहा है कि कई मसलों पर भले ही हेमन्त सोरेन सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। लेकिन स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से लेकर इस महकमें के बड़े से लेकर छोटे पदाधिकारियों ने बेखौफ होकर बड़े पैमाने पर जो भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। उसकी निष्पक्ष जांच करवाकर इनके कुत्सित चेहरे से नकाब खिंचना जरुरी है। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि इस विभाग में ट्रांसफर-पोस्टींग उद्योग के फलने-फूलने से लेकर तमाम तरह के घोटाले के चर्चा में आने से गठबंधन सरकार के दावे फेल हो रहे हैं। निश्चित रूप से जिले के अधिकारियों से जांच के बदले देश के सर्वोच्च जांच एजेंसियों से जांचकर सभी दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत व कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## घटिया पार्क निर्माण से लोग आक्रोशित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटीका के गांधी मैदान में हाल ही के दिनों में नगर निगम के द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिए पार्क का निर्माण किया गया है। जहां निगम के द्वारा बच्चों के खेलने के लिए मनोरंजन के सामान भी लगाए गए हैं । इसके साथ ही कुछ सीमेंटेड कुर्सी भी लगाए गए हैं। अभी पाक के बने कुछ ही दिन हो रहे हैं कि यहां के कुर्सियों में दरार पड़ गये। जो लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसी तरह शहर के अन्य जगहों पर भी पार्क का निर्माण किया गया है। वहां भी पार्क की यही स्थिति बनी हुई है। ठेकेदार की लापरवाही और पैसे बचाने की लालच में शहर के सभी पार्कों में घटिया सामान लगाया गया है। इसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

## वाईजेके फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिकुलपति से मुलाकात की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति से मिलकर समस्या से अवगत कराया और पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। बताते चलें कि सत्र 18-21 बैकलॉग की छात्रों द्वारा परीक्षा के लिए ज्ञापन दिया गया था। परंतु अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा इससे संबंधित कोई भी अधिकसूचना नहीं जारी की गई है। इसके बाद विद्यार्थियों ने वाईजेकेएसएफ के जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह से संपर्क कर इस समस्या से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय लगातार परीक्षा परिणामों में त्रुटियां कर रहा है। जिससे विद्यार्थियों को काफी समस्या हो रही है। इसमें सुधार नहीं किया जा रहा है।

## हाइवा व कार की टक्कर में बाल - बाल बचे कार सवार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेतला- कुटमू मोड़ के बीच स्थित आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय के नजदीक हाइवा और कार की टक्कर में कार में सवार पांच लोग बाल-बाल बच गये। बताया जा रहा है कि हाइवा (नम्बर जेच14ई.462.) कुटमू से बेतला जा रहा था। जबकि स्विफ्ट कार जिसका (नम्बर जे एच 01 एम 3641.) जो महुआडांड से मेदिनीनगर की ओर आ रहा था। इसी बीच हाइवा से कार की टक्कर हो गई । इस घटना में कार सवार कामख्या सिंह व उनकी पत्नी सुशीला देवी रामसुंदन नायक, ड्राईवर गंगा सिंह बाल-बाल बच गये। ग्रामीणो के सहयोग से सभी को कार से बाहर निकाला गया। कार में सवार कामख्या सिंह ने बताया की हमलोग कार से मेदिनीनगर हॉस्पीटल जा रहे थे। इसी बीच हाइवा तेज गति से आ रहा था और उसने सामने से टक्कर मार दी। कार ड्राईवर ने सुझबुझ से कार को साइड मे कर दिया। जिसमें कार का पुरी तरह से हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया है । हम सभी को हल्की चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाइवा गिटी लेकर लगातार इस रोड मे तेजगति से गुजरते हैं। इस कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गौरतलब है कि आये दिन निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है जिसमें सड़कों पर वाहनों का चलन भी बढ़ गया है। वहीं सड़कों पर ही छरी, बालू ,गट्टी के गिरे रहने से वाहन चालक भी अपना संतुलन खो देते है। जिससे वाहनों का दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। वहीं सड़कों पर सिग्नल नहीं होने के कारण वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन भी ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर सर्तक नहीं है। जिससे आये दिन ऐसी खबरे आ रही है।

# आंकलन परीक्षा के लिए आवेदन 22 से शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य में सहायक अध्यापकों के लिए पहली आंकलन परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इस परीक्षा के संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसमें शामिल होने के लिए अध्यापक 22 सितंबर से ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि सात अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस परीक्षा से पता चल सकेगा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे पारा शिक्षक कितने दक्ष हैं। उनमें बच्चों को पढ़ाने की समझ किस स्तर का है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने परीक्षा की तिथि की घोषणा नहीं की है । लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह परीक्षा दिसंबर माह में हो सकती है।

**परीक्षा पास करने पर दस फीसद मानदेय बढ़ जायेगा :** सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी पारा शिक्षक गांवों में आम सभा के माध्यम से चयनित किए गए थे। इनकी कोई परीक्षा नहीं हुई थी। एक तरह से पारा शिक्षक पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होंगे। हालांकि कई पारा शिक्षक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हो चुके हैं। आंकलन परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल होंगे जो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) उत्तीर्ण नहीं हैं। यह परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद पारा शिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी। बता दें कि टेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों के मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। गैर टेट उत्तीर्ण पारा शिक्षकों के मानेदय में 40 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई थी।

**मैट्रिक, इंटर के सवाल पूछे जायेंगे परीक्षा में :** मैट्रिक एवं इंटर स्तर के प्रश्न आंकलन परीक्षा में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक कक्षाओं के सहायक अध्यापकों के लिए क्रमशः मैट्रिक तथा इंटरमीडिएट स्तर के वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे। इनमें 70 प्रतिशत प्रश्न सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम, 20 प्रतिशत प्रश्न शिक्षण कौशल तथा 10 प्रतिशत प्रश्न तार्किक एवं मानसिक योग्यता से संबंधित होंगे।

**चार हजार अप्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा से होंगे वंचित:** आंकलन परीक्षा में अप्रशिक्षित पारा शिक्षक शामिल नहीं होंगे। अप्रशिक्षित पारा शिक्षकों का मामला झारखंड हाईकोर्ट में चल रहा है। इसमें आदेश आने के बाद ही इन्हें परीक्षा में शामिल करने का निर्णय लिया जायेगा। ऐसे लगभग चार हजार पारा शिक्षक कार्यरत हैं। आंकलन परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन वर्ष की सेवा भी अनिवार्य है। हालांकि राज्य में सभी पारा शिक्षक इससे अधिक समय तक सेवा दे चुके हैं।

## ओबीसी आरक्षण बढ़ोत्तरी को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू जिला अध्यक्ष बिक्की कुमार चन्द्रवंशी ने झारखण्ड के हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि हेमन्त सोरेन की सरकार ने कैबिनेट में ओबीसी के हित में ओबीसी आरक्षण को 14 परसेंट से बढ़ाकर 27 परसेंट करने का जो निर्णय लिया है यह स्वागत योग्य कदम है। इससे पूरे ओबीसी समाज में हर्ष और आशा की नई किरण प्रज्वलित हुई है । पूरा ओबीसी समाज इस कार्य के लिए आपकी सरकार का दिल से आभार व्यक्त करते है। मेदिनीनगर नगर निगम में ओबीसी की जनसंख्या लगभग 78% है। परंतु राजनीतिक भागीदारी ओबीसी समाज को मिलनी चाहिए। वह किसी भी सरकार से नहीं मिल पाई है। परंतु पहली बार युवा तुर्क, समग्र विकास की संकल्पना मन में संजोये है। मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर की सीट को भी अगर ओबीसी आरक्षित कर देते हैं तो ओबीसी की हक और अधिकार की रक्षा हो सकेगी। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष होने के नाते मैं आपसे पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस दिशा में सार्थक प्रयास करें । आप की सरकार से ओबीसी समाज को बहुत आशा और उम्मीद है।

## न्यूज गैलरी

### भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, आठ घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के बघोता गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में आठ लोग घायल हो गये। इसमें मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी शकूर अंसारी, अल मुद्दीन अंसारी, बसीर अंसारी, अफजाल अंसारी, अब्बास अंसारी एवं दूसरे पक्ष के अमीर हसन मुर्शीद अंसारी हसमत अंसारी के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में एक पक्ष के शकूर अंसारी ने बताया कि बघोता गांव में उसका घर जमीन है। सोमवार को अपना खेत में हल चला रहा था। इसी दौरान अमीर हसन अंसारी, मुर्शीद अंसारी, मकसूद अंसारी, सिराज अंसारी, अमउल्लाह अंसारी, खुर्शीद अंसारी, हसमत अंसारी, सद्दाम अंसारी, शेर अली अंसारी आदि ने उसके भूमि को अपना भूमि बता कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के अमीर हसन ने बताया कि उस भूमि पर 2012 से आपस में विवाद चल रहा है। उस भूमि को लेकर 4 बार पंचायत भी गांव में किया गया था, लेकिन प्रथम पक्ष के लोगों द्वारा पंचायत की बात नहीं मान रहे हैं। इसी बात को लेकर सोमवार को दोनों पक्षों में विवाद होने से मारपीट तक की नौबत आ पहुंची।

### ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं को चयन करने की मांग

गढ़वा। जिला के समाज सेविका महिला सह भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर मनरेगा अंतर्गत पंचायत स्तर पर ग्रामसभा आयोजन कार योजनाओं की चयन करा कर स्वीकृति एवं कार्यान्वयन कराने की मांग की है। जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी के द्वारा लिखित आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उपायुक्त गढ़वा कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण महात्मा गांधी मनरेगा, कोषांग के पत्रांक 598 मनरेगा, दिनांक 25/08/022 को जिला में औसत से कम वर्षा होने के कारण खेती कार्य प्रभावित हुआ है। पलायन को रोकने के लिए खेती के अलावा रोजगार सृजन की आवश्यकता है। जिसके आलोक में निर्देश प्राप्त है कि श्रमिकों को पलायन रोकने एवं समय काम उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव टोले में कार्य की मांग डिमांड के आधार पर श्रमिक आधारित कम से कम दो दो योजनाओं Tcb, Fb, भूमि समतलीकरण, मेड़बंदी स्टौगर्ड ट्रेंच का कार्य लगातार चलते रहने का निर्देश प्राप्त है। जनहित में उपयोगी योजना एवं लाभुको का चयन ग्रामसभा के माध्यम से किया जाता है। परंतु अभी तक नए वित्तीय वर्ष के लिए एवं उपायुक्त महोदय द्वारा प्राप्त उपर्युक्त योजनाओं को चालू कराने के लिए ग्रामसभा कर नहीं किया गया है। जो जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त आदेश का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिसका अनुपालन कराना जनहित में आवश्यक है। जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी द्वारा उपर्युक्त विषयों से अवगत कराते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी से यथाशीघ्र ग्राम पर सभा का तिथि निर्धारित कराते हुए ग्रामसभा के माध्यम से योजनाओं का चयन करा कर प्रखंड क्षेत्र के सभी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### नगरउंटारी विश्वकर्मा समाज के लोगों को संतोषजनक सम्मान नही मिलने पर जताया असंतोष

**श्री बंशीधर नगर।** विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विश्वकर्मा पूजा समारोह के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में नगर उंटारी विश्वकर्मा समाज के लोगो को संतोषजनक सम्मान नही मिलने पर नगर उंटारी विश्वकर्मा समाज ने असंतोष व्यक्त किया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भक्ति जागरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिये विश्वकर्मा परिवार को आमंत्रित तो किया गया था,लेकिन संतोषजनक सम्मान नही मिला। नगर उंटारी विश्वकर्मा समाज को ऐसा अहसास हुआ कि समारोह पूजा का कार्यक्रम नही बल्कि बीजेपी समर्थित कार्यक्रम था। विश्वकर्मा समाज उक्त कार्यक्रम से काफी असंतुष्ट है। इसे लेकर अनुमण्डल विश्वकर्मा समाज की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जायेगा। विज्ञप्ति पर हस्ताक्षर करने वालो में पूर्वजिलाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, रंजन विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, ललन विश्वकर्मा, कामेश्वर विश्वकर्मा के नाम शामिल है।

### चेरवाडीह में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, जांच कर मरीजों को दी गयी दवा



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली(दक्षिणी) के आदिवासी टोला चेरवाडीह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों के स्वस्थ जाँच करते हुए दवाओं का वितरण किया गया। मौके पर जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया,भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव,विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह,विधायक से निजी सचिव धनंजय साह एवं डॉ नीतीश भारती ने समेकित रूप से दवाओं का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिन को लेकर भारतीय जनता पार्टी देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन कर रही है। इसके तहत देशभर में रक्तदान शिविर के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। मौके पर MPW विद्यानंद प्रजापति, ANM सरोज कुमारी,अनिता देवी,टेक्नीशियन लालसाहेब कुमार, डॉ नीतीश भारती सहित अन्य मेडिकल टीमो के द्वारा लगभग 135 लोगो का स्वास्थ्य जांच कर दवाओं का वितरण किया गया। वही गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजो की पहचान कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में ही आने का विमर्श चिकित्सकों के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में अकबर अली, आशीष यादव, हरिपवन विश्वकर्मा, रामजन्म मिस्त्री, बचु बियार, विजय बियार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वज्रपात से महिला घायल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नगड़ी तेतर टोली गांव निवासी लछु उरांव के घर के आंगन में सोमवार देर शाम लगभग 7:00 बजे हुई वज्रपात की घटना से लछू उरांव की पत्नी लगभग 35 वर्षीय नीतू किस्पोट्टा गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर वज्रपात की हुई घटना के बाद आनन-फानन में परिवार वालों ने वज्रपात की चपेट में आकर घायल नीतू किस्पोट्टा को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर एल एन दास ने वज्रपात से घायल नीतू किस्पोट्टा का प्राथमिक उपचार करते हुए दवा देकर अस्पताल से ही घर के लिए छुट्टी दे दिया।

---

### पुलिस केंद्र में एसपी अंजनी कुमार झा ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन, कहा

# लंबित कांडों की समीक्षा कर अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा** । एसपी अंजनी कुमार झा ने पुलिस लाइन स्थित पुलिस केंद्र में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में भंडरिया थाना अन्तर्गत बूढ़ा पहाड़ पर प्रभावी नक्सल विरुद्ध अभियान चला कर नक्सलियों को खदेड़ने एवं वहां कैम्प स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गढ़वा पुलिस बल के कर्मियों के कार्यो की सराहना की गयी। बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिसमे आगामी दुर्गा पूजा पर्व सहित अन्य धार्मिक त्योहारों को ध्यान में रखते हुए थाना स्तर पर सभी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। विधि-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने एवं सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखे जाने की आवश्यकता पर बल दिया। वही अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए झारखंड मिनिरल नियमावली 2017 के अंतर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने कहा



कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी थाना क्षेत्र से अवैध खनन की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

#### भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर दिया बल

उन्होंने थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर बल दिया गया। साथ ही सभी नक्सल प्रभावित थाना के थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी आसूचना संकलन करते हुए लगातार अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया ताकि नक्सल गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएंगे एवं विशेष रूप से 03 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा । वही न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पी0जी0 पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया।

#### ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें : एसपी

एसपी ने सभी थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में नियमित अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उस दौरान विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने और ट्रिपल लोडिंग इत्यादि के विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बैठक में माह में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी/ पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री नीरज कुमार पांडेय आरक्षी गढ़वा जिला बल को cct»»fs project के प्रभावी क्रियान्यवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर »»fcrb भारत सरकार द्वारा प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया हैं। उक्त आरक्षी को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, सुदर्शन आस्तिक, थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, नीतीश कुमार, कमलेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

### आंगनबाड़ी केंद्र में स्लेट-पेंसिल का किया गया वितरण



**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सोमवार को जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों ने दो आंगनबाड़ी केंद्रों में 70 बच्चों के बीच स्लेट व पेंसिल का वितरण किया। जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार ने बच्चों से प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र आने को कहा। उन्होंने बच्चों को स्लेट पेंसिल देकर उनका उत्साह वर्द्धन किया। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप के सचिव अनूप निराला, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, गोपाल जायसवाल, राहुल जायसवाल, अश्विनी कुमार, सुजीत अग्रवाल,नंदकिशोर प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# चिरका में जेएमएम अध्यक्ष ने सूर्यवंशी फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत चिरका गांव में स्थित आईटीआई कॉलेज के पास क्योंजी दामर मैदान में सूर्यवंशी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव व 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह ने फीता काटकर व फुटबॉल पर किक मारकर किया।

लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि इस आधुनिक युग में आज खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को हौसला अफजाई भी की। मौके पर झामुमो 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह खरवार, रामसेवक यादव आरजू हसन, हरिओम यादव, रविंद्र सिंह, रहीम हाशमी, महावीर सिंह, राकेश लकड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

बताते चलें कि यह फुटबॉल टूर्नामेंट सुबे के विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है ।

---

### भूमि की नापी कराने गये अंचल निरीक्षक व अमिन को ग्रामीण ने बनाया बंधक

# मांगे पूरी नहीं होने तक विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे: ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** अंचल के टाटीदीरी गांव में सोमवार को भूमि की नापी कराने गये अंचल निरीक्षक विभूति सिंह एवं अमिन इकबाल अंसारी को वहां के ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी अरुण कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी के सामने खड़े होकर उनकी भी गाड़ी रोकी दी। दरअसल मामला यह है कि टाटीदीरी बस स्टैंड में मंदिर के सामने करीब 5 डिसमिल भूमि बहुत पहले मौखिक रूप से अनुदान में मिली थी। जिस भूमि मे एक सार्वजनिक कूप का निर्माण किया गयसा था। उक्त भूमि को गांव के शंभू साह अपनी भूमि बता कर उक्त भूमि पर भवन निर्माण करा दिया है।



जिसका विरोध ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में लिखित रूप से आवेदन देकर कहा है कि उक्त भूमि दान की है। जिसमें हम लोग बहुत पहले से दुर्गा पूजा करते आ रहे हैं। उसी भूमि में नाटक मंचन भी सदियों से हुआ करता है, परंतु शंभू साह के द्वारा मलिकाना हक दिखाकर उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। इसी आरोप के आलोक में सोमवार को अंचल निरीक्षक विभूति सिंह अमीन इकबाल अंसारी धुरकी थाना के दल बल के साथ भूमि माफी करने पहुंचे थे। भूमि माफी में तीन डिसमिल भूमि जिसका प्लॉट 1951, एवं 1952 का दस्तावेज शंभू गुप्ता के पास उपलब्ध होने की बात कही गयी, परंतु उक्त भूमि मे बने मकान के अंदर पुराने कुप भी अंदर में ही हो गया है। जिसे ग्रामीणों ने अंचल निरीक्षक एवं आमीन से कहा कि भूमि में बना मकान के दरवाजा तोड़कर कुप का रास्ता खाली नहीं कराया जायेगा, तब तक हम अपना विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे और सड़क को अवरुद्ध कर रखेंगे। करीब 12 बजे भूमि मापी कराने गये अंचल निरीक्षक अमीन को शाम 6:00 बजे तक बंधक बनाया गया था।

#### क्या कहते है अंचल निरीक्षक विभूति सिंह

इस संबंध में अंचल निरीक्षक विभूति सिंह से जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि हम लोगों ने टाटीदीरी गांव मे भूमि मापी करने को आए थे जिस भूमि को माफी करनी थी उस भूमि को माफी किया जिसमें तीन डिसमिल भूमि का दस्तावेज शंभू साह ने दिखाया जबकि ग्रामीणों के द्वारा दांन संवधित कोई लिखित रूप में साक्ष्य नहीं दिखाए गये। मौखिक रूप से ग्रामीणों ने मांग कर रहे हैं कि भूमि दान की है। जिसे हम लोगों ने मापी करने आये थे उसी को लेकर ग्रामीणों ने हम लोगों को रोक कर रखे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि मे बना मकान का दरवाजा तोड़कर सार्वजनिक कुप का रास्ता खाली कराया जाय।


---

### बाल पोषण माह के तहत मना प्रधानमंत्री पोषण दिवस

# समाज के लिए गंभीर समस्या हैं कुपोषण : यादव

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली(दक्षिणी) के पंचायत सचिवालय में बाल विकास परियोजना की ओर से बाल पोषण माह के तहत पोषण दिवस और प्रधानमंत्री पोषण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने कहा कि वर्तमान में कुपोषण हमारे समाज के लिए एक बड़ी गंभीर समस्या हैं। हम अगर जीवन मे थोड़ी मेहनत कर ले तो हम अपने घर के आगे पीछे खेतो में ताजी और हरी सब्जियों का उत्पादन कर अपने भोजन की जरूरत को पूरा कर सकते हैं। वही मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी योजना के तहत भी सब्जियों की खेती के लिए लाभ प्राप्त कर सकते है। रोजगार सेवक शशि कुमार ने दाल, दूध, दूध से बने पदार्थ, हरी सब्जियां व मौसमी फल का सेवन



करने व साथ ही आयरन की गोली के बारे में जानकारी दी। वही आंगनबाड़ी सेविका शिवकुमारी देवी,सुरती देवी,संगीत देवी,हाजरा बेगम,विमला देवी के द्वारा बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय पौष्टिक व्यंजन बनाने में प्रयुक्त सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। जिसमें आंगनवाडी वर्कर्स ने विभिन्न प्रकार के स्थानीय उत्पादों के पौष्टिक व्यंजन तैयार करने से संबंधित महिलाओं को इसकी जानकारी दी। वहीं विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में सुनील यादव, बद्रीनारायण यादव, बैजनाथ सिंह, शोभा साह, कामेश्वर सिंह, अनिल साह, उदय सिंह, अंजन सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भवनाथपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गढ़वा जिला के महिला समाज सेविका सह भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने पौधारोपण किया। इस दौरान उनहोंने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रभारी पूनम कुमारी, सी.आर.पी. प्रभात कुमार मिश्रा, गार्ड कृपाल कुमार यादव विद्यालय की छात्रा अंशु शर्मा, मंजू शर्मा, प्रिया कुमारी, मनीषा कुजुर, रानी विश्वकर्मा, प्रियंका कुमारी, अंजली प्रसाद, काजल कुमारी, रीता कुमारी, सरस्वती कुमारी, नीलमणि कंडोला, निभा कुमारी, सुषमा कुमारी, चांदनी कुमारी, शोभा कुमारी, विकी कुमारी, सुनिता कुमारी,नेहा कुमारी, सुमित्रा कुमारी, इत्यादि छात्रा एवं कर्मी संयुक्त रुप से वृक्षारोपण कार्य को संपन्न किया।

---

### प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी बिना भारत न शोभे भइया.. की प्रस्तुति पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच द्वारा हिंदी पखवारा कार्यक्रम के तहत रविवार को विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शामिल विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच आजादी के आंदोलन में हिंदी साहित्यकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से उनका मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता के अंत में महादेवी समूह (एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय) को प्रथम, निराला समूह (सीपी मेमोरियल स्कूल) को द्वितीय व गुप्त समूह (मॉडल इंफैंट स्कूल) को तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावे इसमें शामिल आरकेवीएस, बीएनटी संत मेरी स्कूल और रामासाहू प्लट टू उच्च विद्यालय को सात्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में मूल्यांकन हेतु तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। जिसमें कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी एवं संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया शामिल थे। पूरे प्रतियोगिता का संचालन सचिव सतीश कुमार मिश्र ने किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र एवं पातंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया।

वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि वे सतत रूप से हिंदी में ही लेखन से जुड़े हुये हैं। बावजूद यहां आने से उन्हें ज्ञानवर्द्धन हुआ।

कार्यक्रम में रासबिहारी तिवारी समाजसेवी पंतजलि केसरी हिंदी संबंधी विषयों पर अपने-अपने विचार रखें।

कार्यक्रम में समाजसेवी रामाशंकर चौबे ने इस अवसर पर बिना मातृभाषा के देशवा न शोभे, हिंदी बिना भारत ना शोभे भइया...सस्वर प्रस्तुति कर सबको प्रभावित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष विनोद पाठक ने की।

#### सृजन साहित्यिक मंच का यह कार्यक्रम अनूठा

मौके पर मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने कहा कि सृजन साहित्यिक मंच का यह कार्यक्रम अनूठा है। हिंदी दिवस के अवसर पर संस्था ने हिंदी पखवारा के माध्यम से हिंदी के विषय में वातावरण बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की प्रमुख भाषा है। इसे उचित सम्मान मिलना चाहिये। इसके लिये वे अपने स्तर से सृजन जैसी संस्था को हर सहयोग प्रदान करेंगे।

---

### जीएन कॉन्वेंट स्कूल में ग्यारहवीं के लिए फ्रेशर डे समारोह में बोले निदेशक

# ज्ञान आधारित शिक्षा प्रदान कराता है जीएन कॉन्वेंट स्कूल




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में क्लास 11 के नए बैच का फ्रेशर डे 22 का शुभारंभ किया गया जिसमें उपस्थित छात्र छात्राओं ने काफी उत्साह प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन केशरी ने फीता काटकर किया। प्रारंभिक कक्षा में उदगार व्यक्त करते हुए शिक्षक उज्ज्वल शुक्ला ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रतियोगिता के महत्व को काफी विस्तार से समझाय। शिक्षक शिवम कुमार, उदय प्रकाश, सन्तोष प्रसाद, नीरा शर्मा, राज चौधरी, अजय बाल्मीकि आदि ने भी मेहनत, लगन एवम शिक्षकों के मार्गदर्शन पर विशेष जोर दिया।

**शिक्षा के क्षेत्र में प्रतियोगिता के महत्व पर विस्तारपूर्वक दी जानकारी**

#### प्रतिभाशाली शिक्षकों की सशक्त टीम यहां उपलब्ध

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि यह पल आपके और हमारे लिए सम्मान का पल है क्योंकि आज से हम नई सफर की शुरूआत करते हैं। स्कूल प्रबंधन सभी नवांगतुक विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिल से स्वागत और अभिनन्दन करता है। आप सभी जिला के एक प्रतिष्ठित +2 स्कूल में फ्रेशर डे पर उपस्थित हुए हैं। यह स्कूल सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है और हम विद्यालय परिवार अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक व्यवस्था के लिए जाना जाता है। विद्यालय प्रबंधन सदैव तत्पर एवं कृत संकल्प है। +2 स्तर के लिए आवश्यक सारे इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ मेहनती, कार्यकुशलता से परिपूर्ण और प्रतिभाशाली शिक्षकों की सशक्त टीम यहां उपलब्ध हैं। जिनके निर्देशन में सैद्धान्तिक और व्यावहारिक दोनों के साथ-साथ संस्कार पर जोर दिया जाता है। सभी संकायों के लिए प्रैक्टिकल कक्षाएं संचालित होगीं। सभी छात्र छात्राओं को एक सफल और अच्छा इंसान बनाने पर जोर दिया जाएगा।अंक आधारित शिक्षा नहीं बल्कि ज्ञान आधारित शिक्षा प्रदान कराना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। आज से आपलोगों के भविष्य सफर की असली यात्रा की शुरूआत यहीं से शुरू होती है आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। सभी छात्र छात्राओं और नए शिक्षकों के बीच परिचय सत्र कार्यक्रम रखा गया।

## न्यूज गैलरी

### जुरिया कोयल नदी घाट पर छापामारी तीन ट्रैक्टर फरार, एक जब्त



**लोहरदगा।** नदी घाट से बालू का दोहन पर पूर्णतया रोक लगाने के बावजूद बालू माफिया सरकारी आदेश के विरुद्ध बालू का दोहन करने में लगे हैं। सदर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव स्थित कोयल नदी घाट से बालू के अवैध निकासी की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर कार्रवाई करते हुए सदर थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को औचक छापामारी किया। कोयल नदी घाट में चार ट्रैक्टर बालू निकासी कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही बालू निकासी में लगे ट्रैक्टर चालक और मजदूरों में हड़कंप मच गई। मौके पर पुलिस टीम को चकमा देते हुए तीन ट्रैक्टर फरार होने में सफल हो गए। जबकि एक ट्रैक्टर पानी और बालू में फस कर रह गया। पुलिस टीम उसे जप्त करने की कार्रवाई कर रही है। छापामारी करने गई सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी राजकुमार महतो, निर्मल सिंह व सशस्त्र बलों ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और बालू माफियाओं को दूर तक खदेड़ा। कोयल नदी बालू घाट में पुलिस की दबिश बढ़ा दी गई है।

### पशु चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों को मिली कई जानकारियां

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत भड़गांव पंचायत भवन में विशेष शिविर के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन पशुपालन विभाग के निर्देश पर आयोजित हुआ। शिवीर के दौरान डॉक्टर रोहित कुमार द्वारा बीमार पशुओं का इलाज एवं पशुपालकों के बीच नि:शुल्क कृमि नाशक दवा के अलावे पशुओं के लिए जरूरी अन्य दवाओं का वितरण किया गया। उपस्थित सभी पशुपालकों को बरसात के दिनों में पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उससे बचाव का उपाय की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। विशेष शिविर के माध्यम से पंचायत वार शिविर का आयोजन किया जाना है। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि विशेष शिविर के तहत बदला पंचायत और डांडू पंचायत ग्राम में इससे पूर्व शिविर का आयोजन कर मवेशियों को एफएमडी टिका एवं आवश्यक दावा का वितरण किया जा चुका है। भड़गांव पंचायत भवन में आयोजित शिविर के दौरान 30 पशुओं को एफएमडी टीका लगाया गया, नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर के दौरान पशुधन सहायक शशि कुमार महतो, पशुधन सहायक बाबू साहेब सिंह के अलावे पशुपालक मौजूद थे।

### कोलेबिरा में कैम्प के माध्यम से 71 लोगों को बनाया गया लर्निंग लाइसेंस

**कोलेबिरा।** परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कैंप का आयोजन कर लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कैंप का आयोजन करते हुए चालकों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के प्रधान लिपिक रामनिवास मिश्रा ने बताया कि कैंप के माध्यम से कुल 71 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसी को मद्देनजर रखते हुए यह कैंप प्रखंडों में आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से इस कैंप में शामिल होकर जल्द से जल्द अपना अपना लर्निंग लाइसेंस बनवा कर एक महीने के पश्चात परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का आग्रह किया है। इस मौके पर परिवहन विभाग के कार्तिक कुमार,बरनाबस सुरीन एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### कोचेडेगा में मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में सोमवार को तीन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा जहां पर तीनों की इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनाबीरा लोंगेपानी निवासी कमल बड़ाईक मोटरसाइकिल में अपने साथ पद्मिनी देवी एवं सोनू कुमार नामक किशोर के साथ सिमडेगा बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठा और कोचेडेगा के समीप गिर पड़ा। गिरने के बाद कमल के माथे में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया, जबकि सोनू के हाथ में गहरी चोट लगे इसके अलावा पद्मिनी देवी के कंधे में चोट लगी तीनों ही घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर डॉक्टरों की निगरानी में इलाज चल रही है। कोई दुर्घटना की सूचना परिवार वालों को दे दी गई।

### लकड़ी काटने के दौरान कटर मशीन से कटा पैर



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के भूंडूटोली में सोमवार को लकड़ी काटने के दौरान कटर मशीन से पैर कट गया जिसके बाद गंभीर चोट लगी। तत्काल परिवार वाले उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूंडटोली निवासी जकरियस डुंगडुंग हल्के नशे में था और उसी हालत में कटर मशीन से लकड़ी काट रहा था इसी दौरान अचानक धोखे से अपना पैर काट बैठा ।बताया गया कि पैर की हड्डी के हिस्से में गहरे जख्म लगे इधर सदर अस्पताल में उसकी इलाज चल रही है।

### वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने निजी खर्च से स्ट्रीट लाइटें लगवाई

**लोहरदगा।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 की पार्षद अविनाश कौर ने अपने वार्ड में स्ट्रीट लाइट की दयनीय स्थिति को देखते हुए अपने निजी खर्च से सोमवार को आधा दर्जन स्ट्रीट लाइटें लगवाई. पार्षद ने कहा की चूँकि नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइट समय पर नहीं मिलने के कारण आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही थी और दुर्गा पूजा व अन्य त्यौहारो को देखते हुए आज अपने निजी खर्च से आधा दर्जन लाइटें लगवाई हैं, आने वाले समय में जरूरत होगी तो और भी लाइटें स्वयं के खर्च से लगाई जाएंगी।

# किस्को पुलिस ने शराब का जखीरा किया बरामद, कारोबारी गया जेल

- किस्को थाना क्षेत्र के बरवाटोली चौक पर गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब का जखीरा व एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इधर किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार के नेतृत्व में चलाये गये छापेमारी अभियान में किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह बरवाटोली चौक के समीप अपने मोटरसाइकिल से शराब ले जा रहा एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उक्त शराब कारोबारी युवक के पास से भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि शराब कारोबारी जोबांग थाना क्षेत्र के मक्का निवासी सन्तोष कुमार साहू



पिता श्याम किशोर साहू को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

इधर पुलिस गिरफ्त में आया शराब कारोबारी को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद किस्को पुलिस ने लोहरदगा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

मामले को ले थाना प्रभारी सनी कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के द्वारा घर में अवैध शराब का कारोबार का धंधा चलाया जा रहा था। किस्को पुलिस के द्वारा देशी और विदेशी किस्म की कुल 66 बोतल शराब जब्त किया गया है। जिसमें कंगारू 650 एमएल, गॉडफादर 650 किस्म का शराब शामिल है।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी सनी कुमार ने बताया कि किस्को थाना कांड संख्या 29/21 एंव आईपीसी की धारा 272, 273भादवी 47(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले का उद्भेदन में थाना प्रभारी सनी कुमार के अलावा एसआई एसपी सिंह, एएसआई अविनाश कुमार सिंह, मोलेन मुरमू, राज किशोरी कुजूर एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### हर्षोउल्लास के साथ सपन्न हुआ जितिया जतरा

## जतरा का आयोजन हमें एक सूत्र में बांध कर रखती है : बजरंग उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को जितिया जतरा का आयोजन धूमधाम से किया गया। मौके पर कैरो, नवाटोली, उतका, खंडा, नरौली आदि गांव के आदिवासी खोड़हा समिल होकर अपनी कला संस्कृति का प्रदर्शन किया। जतरा में लोगों ने खेल खिलौने, मिठायां, श्रृंगार के समान की खरीदारी किये वहीं जतरा में बच्चों ने झूला का जमकर आनंद लिया। मौके पर जतरा समिति के अध्यक्ष बजरंग उरांव ने कहा कि झारखंड की पहचान में जतरा मेला का एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह हमारी संस्कृति, सभ्यता व एकता को प्रदर्शित करता है। जतरा का आयोजन कर सिर्फ हड़िया दारू पीना नही है जतरा का आयोजन हमें एक सूत्र में बांध कर रखती है। समाज को इससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। लोगों में मेलमिलाप बढ़ता है। आपस के संबंध प्रगाढ़ होते हैं।



आपसी भाईचारगी बढ़ती है। जतरा में किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस बल तैनात दिखे वही विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रखंड व अंचल कार्यालय द्वारा भी कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। जतरा को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष बजरंग उरांव, सचिव प्रकाश उरांव, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, रवि प्रजापति, परमेश्वर भगत, बिनोद रविदास, सह सचिव बाबूलाल उरांव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, सह कोषाध्यक्ष एतवा उरांव, संदीप राम, सूचना मंत्री विकास उरांव, रंजीत प्रजापति, तिला उरांव आदि का अहम योगदान रहा।

### केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति व विभिन्न पूजा पंडालों के बीच हुई समन्वय बैठक

## सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को जिले में धूमधाम से मनाने को लेकर स्थानीय कलश पैलेस वीर शिवाजी पथ में समन्वय बैठक केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा(संतोष) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के भी अलग-अलग पूजा पंडालों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने आपस में परिचय के साथ किया। उन्होनें कहा कि विगत दो वर्षों के कोरोना काल के कारण जो भव्यता नहीं हो सकी उस व्यवधान से ऊबर कर इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य तरीके से और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बैठक में सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया विशेषकर विद्युत और अग्निशामक को दुरुस्त रखा जाए।



निगरानी हेतू सीसी टीवी की व्यवस्था रखी जाए।

लोहरदगा प्रशासन एवं नगरपालिका के सहयोग से शहर की बिजली व्यवस्था और सफाई को प्राथमिक रुप से सुधार की जाएगी। अध्यक्ष इन्द्रिजित लकड़ा ने बताया कि 26 सितंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झारखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ सभी माता रानी के भक्त गण सम्मिलित होंगे। विशेषकर मातृ शक्ति स्वरुपा महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अरविंद यादव, निखिल कुमार, श्यामसुंदर वर्मा, संदीप भगत, पंकज महतो, रोहित साहू, सत्यजीत सिंह, रिंकु वर्मा, सुनिल टोप्पो, गुड्डुस साहू, राजू यादव, सुनिल लकड़ा, प्रवीण ठाकुर, अजय ठाकुर, तनय साहू, कुणाल यादव, रवि वर्मा, जयप्रकाश शर्मा, निलेश गुप्ता, विजय उरांव, नितेश केशरी, दीपक साहू, विशाल वर्मा, जोधन नारायण साहू, प्रसनजीत घोष, कपिल देव मिश्रा, दीपक, अमित कुमार वर्मा, राणा प्रताप सिंह, मिथिलेश वर्मा, नितेश यादव, अजय कुमार महतो, अमर सिंह, राजू वर्मा, रंजन कुमार, अभिषेक सहदेव, सचिन आनंद, रितिक वर्मा, दिव्यांशु, बसंत पंकज, सूरज साहू, शुभम वर्मा, विक्की कुमार के साथ अन्य माता रानी के भक्त गण उपस्थित थे।

## कैरो में एसपी के निर्देश पर चलाया गया विशेष जांच अभियान

### सभी व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर जोर दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक, पेट्रोल पंप, पोस्ट आफिस, ज्वेलरी दुकान समेत सभी प्रतिष्ठिनों में लगे सुरक्षा उपकरणों की भी जांच किया गया। जहां सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है वहां जल्द लगवाने का सलाह दिया गया। ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना होने पर संदिग्ध, शरारती और आपराधिक घटना को अंजाम देने वालों की आसानी से जांच पड़ताल किया जा सके। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर हरिऔध करमाली ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई है।कई जगहों से दुकान चोरी, छिनैती और लूट की भी घटनाएं हो होते रहती है। हमारे थाना क्षेत्र भी इससे अछूता नही है घटनाएं कहीं भी हो सकती है। जिसे रोकने के लिए पुलिस महकमा अभी से ही तैयारियों में लगा है। इसके लिए बड़े व्यापारियों के साथ बैठक भी हुई है। जिसमें पुलिस विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों को बारे में बताया गया है। इसके अलावा सभी व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर जोर दिया गया है।

### तीन अलग-अलग मामले के पांच वारंटी गिरफ्तार

**कुडू - लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर कुडू थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए तीन अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अविनव कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाकर अलग-अलग स्थान पर छापेमारी करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमे जीआर 177/ 22 के वारंटी जिमा हरिजन टोली निवासी रोहित राम पिता छोटू राम, 53/ 20 के वारंटी चिरी बड़का टोली निवासी राजू कुमार लोहरा पिता स्व. धुवा लोहरा और जीआर 985/ 2015 एवं चंदवा थाना कांड संख्या 198/15 के वारंटी पंडरा गांव निवासी कुलसुम खातून पति सफरोज मियां, सरफुल मियां पिता स्व. सैमुद्दीन मियां और सलवा खातून पति पति स्व. सैमुद्दीन मियां को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुए थे।

### केंद्रीय मंत्री की पहल पर टाटा कम्पनी ने भर्ती कैंप में उमड़ी छात्राओं की भीड़

## अर्जुन मुंडा की सोच हर हाथ को मिले रोजगार : सुशील श्रीवास्तव



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के पहल पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार भर्ती कैंप का आयोजन सिमडेगा कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। जहां 1400 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया, जिन का टेस्ट लिया गया जो सफल होंगे उनकी नियुक्ति होगी। मौके पर केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि अर्जुन मुंडा की सोच है कि खूंटी सहित झारखंड के सभी जनजातीय सहित सभी वर्गों के छात्राओं को उनके हुनर के अनुसार रोजगार उपलब्ध हो इस दिशा में अर्जुन मुंडा की पहल पर टाटा कंपनी ने पहली बार सिमडेगा में भर्ती कैंप का आयोजन किया है। हम लोग प्रयास करेंगे कि आगे भी इस तरह का अवसर सिमडेगा को मिलता रहे जिससे ट्रैफिकिंग का दाग सिमडेगा जिला से खत्म हो सके।यहां की पढ़ी-लिखी छात्राएं शोषण की शिकार ना हो और एक इज्जत भरा जिंदगी जी सकें। वहीं पूर्व मंत्री श्रीमती विमला प्रधान ने कहां की आदिवासी बहुल सिमडेगा एक पिछड़ा इलाका है। इस तरह का अवसर प्रदान होना यहां की छात्राओं के लिए मील का पत्थर है इसका दूरगामी असर पड़ेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, अनुमंडल पदाधिकारी, महेंद्र कुमार, अर्जुन मुंडा के निजी सहायक कैलाश गोस्वामी, कल्याण विभाग के निदेशक सलन भुइयां, नियोजन पदाधिकारी आशा मकसीमा लकड़ा,भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, नगर परिषद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, श्रद्धानंद बेसरा सहित अन्य मौजूद थे।

## संतान की लम्बी उम्र के लिए माताओं ने भक्तिभाव से किया जीवित्पुत्रिका व्रत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सन्तान की लम्बी दीर्घायु के लिये श्रद्धा व भक्ति भाव से जीवित्पुत्रिका व्रत प्रखंड क्षेत्र में मनाया गया। शनिवार को नहाय खाय के साथ व्रत की शुरूआत की गई थी। वही रविवार को दिन भर निर्जला उपवास रह कर रात्रि में पीपल डाली का पूजन कर माताओं ने सन्तान का लम्बी उम्र के लिये कामना किया। पूजन के उपरान्त सोमवार को पारण करने के पश्चात जीवित्पुत्रिका व्रत सम्पन्न हुआ। पुराणों के मान्यता के अनुसार अष्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी को निर्जला उपवास रखकर सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा अपने पुत्र पुत्री का दीघार्यु के लिए जीतवाहन भगवान का पूजा अर्चना किया जाता है। प्रखंड मुख्यालय के अलावे डोका,चौकनी, डाँडू, अरु, कल्हेपाट, सेन्हा, भड़गांव, झखरा, बदला, सीठीयो, बरही, सेरेंगहातु, चितरी सहित विभिन्न जगहों पर रविवार की रात्रि में पीपल डाली का स्थापना कर महिलाओं को पण्डितो द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजन कराया गया। वही पूजन के पश्चात पण्डितो के द्वारा जीवित्पुत्रिका व्रत का विस्तार पूर्वक कहानी बताया गया। इस दौरान जितिया का पूजा कर महिलाओं द्वारा अपने पुत्र एवं पुत्री की लम्बी आयु के लिये जीतवाहन भगवान से मङ्गल कामना किया गया। हिन्दू समाज में माताओं द्वारा पुत्र व पुत्रियों का दीघार्यु के लिये और सन्तान प्राप्ति के लिये आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी को निर्जला उपवास रख कर जीवित्पुत्रिका व्रत किया जाता है।

### संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने किया जितिया व्रत



**लोहरदगा।** महिलाओं के कुछ सबसे कठिन व्रतों में जीवित्पुत्रिका व्रत भी शामिल है। छठ की तरह 3 दिन तक चलने वाला यह व्रत बच्चों की लंबी उम्र और संपन्नता के लिए रखा जाता है। जीवित्पुत्रिका व्रत को जितिया या जिउतिया व्रत भी कहा जाता है। सुहागिन स्त्रियां इस दिन निर्जला उपवास करती हैं। महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए यह व्रत रखती हैं। संतान की लंबी उम्र की प्रार्थना करने करते हुए सुहागिन महिलाओं ने जितिया का व्रत रखा। जिउतिया व्रत को जीवित्पुत्रिका व्रत के नाम से भी जाना जाता है। जिउतिया व्रत को मुख्य रूप से संतान की सुख और समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। जितिया व्रत के एक दिन पहले महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पूजा किया फिर इसके बाद भोजन किया। इसके बाद जितिया व्रत के पारण करने के बाद ही अन्न को ग्रहण किया। जितिया व्रत में व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। पारण वाले दिन पर सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही कुछ खाती हैं। जितिया व्रत वाले दिन पर झोर भात, भरुवा की रोटी और नोनी का साग खाया जाता है। यह पर्व आश्विन माह में कृष्ण-पक्ष के सातवें से नौवें चंद्र दिवस तक तीन दिनों तक मनाया जाता है।

### सिमडेगा बस मोटर्स वर्कर्स और ऑनर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

**सिमडेगा।** सोमवार को सिमडेगा बस मोटर वर्कर्स एवं ओनर्स एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई। आयोजित बैठक में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से संपन्न कराने हेतु सभी का धन्यवाद दिया गया। वहीं विश्वकर्मा पूजा में किए गए आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। जिसके बाद मोटर्स वर्कर्स एसोसिएशन के द्वारा मौजूद कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी ने सर्वसम्मति से एवं ओनर्स एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा नई कमिटी के चयन अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया। आयोजित इस बैठक में मोटर्स वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और सभी सदस्य एवं ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। मौके पर विजय कुमार सिन्हा, रमेश कुमार महतो, सुनील सिंह, नरेश शर्मा, शीतल कुमार ना, मुमताज आलम, तस्लीम अख्तर, गुड्डा, आशीष कुमार, लक्ष्मण कुमार शर्मा, बबलू एवं अन्य उपस्थित थे।

## त्योहार के दौरान खाद्य सामान में मिलावट व फलों में रसायन मिलावट पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी पर्व त्योहार को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसडीओ महेन्द्र कुमार के द्वारा दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि त्योहार के मद्देनजर आमजन के स्वास्थ्य को देखते हुए सिमडेगा जिला स्थित सभी होटलो रेस्टोरेट आदि में एमएफटीएल के द्वारा विभिन्न प्रकार के मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच किया जाना है। त्योहार के आगमन होते ही मिठाई दुकानदारों द्वारा मिठाईयों में मिलावटखोरी करने की संभावना बढ़ जाती है जिसके निर्मित विभिन्न प्रकार के मिठाईयों की गुणवत्ता जांच करना अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्होंने बताया गया कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि कुच्छेक खाद्य सामग्रियों में जैसे-लडु



पेड़ा, रसगुल्ला इत्यादि में इंडस्ट्रीयल कलर कामधेनु जो कि खाद्य पदार्थों में प्रतिबंधित है उनका उपयोग खाद्य सामग्रियों में कलर लाने के लिए प्रयोग किया जाता है जिससे आमजनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ सकता है तथा कैंसर जैसी बिमारीयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा अगर जांच अभियान के क्रम में यदि इस तरह का मामला प्रकाश में आता है तो उक्त के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी उन्होंने कहा त्योहारों के आगमन होते ही फल कारोबारी के द्वारा कृत्रिम रंग का उपयोग कर बाजार फलों की बिक्री धड़ल्ले से किया जाता है साथ ही फलों को जल्द उपयोग में लाने हेतु केमिकल युक्त रसायन का उपयोग फल विक्रेता के द्वारा किया जाता है जिससे केमिकल हमारे इम्यून सिस्टम को प्रभावित करते है तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है यदि उपभोगताओं के द्वारा इस तरह का मामला प्रकाश में आता है तो उनके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## लोहरदगा में धूमधाम से मनाया जाएगा महाराजा अग्रसेन की जयंती : चंद्रशेखर अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा अग्रवाल सभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह आगामी 26 अक्टूबर को धूमधाम से मनायी जाएगी। इसकी जानकारी सभा के संरक्षक चंद्रशेखर अग्रवाल, अध्यक्ष प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा संरक्षक अजय कुमार मित्तल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन का जयंती उत्सव 26 सितंबर को लोहरदगा अग्रसेन भवन में आहूत किया गया है। जिसमें महाराजा अग्रसेन का पूजा-हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने के लिए अग्रवाल सभा के महिला-पुरुष के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम पर



विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समाज के सभी लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी भी बनाई गई। जिसमें अग्रवाल सभा के सचिव अनिल अग्रवाल को संयोजक बनाया गया। बैठक में प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, राखी अग्रवाल, नीति भारतीय, अनु अग्रवाल, नीति अग्रवाल, रीमा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, कनक लता अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### एचडीएफसी लाइफ का व्यापक लाभ वाला क्लिक 2 प्रोटेक्ट सुपर हुआ लॉन्च



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने एक विशेष टर्म इंश्योरेंस प्लान–क्लिक2प्रोटेक्ट सुपर लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य आपकी सुरक्षा जरूरतों के अनुसार कस्टमाइजेशन को सक्षम बनाना है। इस योजना के तहत आपको केवल उन लाभों / योजना विकल्पों के लिए भुगतान करना होगा, जिन्हें आपने चुना है। क्लिक 2 प्रोटेक्ट सुपर, मूल रूप से एक नॉन–लिंक्ड, नॉन–पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम प्रीमियम / बचत जीवन बीमा योजना है, जो आपको निश्चिंतता और स्वतंत्रता की वास्तविक भावना देने के साथ ही जीवन कवर में बदलाव करने, पॉलिसी टर्म में बढ़ोतरी करने, आकस्मिक मृत्यु और लाइलाज बीमारी के लिए कवरेज प्राप्त करने जैसी कई सुविधाएँ प्रदान करती है। यह योजना आपके परिवार को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने पर आधारित है। आप अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप तीन योजना विकल्पों: लाइफ, लाइफ प्लस और लाइफ गोल में से एक कवर चुन सकते हैं।

### वेदांत रिसोर्सेज की सेमीकंडक्टर योजना से नकदी की कमी नहीं होगी : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र की योजना से दिग्गज खनन कारोबारी अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांत रिसोर्सेज की साख कमजोर नहीं होगी। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही। गौरतलब है कि वेदांत समूह फॉक्सकॉन के साथ मिलकर 1.54 लाख करोड़ रुपये के निवेश से गुजरात में सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना करने जा रहा है। एसएंडपी ने कहा, "ऐसा इसलिए है क्योंकि कंपनी ने दोहराया है कि 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश वेदांत रिसोर्सेज के बाहर से आएगा। यह व्यवसाय वेदांत रिसोर्सेज की होल्डिंग कंपनी वॉल्कन इंवेस्टमेंट लिमिटेड के तहत एक अलग इकाई में किया जाएगा।" रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सेमीकंडक्टर व्यवसाय में होने वाले निवेश का कोई भी संभावित साख प्रभाव वित्त पोषण योजना के विवरण पर निर्भर करेगा, जो अभी तक सामने नहीं आया है।

### जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे: खाद्य सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में गेहूं का पर्याप्त भंडार है और जरूरत पड़ने पर वह जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई करेगी ताकि घरेलू आपूर्ति को बढ़ाया जा सके। केंद्र व्यापारियों द्वारा गेहूं के स्टॉक का खुलासा करने और घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्टॉक सीमा लगाने जैसे कदमों पर विचार कर सकता है। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 82वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने कहा कि देश में गेहूं की कोई समस्या नहीं है और केंद्र के पास सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों में 2.4 करोड़ टन गेहूं उपलब्ध है।

## पीएम किसान योजना से लाखों फर्जी किसानों के नाम कटे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त कब आएगी? यह सवाल 12 करोड़ से अधिक किसानों के मन में है। खेत-खलिहान से लेकर चाय-पान की दुकानों तक पीएम किसान की अगस्त-नवंबर की किस्त अब तक नहीं आने की ही चर्चा है। पिछले साल 9 अगस्त को ही किस्त जारी हो गई थी, लेकिन इस बार आज 19 सितंबर तक किस्त का अता-पता नहीं है। इस बार सरकार की सख्ती की वजह से लाखों फर्जी लाभार्थियों के नाम कट गए हैं। बता दें योजना में गड़बड़ियों को रोकने के लिए सरकार ने ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए पीएम किसान पोर्टल पर अभी भी ईकेवाईसी की जा सकती है। इसके अलावा राज्य सरकार अब गांव-गांव लाभार्थियों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी करा रही है। ऐसे में 12वीं या अगस्त-नवंबर की किस्त मिलने में देर हो रही है। 12वीं किस्त आने से पहले एक बार आप जरूर चेक कर लें कि पीएम किसान लाभार्थियों की नई लिस्ट में आपका नाम है या नहीं? आइए जानें वो आसान स्टेप, जिससे आप घर बैठे आसानी से कर सकते हैं। सबसे पहले पीएम किसान पोर्टल पर जाएं। होम पेज पर मेन्यू बार देखें और यहां फार्मर कार्नर पर जाएं। यहां पर क्लिक/टैप करें। इतना करने के बाद आपकी स्क्रीन पर एक पेज खुलेगा। यहां आप स्टेट में ड्रॉप-डाउन मेन्यू से अपने राज्य को सिलेक्ट करें। इसके बाद दूसरे टैब में जिला, तीसरे में तहसील या उप जिला, चौथे में ब्लॉक और पांचवें में अपने गांव का नाम चुनें। इसके बाद क्लिक करते ही पूरे गांव की लिस्ट आपके सामने होगी। पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसान परिवारों के लिए है। परिवार का आशय पति-पत्नी और दो नाबालिग बच्चे। स्कीम के नियमों के मुताबिक पीएम किसान का पैसा किसान परिवार को मिलता है यानी परिवार के किसी एक सदस्य के खाते में 6000 रुपये सालाना 2000-2000 की तीन किस्तों में डायरेक्ट बैंक खाते में आते हैं।

## सरकार जल्द ही विपणन वर्ष 2022-23 के लिए चीनी निर्यात कोटा की घोषणा करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही अक्टूबर से शुरू होने वाले अगले विपणन वर्ष के लिए चीनी के निर्यात कोटा की घोषणा करेगी। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने हालांकि विपणन वर्ष 2022-23 में निर्यात के लिए चीनी की मात्रा के बारे में नहीं बताया। पांडेय ने रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएमएफआई) की 82वीं आम सभा के मौके पर कहा, "हम जल्द ही अगले सत्र के लिए चीनी निर्यात नीति की घोषणा करेंगे। सरकार ने मई में 100 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी। बाद में इसमें 12 लाख टन की बढ़ोतरी की गई। इससे विपणन वर्ष 2021-22 के लिए कुल निर्यात कोटा 112 लाख टन हो गया। भारत का चीनी निर्यात विपणन वर्ष 2020-21 में 70 लाख टन, 2019-20 में 59 लाख टन और 2018-19 में 38 लाख टन था।

## कमजोर डॉलर व सप्लाई की चिंता से कच्चे तेल की कीमतों में उबाल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कच्चे तेल (क्रूड ऑयल ) की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली है। कमजोर डॉलर और सप्लाई चेन से जुड़ी चिंता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में यह उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स सोमवार को 1.15 डॉलर या 1.3 पर्सेंट की तेजी के साथ 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड में विगत शुक्रवार को 0.5 पर्सेंट का उछाल आया था। वहीं, यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट क्रूड 1.05 डॉलर या 1.2 पर्सेंट की तेजी के साथ 86.16 डॉलर के स्तर पर रहा। कॉन्ट्रैक्ट मंगलवार को एक्सपायर हो रहा है। पिछले हफ्ते दोनों ही कॉन्ट्रैक्ट्स में 1 पर्सेंट से ज्यादा की गिरावट आई थी। इन कॉन्ट्रैक्ट्स के प्राइसेज में इस चिंता से गिरावट आई थी कि फेडरल रिजर्व की तरफ से इंटरेस्ट रेट में की जाने वाली एक और बढ़ोतरी ग्लोबल ग्रोथ को सुस्त कर सकती है। कॉन्ट्रैक्ट्स के प्राइसेज में सोमवार को कमजोर डॉलर की वजह से तेजी देखने को मिली है। कमजोर अमेरिकी डॉलर, दूसरी करेंसी होल्ड करने वाले देशों के लिए डॉलर डिनॉमिनेटेड कमोडिटीज को सस्ता बनाता है। चीन के साउथवेस्टर्न शहर चेंगदू में कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण दुनिया के नंबर 2 एनर्जी कंज्यूमर देश में डिमांड से जुड़ी चिंताएं कम हुई हैं। चीन के पेट्रोल और डीजल एक्सपोर्ट में भी तेजी आई है। इस बीच, कुवैत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (केपीसी) के चीफ एग्जिक्यूटिव ने कहा है कि हमारे तेल खरीदार देशों ने अभी तक तेल की मांग और उसके वॉल्यूम में कोई बदलाव नहीं किया है।

## आ गई दुनिया की पहली उड़ने वाली बाइक, रफ्तार है 100 किमी/घंटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सही सुना आपने, दुनिया की पहली उड़ने वाली बाइक लॉन्च हो गई है। अगर आप ट्रैफिक जाम से परेशान हैं और हवा में उड़ कर एक शहर से दूसरी जगह जाना चाहते हैं तो आपके लिए इससे बेहतर विकल्प नहीं हो सकता है। जापान की एक स्टार्टअप कंपनी AERWINS Technologies ने इस बाइक को बनाया है। 15 सितंबर को डेट्रॉयट ऑटो शो में इसे लॉन्च किया गया। शो के दौरान इस बाइक की एक्सपर्ट ने जम कर तारीफ की। इस बाइक का नाम है xturismo डेट्रॉइट ऑटो शो के सह-अध्यक्ष थाड स्जोट ने इस बाइक की जम कर तारीफ की। बता दें कि उन्होंने खुद इसका टेस्ट किया। अपने अनुभव को शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि ये बेहद उत्साहजनक और शानदार है। बेशक ये बाइक लोगों के सपनों को हकीकत में बदलती है। लिहाजा आपको इसके लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ेगी। कंपनी के मुताबिक इस बाइक की कीमत 7 लाख 77 हजार डॉलर है। यानी इस रकम को अगर भारतीय रुपये में बदलें तो आपको 6 करोड़ 18 लाख रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इस बाइक का वजन है 300 किलोग्राम। उड़ने वाली ये बाइक 100 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से उड़ सकती है। इसे उड़ने के लिए बैटरी से भी ताकत मिलती है। कंपनी का कहना है कि छोटे इलेक्ट्रिक मॉडल की कीमत $50,000 लगभग 39,82,525 रुपये तक होने की उम्मीद है। ये जापान में पहले से ही ब्लैक, ब्लू और रेड कलर में बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसके निमार्ताओं ने इसे 2023 में अमेरिका में बेचना शुरू करने की योजना बनाई है। AERWINS ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि ये बाइक सुरक्षा और सुरक्षा के साथ उड़ान के रोमांच को जोड़ती है। तो फिर अगर आप ये बाइक खरीदना चाहते हैं तो फिर फिलहाल आपको जापान जाना होगा।

## सरकार मुफ्त राशन योजना को सितंबर से आगे बढ़ाने पर जल्द फैसला करेगी: खाद्य सचिव

**नयी दिल्ली।** सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को 30 सितंबर से आगे बढ़ाने के बारे में जल्द फैसला करेगी। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इस संबंध में फैसला कब तक किया जाएगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना मार्च, 2020 में शुरू की गई थी। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) में शामिल लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है। इससे गरीब परिवारों को कोविड-19 महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन के दौरान काफी मदद मिली थी। यह एनएफएसए के तहत सामान्य आवंटन से अधिक है।

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स शिवानी कंस्ट्रक्शन, राजनगर, सूदना, जिला – पलामू को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आर॰सी॰पी॰एल॰डब्ल्यू॰ई॰ योजनान्तर्गत ''भण्डरा–बक्सीडीपा–सेन्हा पथ में अवस्थित कोयल नदी पर उच्च स्तरीय सेतु एवं पतराटोली से मन्हो पथ के 2रे कि॰मी॰में अवस्थित शंख नदी पर उच्च स्तरीय सेतु निर्माण कार्य'' (एकरारनामा संख्या – एस॰बी॰डी॰ 09/2018–19) के कार्य पूर्णता की मूल तिथि 23.03.2020 निर्धारित थी। इस प्रकार कार्य पूर्णता की मूल तिथि से लगभग 02 (दो) वर्ष 06 (छः) माह का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी कार्य की भौतिक प्रगति क्रमशः मात्र 89% एवं 94% पर ही स्थिर है। कार्य पूर्ण करने हेतु आपको अनेकों स्मार निर्गत किये गए, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण आम जनों में काफी रोष है तथा विभाग को शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही केन्द्र सरकार के महत्त्वकांक्षी योजनाओं का जनता को मिलने वाला लाभ भी नहीं मिल सका है। यदा–कदा आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने का मात्र आश्वासन ही दिया गया है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि नोटरी पब्लिक के माध्यम से जारी शपथ–पत्र के साथ पुनरीक्षित कार्य–योजना (Cash Flow Forecast सहित) प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करते हुए उक्त अवशेष कार्य शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कर लें, अन्यथा बाध्य होकर एस॰बी॰डी॰ एकरारनामा विखण्डन की कार्रवाई करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने की अनुशंसा विभागीय उच्चाधिकारियों से कर दी जाएगी जिसके जवाबदेह आप स्वयं होंगे।

ह॰/–
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

PR 278115 Lohardaga(22-23)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी चहारदिवारी को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक 29.09.2022 को 3:00 अपराह्ण तक इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 03:30 बजे अपराह्ण में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके प्रधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहें, तो उपस्थित रह सकते हैं।

| क्रमांक | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की पाँच प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | Salvage Value of Old Boundary Of Chiyanki Airport at Daltonganj, Palamu. | 8700.00 | 500.00 |

नीलामी की शर्तें निम्नवत है :–

1. नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की पाँच प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्गम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के पदनाम से प्रतिज्ञित कराकर संलग्न करना होगा।
2. आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अंदर उच्चतम नीलामीदाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के पदनाम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा डालटनगंज में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3. आदेश की तिथि से बीस दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4. तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नहीं अपितु नीलामीदाता की होगी।
5. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6. बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7. अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 278124 Building(22-23)D

## ओयो आईपीओ पर आया बड़ा अपडेट कंपनी ने नये सिरे से जमा किये डॉक्युमेंट्स




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के ओयो आईपीओ को लेकर बेहद सतर्क नजर आ रही है। कंपनी स्टॉक-मार्केट में एंट्री करने से पहले अपनी कई योजनाओं पर दोबारा काम कर रही है। इन दिनों यात्रा में सुधार हुआ है, इससे कंपनी का घाटा भी कम हुआ है। अब कंपनी ने सेबी के पास नए सिरे से रिवाइज्ड डाक्युमेंट्स जमा किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, होटल-बुकिंग कंपनी ने सोमवार को न्यू फाइनेंस डाक्युमेंट्स दाखिल किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी अगले साल 2023 की शुरूआत में यानी जनवरी में आईपीओ लाने की सोच रही है। हालांकि, इस दौरान ओयो की नजर मार्केट की स्थिति पर रहेगी और उस हिसाब से फैसला किया जाएगा। बता दें कि ओयो ने साल 2021 में आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे और आईपीओ इसी साल आना था। लेकिन कोरोना महामारी के बाद होटल इंडस्ट्री की फाइनेंशियल कंडीशन ठीक नहीं होने के कारण लिस्टिंग योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दें कि महामारी के चलते ओयो को भारी नुकसान हुआ और कंपनी को हजारों नौकरियों में कटौती करने के लिए मजबूर किया। इसका खुलासा अब सोमवार को सेबी को दी गई नई डाक्युमेंट्स में खुलासा किया गया। दी गई जानकारी के मुताबिक, कंपनी का नुकसान अब काफी हद तक कम हुआ है। स्टार्टअप अब चार मुख्य सेक्टर पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया और यूरोप, जहां यह छुट्टियों के हाउस का प्रबंधन करता है। ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल होटल और लॉजिंग को बदलने के अपने प्रयासों में कई असफलताओं के बाद एक सफल आईपीओ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सैमसंग ने चिप बाजार में रिकॉर्ड हिस्सेदारी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने दूसरी तिमाही में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में अपनी बाजार हिस्सेदारी का विस्तार करते हुए अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा। सोमवार को एक शोध रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। शोध फर्म ओमडिया के अनुसार, अप्रैल–जून की अवधि के लिए सैमसंग का चिप राजस्व ठोस सर्वर मांग के कारण 20.3 अरब डॉलर के रिकॉर्ड त्रैमासिक उच्च स्तर पर आया, जो वैश्विक कुल 158.1 अरब डॉलर का 12.8 प्रतिशत था। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग का दूसरी तिमाही में शेयर पिछली तिमाही के 12.5 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। दूसरी तिमाही में इंटेल की बाजार हिस्सेदारी पिछली तिमाही के 11.1 फीसदी से घटकर 9.4 फीसदी रह गई।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/07/2022-23 जिसका PR No.-277508 (Rural Development) 22-23(D) के द्वारा क्रम संख्या–04 में वर्णित प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–सिमरिया, ग्राम–सिमरिया में सिमरिया स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य के स्थान पर प्रखण्ड–सिमरिया, पंचायत–सिमरिया, ग्राम–सिमरिया में सिमरिया स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य पढ़ा जाय।

जिसका PR No.-277508 (Rural Development) 22-23(D) के द्वारा क्रम संख्या–04 में वर्णित प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–सिमरिया, ग्राम–सिमरिया में सिमरिया स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य के स्थान पर प्रखण्ड–सिमरिया, पंचायत–सिमरिया, ग्राम–सिमरिया में सिमरिया स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR278123 (Rural Development)22-23*D

## त्योहारों से पहले सोने-चांदी के भाव में बड़ा बदलाव, 1206 रुपये उछली चांदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरार्फा बाजारों में आज सोने-चांदी के भाव में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सोना खरीदने वालों की तुलना में चांदी के खरीदारों के लिए आज के रेट थोड़ा परेशान कर सकत हैं। सोना जहां विगत शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले थोड़ा कम दाम पर खुला तो चांदी के रेट में बड़ा उछाल नजर आया। सोमवार को 24 कैरेट सोना 49341 रुपये पर खुला, जो शुक्रवार के बंद भाव से महज 13 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है। वहीं, चांदी 1206 रुपये मजबूत होकर 56350 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 6926 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 19658 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 49131 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 45184, जबकि 18 कैरेट 36996 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 28857 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। सोना-चांदी जिस रेट पर खुलते हैं, उससे कहीं अधिक दाम आपको देना पड़ता है। मसलन इसमें जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज तो जुड़ता ही है, साथ में ज्वेलर का मुनाफा भी ऐड होता है। ऐसे में आज आइए आपको बताते हैं कि जीएसटी औल ज्वेलर का एक अनुमानित मुनाफा जोड़ने के बाद आपको क्ष्खअ द्वारा जारी रेट से कितना अधिक चुकाना पड़ता है।

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स कश्यप कंस्ट्रक्शन, राजनगर, सूदना, जिला – पलामू को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि ''बेड़ो–लोहरदगा पथ के कि॰मी॰ 34वें में दक्षिण कोयल नदी पर पहुँच पथ सहित उच्च स्तरीय सेतु निर्माण कार्य (Job No. : CRF-JHR-2014-15/38)'' (एकरारनामा संख्या – एस॰बी॰डी॰ 01/2016–17) के कार्य पूर्णता की मूल तिथि 17.04.2018 निर्धारित थी तथा समय–वृद्धि के उपरान्त पुनरीक्षित तिथि 17.05.2019 निर्धारित की गयी। इस प्रकार कार्य पूर्णता की मूल तिथि से लगभग 04 (चार) वर्ष 05 (पाँच) माह का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात् भी कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 95% पर ही स्थिर है। कार्य पूर्ण करने हेतु आपको अनेकों स्मार निर्गत किये गए, परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण आम जनों में काफी रोष है तथा विभाग को शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सरकार के महत्त्वकांक्षी योजना का जनता को मिलने वाला लाभ भी नहीं मिल सका है। यदा–कदा आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने का मात्र आश्वासन ही दिया गया है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि नोटरी पब्लिक के माध्यम से जारी शपथ–पत्र के साथ पुनरीक्षित कार्य–योजना (Cash Flow Forecast सहित) प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करते हुए उक्त अवशेष कार्य शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कर लें, अन्यथा बाध्य होकर एस॰बी॰डी॰ एकरारनामा विखण्डन की कार्रवाई करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने की अनुशंसा विभागीय उच्चाधिकारियों से कर दी जाएगी जिसके जवाबदेह आप स्वयं होंगे।

ह॰/–
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.278112 Lohardaga(22-23):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर

जेलहाता, रेलवे क्रोसिंग के नजदीक, डालटनगंज, जिला-पलामू–822101
Ph. No. 06562- 231237, E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– NH/Medininagar/02/2022-23**

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 27.09.2022 तक, समय 3.00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.09.2022 को समय 3.00 बजे अपराहन् तक
4. निविदि खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.09.2022 को समय 3.30 बजे अपराहन् में
5. परिमाण विपत्र बिक्री स्थल :– 1. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल मेदिनीनगर के प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आरक्षी अधीक्षक कार्यालय, मेदिनीनगर। 2. अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ अंचल, राँची। 3. मुख्य अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग, झार., राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थल :– उपर्युक्त वर्णित कडिका–5 के अनुसार
7. कार्यों का विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की राशि (Including GST& Less) (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Ordinary Repair work of NH-343 under N.H. division, Medninagar for the year 2022-23. | 34,25,135.75 | 68,600.00 | 5,000.00 | तीन माह | – |

8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा।
9. बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
10. परिमाण–विपत्र के मूल्य का भुगतान NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx पर Online होना है। चालान पर कार्य का नाम अंकित होना आवश्यक है। Online भुगतान के पश्चात् उसके चालान की प्रति निविदा क्रय के समय लगाना अनिवार्य है।
11. निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस की होगी।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.278063 Road(22-23):D

सम्पादक की कलम से...

## अभयारण्य जमींदोज..

**नक्सलियों का अभयारण्य बूढ़ा पहाड़ मुक्त हो चुका है। पिछले तीन दशकों से हिंसक नक्सली वारदातों का साक्षी एवं शीर्ष माओवादी नेताओं की शरणस्थली रहे बूढ़ा पहाड़ पर डीजीपी नीरज सिन्हा अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे। विगत कई वर्षों से किए जा रहे सुरक्षा बलों का प्रयास तब सफल होता दिखा जब पहली बार बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों के वर्चस्व को खत्म कर पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए उसे नक्सलियों के चंगुल से मुक्त कराया। झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त बलों की इस सफलता पर डीजीपी स्वयं बूढ़ा पहाड़ पहुंचे और स्थापित कैंप का निरीक्षण कर जाबांज जवानों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए उसका निराकरण करने की भी बात कही। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब ना सिर्फ नक्सलियों के भय से वह मुक्त हैं बल्कि सुरक्षा बलों के द्वारा ग्रामीणों को अब पूरी सुरक्षा भी प्रदान की जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों के बीच रोजमर्रा की वस्तुओं का भी वितरण किया। ऐसे में सवाल उठता है कि नक्सल गतिविधियों पर विराम लगने की वजह क्या है? इसका सीधा सा जवाब है भटकाव। लेवी के पैसे और भ्रष्टाचार ने इस आंदोलन को खत्म कर दिया है। लोगों का रहनुमा बनने का नाटक ज्यादा दिनों तक नहीं चला। ऐसे भी कहा जाता है कि कोई भी जुल्म ज्यादा दिनों तक नहीं चलता है। बहरहाल डीजीपी के नेतृत्व में एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, सीआरपीएफ के आईजी अमित कुमार, आईजी अभियान ए वी होमकर स्पेशल ब्रांच के एसपी शिवानी तिवारी हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे यह बता दिया कि कोई भी आदमी या संगठन कानून से बढ़ा नहीं है। अभेद दुर्ग रहा यह इलाका झारखंड,छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती माओवादी नेताओं का शरणस्थली के रूप में पूरे देश में प्रसिद्ध था। माओवादी के पोलित ब्यूरो सेंट्रल कमेटी के सदस्य विध्वंसक कार्रवाई की रणनीति बनाकर उसको घटना को अंजाम यहां से देते रहते थे। यहां से बरामद बंकर और शस्त्रागार सुरक्षाबलों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। उग्रवादी की ट्रेनिंग के रूप में मशहूर इलाके से कई हार्डकोर तैयार कर झारखंड के दूसरे क्षेत्रों में भेजे जाते थे। बूढ़ा पहाड़ पर विगत डेढ़- दो दशकों में अब तक चले अनगिनत अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन फिर भी अभियान थमा नहीं। नक्सलियों ने पहाड़ तक पहुंचने वाले हर रास्ते पर आईडी बिछा रखा था लेकिन पिछले एक वर्षों से रणनीतिपूर्ण तरीके से सुरक्षाबलों द्वारा संयुक्त अभियान जिसमें मूल रूप से ऑपरेशन ऑक्टोपस अंततः कारगर साबित हुआ। कई दशकों के अथक प्रयास के बाद नक्सलियों के कब्जे में रहे बूढ़ा पहाड़ को लगभग मुक्त करा लिया गया है। नक्सली यहां अपना ठिकाना पुनः न बना पायें इसके लिए आवश्यक है कि सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित रहे। अब इस इलाके के ग्रामीणों के लिए अस्पताल, स्कूल, सड़क मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। सबसे यहां जरूरी बात यह कि ग्रामीणों को साथ रख यहां कई सुधार किये जा सकते हैं। बगैर ग्रामीणों के सहयोग से कोई भी बड़ा कार्य संभव नहीं है। अतः इसे ध्यान में रखते हुए आगे इस क्षेत्रा में विकास के कार्य होते रहने चाहिए। नक्सल आंदोलन अंतिम सांसे ले रहा है। इसका मतलब यह कतई नहीं है कि यह पूरी तरह साफ हो गये हैं। इस पर पैनी नजर आगे भी रखने की जरूरत है।**

## आज का इतिहास

**2010 :** भारतीय संसद ने परमाणु संयंत्र में किसी दुर्घटना की स्थिति में शीघ्र मुआवजा सुनिश्चित करने वाला परमाणु जन दायित्व विधेयक पारित किया।
**2016 :** पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात उर्दू कवि कश्मीरी लाल जाकिर का निधन हुआ था।
**2020 :** भारत के 13वें राष्?ट्रपति प्रणव मुखर्जी का निधन हुआ।
**1559 :** महान सम्राट अकबर के बेटे और मुगल वंश के शासक जहांगीर का जन्म।
**1659 :** पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
**1682 :** ब्रिटिश धर्मसुधारक विलियम पेन को इंग्लैंड छोड़ना पड़ा। वह अमेरिका पहुंचे और पेनिसिल्वानिया की स्थापना की ताकि लोग धार्मिक स्वतंत्रता का इजहार कर सकें।
**1780 :** अमेरिका में गद्दारी और विश्वासघात का पर्यायवाची बन चुके जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
**1806 :** न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
**1888 :** क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म जो भारत की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर झूल गए।
**1895 :** लोकसभा के अध्यक्ष रहे भारतीय राजनीतिज्ञ सरदार हुकम सिंह का जन्म।
**1903 :** चित्रलेखा जैसी प्रसिद्ध उपन्यास के लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म हुआ। वह हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार थे।
**1923 :** हिंदी के प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म हुआ।
**1928 :** रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की। इसका मकसद प्रवासी भारतीयों को भारत में ब्रिटिश राज हटाने के लिए प्रेरित करना था।

# बेहतर भविष्य के लिए मिले सबक

> टीकाकरण अभियान में को-विन ऐप के रूप में रीढ़ की हड्डी जैसी स्वास्थ्य तकनीक उपलब्ध कराई गई, जिसका बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। जिस रफ्तार से भारत ने ई-विन को अपनाया, उसकी स्मार्ट टीका आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली का विकास किया, जिसका उपयोग को-विन के अलावा बच्चों और महिलाओं के लिए सार्वभौम टीकाकरण कार्यक्रम में किया जाता है, वह अनुकरणीय कदम है। भारत ने शुरू से ही डिजिटल टीकाकरण प्रमाणपत्र जारी करना शुरू कर दिया था, जबकि कई विकसित देश इसके लिए संघर्ष कर रहे थे और इसे मैन्युअल रूप से जारी कर रहे थे। को-विन वह महत्त्वपूर्ण मंच है।

पिछले ढ़ाई वर्षों में, जब मानवता एक 'विज्ञान कथा' में रहने के करीब आ गई, हमने कोविड-19 संकट के दौरान जीवन भर के लिए एक सबक सीखा। अब हम सामूहिक रूप से दावा कर सकते हैं कि भारत और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक नेतृत्व में हमने कई महत्त्वपूर्ण बातें सीखी हैं। इस दौरान हमने अपनी विनम्रता, दृढ़ संकल्प और शक्ति का प्रदर्शन किया, जिसके चलते दुनिया भर से सम्मान मिला, जो अपने आप में हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। खासकर भारत में टीका बनाने के मामले में यह दावा किया जा सकता है। चाहे वह भारत का टीका बनाने का कौशल हो, इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में नवाचार परीक्षण हो, सार्वजनिक-निजी भागीदारी की संभावनाओं को उजागर करना हो, टीकाकरण अभियान का डिजिटलीकरण हो, मिशन मोड पर सरकारी विभागों को एक साथ लाना हो, चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सवा अरब लोगों का जीवन बचाने के लिए संवाद स्थापित करने और उन्हें समझाने के लिए किये गये प्रयास हों, हम हर मोर्चे पर सफल हो सके। इस तरह हम दावा कर सकते हैं कि दशकों का सबक हमने इन दो सालों में सीख लिया। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। खासकर तब जब स्थितियां बहुत तेजी से बदल रही हैं, विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है और कई देशों में टीके को लेकर कलह और सामाजिक झिझक भी देखी जा रही है। एक साल से भी कम समय में सार्स को-वी2 जैसे नये विषाणु के लिए सुरक्षित और प्रभावी टीकों का विकास आधुनिक विज्ञान के इतिहास में सबसे प्रभावशाली कारनामों में गिना जायेगा। उस इतिहास में भारत के टीका पारिस्थितिकी तंत्र की भूमिका महत्त्वपूर्ण मानी जायेगी। कई दुर्घटनाओं और असंख्य स्थानीय और वैश्विक चुनौतियों, जैसे कच्चे माल की भारी कमी आदि के बावजूद सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (एसआइआइ), जो दुनिया का सबसे बड़ा टीका निर्माता है, और अन्य भारतीय टीका-निर्माताओं ने दो अरब से अधिक खुराक टीके का निर्माण किया, जो अगर पूरे पृथ्वी ग्रह की आबादी के अनुपात में देखें तो लगभग एक तिहाई मानवता को एक खुराक देने के लिए पर्याप्त है। विनिर्माण का यह पैमाना दुनिया के सामने भारत की क्षमता का एक संकेतक मात्र है, क्योंकि टीके बनाने के लिए बेहद उच्च तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है और ये व्यक्ति को अन्य बीमारियों के खिलाफ जीवन भर सुरक्षा प्रदान करते हैं। टीकाकरण अभियान में को-विन ऐप के रूप में रीढ़ की हड्डी जैसी स्वास्थ्य तकनीक उपलब्ध कराई गई, जिसका बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। जिस रफ्तार से भारत ने ई-विन को अपनाया, उसकी स्मार्ट टीका आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली का विकास किया, जिसका उपयोग को-विन के अलावा बच्चों और महिलाओं के लिए सार्वभौम टीकाकरण कार्यक्रम में किया जाता है, वह अनुकरणीय कदम है। भारत ने शुरू से ही डिजिटल टीकाकरण प्रमाणपत्र जारी करना शुरू कर दिया था, जबकि कई विकसित देश इसके लिए संघर्ष कर रहे थे और इसे मैन्युअल रूप से जारी कर रहे थे। को-विन वह महत्त्वपूर्ण मंच है, जो किसी आपात स्थिति से निपटने और अन्य सार्वभौमिक या उम्र विशेष के लिए चलाये जाने वाले टीकाकरण अभियानों को संचालित करने में उपयोगी साबित हो सकता है। यह एक ऐसी संपत्ति है, जिसे विभिन्न तरीकों से अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है। तीन क्षेत्र, जिनमें देश ने नये प्रयोगों के प्रयास में एक छलांग लगाई और मूल्यवान सीख प्राप्त की, वे हैं टीका अनुसंधान और विकास, दवा नियामक प्रणाली, और सरकार की गहरी भागीदारी। इसमें कोविड-19 से पार पाने के लिए समस्त विभागों और निजी हितधारकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई। सबसे पहले इस बात का पूरी तरह पता लगाया गया कि उग्र महामारी के दौरान टीके की खोज का मार्ग कितना अनिश्चित हो सकता है, फिर सरकार ने एक सोची-समझी रणनीति तैयार की। उस समय कोई नहीं जानता था कि कौन-सा टीका प्रभावी साबित होगा। भले उस दौरान कई टीका निर्माता सफल थे, पर कौन सबसे सुरक्षित, सबसे प्रभावी और उपयोग करने में सबसे सुविधाजनक होगा, स्पष्ट नहीं था। टीका बनाने का विज्ञान इतना जटिल है कि दावा नहीं किया जा सकता कि जरूरी नहीं कि जो सबसे पहले बना वही सबसे अच्छा हो। इसलिए एक ऐसी योजना पर दांव लगाना था।

**■ अदार पूनावाल**

## हवा की कीमत

आलीशान अपार्टमेंट में टकलू जावेद ने एक फ्लैट खरीदा। पूरे पचास लाख रुपए देकर। जब इतना पैसा दिया है तो फ्लैट का मजा उठाना बनता ही है। सो वह फ्लैट के बीचोंबीच कुर्सी डालकर बैठ गया। पहली बार उसे भाड़े के मकान से खुद के मकान में शिफ्ट होने का सुख मिल रहा था। रजिस्ट्रेशन के कागजात हाथ में लिए बार-बार अपना नाम देख रहा था। लिखा था - यह मकान टकलू जावेद पुत्र कीर्तनलाल का है। अस्थाई जगहों पर नेमप्लेट की हालत कूड़े की तरह होता है। कोई भी कभी भी उस पर झाड़ू चला सकता है। इसलिए जीवन में कुछ कमाये या न कमाये, कम से कम कील ठोककर अपना नेमप्लेट लटकाने भर की जगह तो जरूर कमानी चाहिए। यही सब सोचते हुए टकलू जावेद खुश हो रहा था। घर की दीवारों पर अपने परिवार के सदस्यों की फोटो लगाने के लिए उसने दाईं दीवार पर एक कील ठोकी। तभी घर की घंटी बजी। देखा तो पड़ोसी क्रांतिलाल गुस्से से आग बबूला हुए जा रहा था। टकलू जावेद ने जब उसके गुस्से का कारण पूछा, तब उसने बताया, आप दाईं दीवार पर कील मत ठोकिये। हमारा सिर फटा जा रहा है। टकलू जावेद ने उससे माफी माँगी। उसे विदा किया। सोचा दाईं न सही बाईं दीवार पर कील ठोक देते हैं। बाईं दीवार पर कील ठोकने लगा। तभी दूसरा पड़ोसी खड़ूसलाल आ धमका। उसने बताया कि वह उनका बायाँ पड़ोसी है। कील ठोकने से बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान पहुँच रहा है। टकलू जावेद ने हाथ जोड़कर उसे भी विदा किया। बाद में पता चला की उनकी पीछे की दीवार से झगडूलाल और आगे की दीवार से घमंडूलाल का फ्लैट सटा हुआ है। भनजखबरी परेशान हो उठा। करे तो क्या करे? वह अपने फर्श और ऊपर घूम रहे पंखे को बड़े ध्यान से देखने लगा। यह देखकर उसे थोड़ी बहुत राहत मिली। लगा कि फर्श और अर्श तो अपने हैं। तभी उसके शरारती बेटे ने खेल-खेल में फर्श पर गेंद दे मारी। गेंद फर्श और अर्श दोनों से टकराते हुए टकलू जावेद के सिर पर आ लगी। वह बच्चे को डाँटने ही वाला था कि तभी नीचे और ऊपर फ्लैट के मालिक डाँटुलाल और क्रोधुलाल दौड़े-दौड़े आए और उसके अगल-बगल में खड़े हो गये। उसे गुस्सैली आँखों से तरेरने लगे। टकलू जावेद समझ चुका था कि कोई भी दीवार, यहाँ तक की फर्श और अर्श भी उसके नहीं है। उसे कहाँ पता था कि हवा में रहने के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। यहाँ तो हवा में रहने के लिए उसने पूरे पचास लाख रुपए चुकाये थे। न जाने इस दुनिया में और कितने टकलू जावेद हैं जो हवा में जिंदगी जिये जा रहे हैं।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## भागीदारी लोकतंत्र की आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि हमारी ताकत जनता की ताकत में है और हमारी ताकत हमारे देश के प्रत्येक नागरिक में निहित है। प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य इस बात का द्योतक है कि लोकतंत्र भारत की प्राणवायु में है। जन-भागीदारी की अवधारणा का अर्थ है, नीतियों के कार्यान्वयन में जनता की सामूहिक भूमिका। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार की नीतियों को लागू करने का केंद्रीय पहलू जनशक्ति का समुचित और बेहतर उपयोग करना रहा है। उन्होंने जनता को अपना काम करने के लिए दृढ़ता से प्रेरित किया है। विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही, शासन की सहायता के लिए जनता को प्रेरित करके प्रधानमंत्री ने जन-भागीदारी की इस विशाल शक्ति से होने वाले लाभों को जमीन पर उतारकर दिखाया है। जन संवाद की सतत प्रक्रिया के बिना जन-भागीदारी अधूरी है। वास्तविक सहभागी शासन, जमीनी हकीकत को समझने के लिए जनता के साथ नियमित संवाद करने की प्रक्रिया पर आधारित है, जिसके बाद मुद्दों के विश्लेषण के आधार पर पॉलिसी पेपर्स तैयार किये जाते हैं और फिर ज्वलंत मुद्दों से निपटने के लिए सही सुझाव दिये जाते हैं। आदर्श रूप से नीतियों के कार्यान्वयन और लाभार्थियों से मिले फीडबैक के आधार पर नीतियों को लागू किया जाता है। विभिन्न माध्यमों से इस सरकार ने लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए जनता और सरकार के बीच इस संवाद को निरंतर बनाये रखने का व्यापक ध्यान रखा है। इसका एक सटीक उदाहरण 'पीएम फसल बीमा योजना' है। साल 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा फसल बीमा के लिए दो प्रमुख योजनाओं के संयोजन और सतत एवं टिकाऊ कृषि सुनिश्चित करने के बाद इसे साल 2019-2020 में फिर से लॉन्च किया गया था। संशोधित योजना विभिन्न ऑफलाइन और ऑनलाइन तरीकों के माध्यम से किसानों के लिए समर्पित योजना है, जो उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान करती है। यह कृषि क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए संवाद और सहभागिता की शक्ति का एक सटीक उदाहरण है। जनता को अपने लक्ष्य तक ले जाने के प्रयास में पीएम मोदी निर्विवाद रूप से सफल रहे हैं। लोक-कल्याणकारी विजन पर आधारित उनके प्रत्येक आह्वान को देश ने हाथों-हाथ लिया है। आम लोगों के जीवन को सहज व सरल बनाने के उनके चिंतन में संपूर्ण देश स्वतः स्फूर्त रूप से जुड़ जाता है। उनका हर संबोधन सदैव आमजन के समग्र विकास के परिप्रेक्ष्य में होता है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान राष्ट्रीय अभियान, सकल्प व लक्ष्य तक जाता है। एक राजनीतिज्ञ के रूप में, नीतियों और लाभों को देश के हरेक नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक को इसमें शामिल करने का पीएम मोदी का संकल्प और उनकी दूरदर्शिता को गत आठ वर्षों में देश ने निकट से अनुभव किया है। उदाहरण के लिए, खुले में शौच के मुद्दे को लें। प्रधानमंत्री के रूप में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के अपने पहले उद्बोधन में उन्होंने सभी नागरिकों से 'स्वच्छ भारत अभियान' में भाग लेने का आह्वान किया था। केवल 60 महीनों में 11 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण के साथ एक जन-आंदोलन, जो अब देश में एक लाख से भी अधिक खुले में शौच मुक्त गांवों में परिणत हो चुका है, एक ऐसा कारनामा है, जिसने दुनिया को चकित कर दिया। हालांकि, यह सिर्फ एक स्वच्छता मिशन की तरह लग सकता है, लेकिन इसने देश की मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाया है, उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की है, इससे बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा मिला है। एक दूसरा उदाहरण जल-जीवन मिशन का हम ले सकते हैं, जिसने अब तक गांवों में 10 करोड़ से अधिक घरों में नल जल कनेक्शन सुनिश्चित किये हैं। 200 करोड़ कोविड टीके लगाने का रिकॉर्ड केवल 18 महीनों में हासिल किया गया। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को तो एक सामाजिक क्रांति करार दिया गया है (जो सही भी है), उसका आधार भी जन-भागीदारी ही है। एक अन्य उल्लेखनीय जन-आंदोलन है- 'वोकल फॉर लोकल।' प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहित करने का एक स्पष्ट आह्वान लोगों में जागरूकता पैदा करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के मामले में एक लंबा सफर तय कर चुका है। इस जन-आंदोलन ने छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाया है, देश के दूरदराज के हिस्सों में स्टार्टअप को बनाये रखने और पारंपरिक शिल्प को पुनर्जीवित करने में भी मदद की है। 'वोकल फॉर लोकल टॉयज' अर्थात स्थानीय खिलौने को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री मोदी की पहल खिलौनों के निर्माण में आत्मनिर्भर भारत अभियान का ही एक अंग है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने शुरू हो गये हैं। देश में कई खिलौना उत्पादक समूह स्थापित हुए हैं। भारतीय संस्कृति और लोकाचार पर आधारित खिलौनों को विकसित करने के लिए नवीन विचारों को 'क्राउडसोर्स' करने के लिए 'टॉयकैथॉन' जैसे आयोजनों ने गति पकड़ी है। खिलौनों को बीआईएस (भारतीय प्रमाणन ब्यूरो) मानक के अनुसार प्रमाणित किया जाना सभी निमार्ताओं के लिए अनिवार्य हो गया है, जिससे कई चीनी प्रतिस्पर्द्धी समाप्त हो गये हैं।

**■ जगत प्रकाश नड्डा**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
**अथ प्रथमोऽध्यायः**

इन्द्राणीके ऐसा कहनेपर नहुष प्रसन्न हो गया और 'ऐसा ही हो'- यह कहकर उसने उन देवी शचीको प्रसन्नतापूर्वक विदा किया। राजासे मुक्ति पाकर वह पतिव्रता शची शीघ्रतापूर्वक देवताओंके पास जाकर बोली- आपलोग उद्यमशील होकर इन्द्रको ले आनेका प्रयास करें ॥ 31-32 ॥

हे नृपश्रेष्ठ ! इन्द्राणीका पवित्र और मधुर वचन सुनकर सभी देवताओंने एकाग्र होकर इन्द्रके विषय में विचार-विमर्श किया। तदनन्तर वे वैकुण्ठलोक जाकर शरणागतवत्सल आदिदेव भगवान जगन्नाथकी स्तुति करने लगे। उन वाक्पटुविशारद देवताओंने उद्विग्न होकर इस प्रकार कहा- ॥ 33-35 ॥

हे देवाधिदेव ! ब्रह्महत्यासे पीड़ित देवराज इन्द्र सभी प्राणियोंसे अदृश्य होकर कहीं रह रहे हैं। हे प्रभो! आपके परामर्शसे ही उन्होंने ब्राह्मण वृत्रासुरका वध किया था। तब ब्रह्महत्या कहाँ हुई? हे भगवन्! आप ही उनकी और हम सबकी एकमात्र गति हैं। इस महान् कष्टमें पड़े हुए हम सबकी रक्षा कीजिये और उन इन्द्रके ब्रह्महत्या से छूटने का उपाय बताइये।॥ 36-37 ॥

देवताओंका करुण वचन सुनकर भगवान विष्णु बोले- इन्द्रके पापकी निवृत्तिके लिये अश्वमेधयज्ञ कीजिये; अश्वमेध करनेसे प्राप्त पुण्यसे इन्द्र पवित्र हो जायँगे। इससे वे पुनः देवताओंके इन्द्रत्वको पा जायँगे, फिर कोई भय नहीं रहेगा। अश्वमेधयज्ञसे भगवती श्रीजगदम्बिका प्रसन्न होकर ब्रह्महत्या आदि पाप निश्चितरूपसे नष्ट कर देंगी। जिनके स्मरणमात्र पापोंका समूह नष्ट हो जाता है, उन जगदम्बाको प्रसन्नताके लिये किये गये अश्वमेधयज्ञका क्या कहना !इन्द्राणी भी नित्य भगवती जगदम्बाकी पूजाकरें भगवती शिवाकी आराधना सुखकारी होगी। हे देवताओ। नहुष भी जगदम्बिकाकी मायासे मोहित होकर शीघ्र ही अपने किये हुए पापसे अवश्य विनष्ट हो जायगा। अश्वमेधयज्ञसे पवित्र होकर इन्द्र भी शीघ्र ही अपने उत्तम इन्द्रपद और वैभवको प्राप्त करेंगे ॥ 38-44 ॥

अमित तेजवाले भगवान विष्णुको इस शुभ वाणीको सुनकर वे देवगण उस स्थानको चल दिये जहाँ इन्द्र रह रहे थे। बृहस्पतिके नेतृत्वमें देवताओंने इन्द्रको आश्वासन देकर सम्पूर्ण अश्वमेध महायज्ञ सम्पन्न कराया ॥ 45-46 ॥

**- क्रमशः**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### हर-गांव स्वच्छता अभियान

पूरे झारखंड में गांव-गांव में शौचालय का निर्माण हो रहा है। यह एक काफी अच्छी योजना है, जिससे हमारे गांवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन, हमारे कई गांवों में गरमी के मौसम में पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में शौचालय में उपयोग के लिए आम ग्रामीण पानी कहां से लायेंगे यह सोचने वाली बात है। हमें शौचालय के साथ-साथ पानी की भी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे कि लोग गरमी के मौसम में भी वहां पर पर्याप्त पानी का उपयोग शौच करने के बाद भी कर सकें। झारखंड के मुख्यमंत्री की यह घोषणा की ओडीएफ गांवों में होगी पेयजलापूर्ति की व्यवस्था एक सराहनीय कदम है। पानी की व्यवस्था से लोगों को भी राहत मिलेगी। साथ ही हाल में रेलवे लाईन पर शौच करते समय तीन महिलाओं की मौत से लगने लगा है कि अभी भी कई गांवों में शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो पायी है। वहीं उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को अब जलावन के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहले हमें सड़क व जंगलों में ग्रामीण महिलाओं को जलावन व गोईठा के लिए भटकते देखा जाता था। इसमें अब निःसंदेह कमी आयी है। सरकार की यह योजना सचमुच सराहनीय है। साथ ही राशन की दुकानों में एक किलो अनाज मिलने से स्थिति में सुधार भी दिखाई दे रहा है। अगर सही लाभुकों तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है तो, इसका व्यक्तिगत भ्रष्टाचार ज्यादा है। इसे रोकने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है।

**■ कैलाश प्रसाद , हमीदगंज , मेदिनीनगर।**

## टीबी से मुक्ति पाने के लिए लेना होगा लोगों का साथ

कोरोना महामारी की मुश्किल चुनौती से हम सबको काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान एक अन्य संक्रामक बीमारी टीबी के खिलाफ भी हमारी मुहिम निरंतर जारी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में ही टीबी के खिलाफ मुहिम की गंभीरता को समझते हुए 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य की समय सीमा खत्म होने में अब तीन साल से भी कम समय बचा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की उपलब्धियों का आकलन करते हुए हम अपनी रणनीति को बेहतर बनायें। हालांकि मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगी कि हमारे पास पहले ही टीबी उन्मूलन को लेकर कारगर नीतियां हैं जो सामुदायिक स्तर पर टीबी के असर को कम करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। चाहे वह मुफ्त उपचार हो या फिर देखभाल, ये दोनों सुविधाएं सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा निजी केंद्रों पर भी उपलब्ध हैं। हमने देश के दूरस्थ हिस्सों में भी टीबी रोग की स्क्रीनिंग और जांच सुनिश्चित की है। टीबी रोग की चिकित्सकीय जांच के साथ-साथ संक्रमित लोगों की पूर्ण रूप से मदद करने के लिए स्वास्थ्यगत देखभाल और सामाजिक सहायता संबंधी नीतियों को भी लागू किया है। मैं टीबी कार्यक्रम की इसलिए भी प्रशंसा करना चाहती हूं कि इसमें हमेशा संक्रमित मरीजों के प्रति और उनकी सहायता से संबंधित दूसरी नीतियों के प्रति एक सकारात्मक रुझान दिखाया गया है। उदाहरण के लिए तेलंगाना में अरुभा प्रोजेक्ट के तहत स्वयंसेवी महिला समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं व पंचायत सदस्यों के साथ सामुदायिक तौर पर टीबी सहायता समूह का गठन किया गया है। असम, छत्तीसगढ़, केरल, तमिलनाडु व तेलंगाना में टीबी मरीजों को सामुदायिक स्तर पर परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। टीबी इलाज में पोषण की अहमियत को देखते हुए सरकार ने बेहद अहम निक्षय पोषण योजना लागू की है। इसके तहत प्रत्येक पंजीकृत टीबी संक्रमित को इलाज के दौरान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये हर महीने 500 रुपये की मदद मिलती है। 2018 में शुरूआत होने के बाद से अब तक इस योजना में 57 लाख टीबी संक्रमितों को डीबीटी के जरिये 1,488 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इन सबके अलावा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अब कम्यूनिटी सपोर्ट इनिशिएटिव शुरू करने जा रहा है। इसके तहत सहकारी संस्थाएं, कॉरपोरेट घराने, जनप्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन और राजनीतिक दलों को टीबी उन्मूलन की मुहिम में जिला और प्रखंड को गोद लेने का मौका मिलेगा। इसका उद्देश्य समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों को टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आने को प्रोत्साहित किया जायेगा। इससे टीबी संक्रमित लोगों को शारीरिक व मानसिक तौर पर बीमारी से उबरने में मदद मिलेगी। टीबी रोगियों को ऐसे समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि उन्हें टीबी के उपचार के दौरान सख्ती से टीबी निरोधी दवाइयों के अलावा नियमित देखभाल की जरूरत होती है। टीबी के खिलाफ कठिन लड़ाई में एकजुटता की भावना का निर्माण करना भी इस इनिशिएटिव का लक्ष्य होगा। जो लोग मदद करना चाहते हैं, वे पोषण, जांच परीक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण में अपनी पसंद और सुविधा के मुताबिक किसी एक क्षेत्र को चुन सकते हैं। यह मदद तत्काल प्रभाव से संक्रमितों के परिवार के सदस्यों को भी मिलेगी। ऐसी पहल लोगों को इस बीमारी से लड़ने के लिए उपयुक्त संसाधन मुहैया करा सकती है। सामूहिकता की यह भावना टीबी के खिलाफ जन आंदोलन के आदर्शों के अनुरूप भी है। 2020 में भारत को टीबी-मुक्त बनाने का अभियान शुरू हुआ था, जिसमें पहली बार टीबी के खिलाफ जन आंदोलन का आह्वान किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य टीबी के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना, बीमारी से जुड़ी कलंक की भावना को दूर करना और उपलब्ध सभी टीबी सेवाओं को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लाना था। मुझे विश्वास है कि जैसे-जैसे कॉरपोरेट प्रतिनिधियों, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और अन्य प्रभावशाली सामुदायिक प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि के अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल होंगे, हमारे बीच से टीबी खत्म होगा। टीबी हारेगा, देश जीतेगा। **(लेखिका भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मामलों की राज्य मंत्री हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**■ डॉ. भारती प्रवीण पवार**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# आधी आबादी



# स्किन व बालों का रखना है ख्याल तो नारियल तेल व फिटकरी का करें इस्तेमाल



डेड स्किन सेल्स स्किन पर होने से त्वचा डल और इवन टोन नजर आती है। ऐसे में आप नारियल के तेल को हल्का गुनगुना करें और फिर उसमें फिटकरी का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। आज के समय में हर व्यक्ति किसी ना किसी तरह की ब्यूटी प्रॉब्लम से परेशान है। किसी के चेहरे पर एक्ने हैं तो किसी की स्किन बहुत रूखी है। कोई झड़ते बालों से दुखी है तो किसी को रूसी की समस्या है। आमतौर पर, लोग अपनी तरह-तरह की ब्यूटी प्रॉब्लम्स का हल मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स में ढूंढते हैं। जबकि आपके घर में ही सभी समस्या का समाधान मौजूद है। अगर आप फिटकरी और नारियल के तेल को इस्तेमाल करते हैं तो कई तरह की ब्यूटी प्रॉब्लम्स से आसानी से निजात पा सकते हैं।

## डेड स्किन सेल्स से पाएं छुटकारा

डेड स्किन सेल्स स्किन पर होने से त्वचा डल और इवन टोन नजर आती है। ऐसे में आप नारियल के तेल को हल्का गुनगुना करें और फिर उसमें फिटकरी का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। करीब आधे घंटे के बाद त्वचा को साफ कर लें। डेड स्किन हटाने को हटाने के लिए स्किन को वॉश करने से पहले हल्के हाथों से मसाज करें। ताकि सारी डेड स्किन निकल जाए।

## टैनिंग को करें दूर

अगर चेहरे और हाथों और पैरों पर टैनिंग हो गई है और डेड स्किन की वजह से स्किन टोन फीकी पड़ गई है तो आप इस तरह नारियल तेल और फिटकरी के पाउडर का मिश्रण लगाने से जल्द ही फर्क देखेंगे।

## डैंड्रफ नहीं करेगा परेशान

बालों में डैंड्रफ होने से बाल बहुत ज्यादा झड़ते हैं। वहीं स्कैल्प में खुजली और जलन भी परेशान करती है। अगर बालों में ऐसी समस्या है। इसलिए नारियल तेल और फिटकरी को मिलाकर बालों में लगाएं। फिर करीब एक घंटे बाद बालों को शैंपू से धो लें। इससे बालों का झड़ना बंद हो जाता है और नए बाल तेजी से बढ़ते हैं।

## स्किन को बनाए यंगर

अगर आप अपनी स्किन को अधिक समय तक जवां बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में फिटकरी और नारियल तेल का मिश्रण चेहरे पर लगाएं। ऐसा करने से त्वचा को टाइट करने में मदद मिलती है। साथ ही इससे झुर्रियों, फाइन लाइन्स की अपीयरेंस भी कम होती है।

❖ मिताली जैन

## शैम्पू करते हुए करेंगे यह गलतियां तो झड़ने लगेंगे बाल



जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं। बालों की केयर का सबसे पहला व जरूरी स्टेप है हेयर वॉश करना। यह बालों व स्कैल्प पर जमी ऑयल व गंदगी को दूर करने में मदद करता है। हालांकि, हेयर वॉश करने का अपना एक तरीका होता है। अगर आप शैम्पू करते हुए कुछ छोटी-छोटी मिसटेक्स करते हैं तो इससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है।


**जोर से रगड़ना :** कुछ लोगों की आदत होती है कि वह शैम्पू करते हुए बालों को तेजी से रगड़ते हैं। लेकिन आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, जिस समय आप बालों को वॉश करते हैं, उस समय वह बेहद कमजोर होते हैं। ऐसे में अगर उन्हें जोर से रगड़ा जाए तो वह टूटने लग जाते हैं। आप चाहें तो शैम्पू करने के बाद हल्की मसाज कर सकते हैं, लेकिन तेजी से रगड़ने से बचें।

**कंडीशनर को स्किप करना :** जब बात बालों को शैम्पू करने की होती है तो वह सिर्फ शैम्पू का इस्तेमाल करने तक ही सीमित नहीं है। आपको इसके बाद कंडीशनर भी अवश्य लगाना चाहिए। यह आपके बालों को स्मूद बनाता है। जिससे कॉम्ब करते समय आपके बाल कम टूटते हैं।

**बार-बार शैम्पू स्विच करना :** कई बार ऐसा होता है कि हम टीवी में कोई ऐड देखते हैं और उससे प्रभावित होकर किसी नए ब्रांड का शैम्पू ले आते हैं। लेकिन इस तरह बार-बार शैम्पू को स्विच करना बालों के लिए सही नहीं माना जाता। कई शैम्पू में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है और यह आपके बालों को डैमेज भी कर सकते हैं।

**बालों की प्रॉब्लम को ध्यान में ना रखना :** जब आप बालों को वॉश करते है तो हमेशा अपने बालों की समस्या व हेयर टाइप को ध्यान में रखकर ही शैम्पू चुनना चाहिए। मसलन, अगर आपको रूसी की समस्या है तो एक एंटी-डैंड्रफ शैम्पू आपके काम आएगा। अगर आप इसे ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे बालों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा होता है। इसलिए पहले हमेशा अपने बालों की जरूरत को समझें और उसी के अनुसार शैम्पू इस्तेमाल करें।

# महिलाओं के लिए ये हैं बेस्ट रोड ट्रिप



मुन्नार से एलेप्पी तक, आप केरल की सुंदर पहाड़ियों से यात्रा कर सकते हैं, जो अपने चाय बागानों और बगीचों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस सैर के साथ, कुछ आश्चर्यजनक झरने भी हैं जिन्हें आप देख सकते हैं। मुन्नार में बहुत सारे झरने हैं और कुछ बौद्ध मंदिर हैं। लड़कियों को घूमने का बहुत शौक होता है और जब भी उन्हें मौका मिलता है तो वह अपनी गर्ल गैंग के साथ कहीं ना कहीं घूमने जाना चाहती हैं। ऐसे में रोड ट्रिप पर जाना एक अच्छा विचार हो सकता है, क्योंकि इससे आप हर स्थान का अधिक बेहतर तरीके से आनंद ले सकती हैं और संस्कृति को करीब से अनुभव कर सकती हैं। लेकिन जब भी रोड ट्रिप पर जाने की बात होती है तो उन्हें यह समझ ही नहीं आता है कि आखिर वह कहां जाएं।

## मुन्नार से एलेप्पी रोड ट्रिप

मुन्नार से एलेप्पी तक, आप केरल की सुंदर पहाड़ियों से यात्रा कर सकते हैं, जो अपने चाय बागानों और बगीचों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस सैर के साथ, कुछ आश्चर्यजनक झरने भी हैं जिन्हें आप देख सकते हैं। मुन्नार में बहुत सारे झरने हैं और कुछ बौद्ध मंदिर हैं।

## एलेप्पी में घूमने के लिए बेहतरीन स्थान

- कुमारकोम पक्षी अभयारण्य
- वेम्बनाड झील
- मन्नारसला मंदिर
- अंबालापुझा मंदिर
- सेंट एंड्र्यूज फोरेन चर्च
- पथिरमनल
- पांडव रॉक

## मुंबई से वाराणसी रोड ट्रिप

यह रोड ट्रिप वाराणसी और मुंबई के जीवंत शहरों के साथ-साथ उनकी शानदार संस्कृतियों और ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरती है। रास्ते में, आपको कुछ खूबसूरत मंदिरों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा, जिन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज और अष्टपदी गौतम बुद्ध महावीर देव जैसे प्रसिद्ध हिंदू सम्राटों ने बनवाया था।

## वाराणसी में घूमने के लिए बेहतरीन स्थान

- काशी विश्वनाथ मंदिर
- दशाश्वमेध घाट
- मणिकर्णिका घाट
- तुलसी मानस मंदिर
- रामनगर किला और संग्रहालय
- आलमगीर मस्जिद

## दिल्ली से जैसलमेर रोड ट्रिप

दिल्ली से जैसलमेर का रास्ता आपके लिए घूमने के लिए सबसे अच्छे रोड ट्रिप में से एक है। दिल्ली से, जैसलमेर जाने के लिए तीन मुख्य मार्ग हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। एक एनएच11 से अलवर की ओर, उसके बाद एनएच48 जयपुर से होते हुए जोधपुर और अंत में एनएच125 और एनएच11 से जैसलमेर और पोखरण की ओर जाता है।

## जैसलमेर में घूमने के लिए बेहतरीन जगहें

- जैसलमेर का किला
- गड़ीसर झील
- जैन मंदिर
- कुलधरा गांव
- ताजिया टॉवर
- नथमल की हवेली

## दिल्ली से शिमला रोड ट्रिप

शिमला की यात्रा दिल्ली से शुरू होती है और कई सुरम्य गांवों और कस्बों से होते हुए शानदार दृश्य पेश करती है। आप ड्राइव पर खूबसूरत नैनीताल क्षेत्र, कालसी, चंबा आदि से गुजरेंगे और मैकलियोड गंज, धर्मशाला आदि जैसे कई लुभावने स्थानों को देखेंगे। जो पर्यटक हिमाचल प्रदेश के इस क्षेत्र को देखना चाहते हैं, वे अक्सर इस मार्ग का उपयोग करते हैं। यह महिलाओं के लिए रोड ट्रिप के लिए सबसे अच्छे विकल्पों में से एक है।

## शिमला में घूमने के लिए बेहतरीन जगहें

- शिमला का रिज
- कुफरी
- जाखू हिल
- माल रोड
- शिमला राज्य संग्रहालय
- क्राइस्ट चर्च
- काली बारी मंदिर
- हिमालयन बर्ड पार्क
- वाइसरीगल लॉज



# धनिया व नींबू का कॉम्बिनेशन स्किन के लिए है चमत्कार

जब धनिया और नींबू को एक साथ मिक्स करके यूज किया जाता है, तो यह आपकी सेहत के साथ-साथ स्किन के लिए भी गुणकारी है। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं। यह पेय पदार्थ विटामिन सी से भरपूर होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करता है। जब स्किन की केयर की बात होती है, तो अक्सर लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। लेकिन वास्तव में अधिकतर समस्याओं का हल आपकी किचन में ही छिपा है। जी हां, धनिया और नींबू दो ऐसे इंग्रीडिएंट हैं, जिन्हें अगर एक साथ इस्तेमाल किया जाए तो यह आपकी स्किन के लिए किसी चमत्कार की तरह काम करते हैं।

**धनिया और नींबू ऐसे है फायदेमंद :** जब धनिया और नींबू को एक साथ मिक्स करके यूज किया जाता है, तो यह आपकी सेहत के साथ-साथ स्किन के लिए भी गुणकारी है। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं। यह पेय पदार्थ विटामिन सी से भरपूर होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करता है। यह आपकी स्किन को क्लीयर बनाता है और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है। जिसके कारण आपकी स्किन यंगर बनती है और फाइन लाइन्स व झुर्रियों से निजात मिलती है।

**ऐसे बनाएं ड्रिंक :** यह ड्रिंक एक तरह डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में काम करती है। इसे बनाना बेहद ही आसान है। आप सबसे पहले धनिया की पत्तियों को अच्छी तरह धोकर ब्लेंडर में डालकर प्यूरी कर लें। अब इसमें आधा नींबू का रस निचोड़ें। अब इसमें एक कप पानी डालकर फिर से ब्लेंड कर लें। अब इसे छान लें और इसमें काला नमक डालकर मिक्स करें। अब इस जूस का सेवन कर लें।

**ब्लैकहेड्स की करें छुट्टी :** धनिया और नींबू से ड्रिंक बनाकर उसे पीने के अलावा आप इसे अपनी स्किन पर भी अप्लाई कर सकते हैं। अगर आपको एक्ने या ब्लैकहेड्स हैं तो ऐसे में आप धनिए को पीसकर उसमें थोड़ा सा नींबू का रस डालकर मिक्स करें। अब आप इसे प्रभावित एरिया पर लगाएं। यह स्किन को जीवंत बनाने में मददगार है।

**बनाएं फेस पैक :** स्किन की प्रॉब्लम्स को दूर करने के लिए आप धनिया और नींबू की मदद से फेस पैक भी बनाया जा सकता है। इसके लिए आप धनिया को पीसकर दूध में मिला लें। अब इसमें शहद और नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। अब इसे अपने फेस पर लगाएं। करीबन दस मिनट बाद चेहरे को धो लें।

# बाजार से परफ्यूम क्यों खरीदना?



गुलाब के फूलों की खुशबू से बेहतर दूसरी खुशबू शायद ही कोई और हो। इसलिए आप रोज एसेंशियल ऑयल को बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करें। इसकी महक काफी तेज होती है, इसलिए आपको इस तेल का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए। एक बूंद आपको प्यारी महक देगी। हम सभी अपनी डे टू डे लाइफ में तरह-तरह के परफ्यूम का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। इनकी महक आपको एक फील गुड देता है। लेकिन कई लोगों को परफ्यूम के इस्तेमाल के कारण परेशानी होती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप एसेंशियल ऑयल को ही परफ्यूम की तरह इस्तेमाल करें। यह ना केवल आपको पूरा दिन महकाने में मदद करेंगे, बल्कि आपको अन्य भी कई लाभ मिलेंगे। कई परफ्यूम में फेथलेट्स जैसे हानिकारक सिंथेटिक तत्व होते हैं, वहीं दूसरी ओर एसेंशियल ऑयल सिंथेटिक नहीं होते हैं और इनमें वास्तव में उपचार गुण हो सकते हैं।

**जैसमीन एसेंशियल ऑयल :** जैसमीन एसेंशियल ऑयल एक ऐसा ऑयल है, जिसे परफ्यूम के रूप में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। यह महंगा है, लेकिन किसी खास अवसर के लिए इसे इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तेल में एक मीठी, फूलों की सुगंध है जो आपको ऐसा महसूस कराएगी कि आप चमेली के बगीचे से गुजर रहे हैं। चमेली के तेल में अपनी मादक सुगंध के अलावा चिंता को कम करने की क्षमता भी होती है। तो ऐसे में आप खुद को तनावमुक्त रखने के लिए भी इसके इस्तेमाल पर विचार कर सकते हैं।

**रोज एसेंशियल ऑयल :** गुलाब के फूलों की खुशबू से बेहतर दूसरी खुशबू शायद ही कोई और हो। इसलिए आप रोज एसेंशियल ऑयल को बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करें। इसकी महक काफी तेज होती है, इसलिए आपको इस तेल का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए। एक बूंद आपको प्यारी महक देगी।

**इलंग इलंग एसेंशियल ऑयल :** इलंग इलंग एसेंशियल ऑयल इलंग इलंग फूलों से बनाया जाता है। इसकी सुगंध काफी आनंददायक होती हैं। यह आपको एक खुशनुमा अहसास करवाती है। अगर आप चाहें तो इसे भी बतौर परफ्यूम इस्तेमाल करने पर विचार कर सकते हैं। इसकी खुशबू काफी रोमांटिक होती है। इंडोनेशिया में तो नवविवाहितों के पलंगों के ऊपर इलंग इलंग के फूल बिछाए जाते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। धर्म के प्रति रुचि रहेगी।

**वृष राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों से सामंजस्य बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। मन अशान्त हो सकता है।

**मिथुन राशि :** आत्मविश्वास भी रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि भी होगी।

**कर्क राशि :** अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह राशि :** किसी पैतृक कारोबार में विस्तार के साथ शुरूआत हो सकती है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्?य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** माता-पिता का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयाँ आ सकती हैं।

**वृश्चिक राशि :** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पिता का सहयोग मिल सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। मन में जोश एवं उत्साह रहेगा।

**धनु राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर राशि :** मन में नकारात्मक विचार हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ राशि :** मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी। आय में वृद्धि होगी, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन राशि :** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन परेशान भी रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### बांग्लादेश सीमा से तस्कर गिरफ्तार, 40 लाख का सोना बरामद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर बंगाल की भारत बांग्लादेश सीमा से एक तस्कर को गिरफ्तार कर करीब 40 लाख के सात सोने के बिस्कुट बरामद किये हैं। बीएसएफ की तरफ से यह जानकारी दी गयी है। बीएसएफ ने बताया कि रविवार को एक खुफिया इनपुट के आधार पर रायगंज सेक्टर के तहत बीएसएफ की 61वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय नागरिक को सात सोने की बिस्कुट के साथ पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया तस्कर पतिराम इलाके से बस से मालदा जा रहा था, उसी वक्त बीएसएफ के जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये भारतीय का नाम प्रशांत विश्वास है। इसके पास से सात सोने के बिस्कुट जिसका बजन 816.360 ग्राम है, बरामद किये गये हैं। बरामद किये गये सोने की कीमत अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में करीब 40 लाख 65 हजार 472 आंकी गयी है। संभावना है कि ये सोना बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया था। बीएसएफ ने पकड़े गये तस्कर और सोने को आगे की जांच के लिए स्थानीय कस्टम विभाग को सौंप दिया है। वहीं, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर यह सोना कहां भेजा जाना था।

### विमान में अचानक बेकाबू हुआ पाक यात्री, पैर से तोड़ने लगा खिड़की के शीशे

**पेशावर (एजेंसी)।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की पेशावर–दुबई फ्लाइट में एक यात्री ने जमकर हंगामा किया। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक यात्रा के दौरान ही पाकिस्तानी यात्री अचानक अजीबो–गरीब हरकतें करने लगा। पहले तो उसने विमान की सीटों पर मुक्के बरसाना शुरू कर दिया और फिर उसके बाद विमान की खिड़कियों को भी जोर जोर से लात मारने लगा। इस दौरान विमान में सवार यात्रियों के बीच दहशत छा गयी। विमान के क्रू मेंबर ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह क्रू मेंबर्स के साथ भी बहस करने लगा। मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना 14 सितम्बर को फ्लाइट संख्या पीके–283 में हुई थी। एजेंसी ने जानकारी दी है कि पाकिस्तानी यात्री सबसे पहले क्रू मेंबर्स के साथ बहस करता है और फिर अचानक अजीबोगरीब हरकतें शुरू कर देता है। विमान में सीटों में तोड़फोड़ और धक्का देने के बाद उसने विमान की खिड़कियों को भी लात मारने की कोशिश की। फिर अचानक अपना चेहरा नीचे करके फर्श पर लेट गया।

# इंग्लैंड के लीसेस्टर शहर में दो समुदायों में झड़प के बाद तनाव

- एक धार्मिक स्थल पर दूसरे समुदाय के लोगों ने किया हमला
- धार्मिक स्थल पर हमले के बाद भड़के दंगे, पुलिस ने की शांति की अपील

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के लीसेस्टर में दो समुदायों में झड़प के बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। इस झड़प की शुरुआत करीब एक हफ्ते पहले ही हो गयी थी। तब एक समुदाय ने दूसरे के धार्मिक प्रतीक को उखाड़ दिया था। रविवार रात को दोबारा एक समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर दूसरे समुदाय के पूजा स्थल में तोड़-फोड़ की। इस घटना के बाद लीसेस्टर समेत ब्रिटेन के कई हिस्सों में तनाव दोबारा बढ़ गया है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते देखा जा सकता है। भीड़ ने दूसरे समुदाय के पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की। लीसेस्टर के पुलिस प्रमुख ने भी एक वीडियो जारी कर लोगों से इस हिंसा में शामिल न होने का आग्रह किया। रविवार रात जारी किये वीडियो में चीफ कांस्टेबल रॉब निक्सन ने कहा कि हमें शहर के पूर्वी लीसेस्टर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अव्यवस्था के फैलने की कई रिपोर्टें मिली हैं। सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गयी है। उन्हें लोगों को खदेड़ने और किसी को भी रोककर जांच करने की शक्तियां दी गई हैं। कृपया कोई भी ऐसे प्रदर्शनों में शामिल न हों। हम सभी से शांति बनाए रखने की मांग कर रहे हैं।

## बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले मंदिरों पर हमले बढ़े, मूर्तियां तोड़ीं



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के बरिसाल के मेहंदीगंज उपजिला में काशीपुर सर्बजनीन दुर्गा मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने मूर्तियों में तोड़फोड़ की है। मेहदीगंज पुलिस ओसी शफीकुल इस्लाम ने बताया कि स्थानीय लोग जब सुबह मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे, तब घटना का पता चला। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा से पहले इस्लामिक कट्टरपंथियों की साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने की साजिशें बढ़ती जा रही हैं। बरिसाल के मेहंदीगंज में मां दुर्गा की मूर्तियों के साथ तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। यह पिछले कुछ दिनों में 5वां हमला है। पुलिस ने कहा कि मंदिर में कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं है और हमने मंदिर के मैनेजमेंट से जल्द से जल्द कैमरा लगाने को कहा है। मेहंदीगंज पूजा उज्जैन परिषद के नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा की और उपद्रवियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मेहदीगंज यूएनओ नुरुन्नबी ने घटनास्थल का दौरा किया और मंदिर को पूजा के योग्य बनाने के लिए उसे बहाल करने के आदेश दिये। बरिसाल रेंज के डिप्टी आईजी ने बताया कि आगामी दुर्गा पूजा के लिए अब तक 1,682 मूर्तियां गढ़ी जा चुकी हैं। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिये गये हैं।

# महाराष्ट्र से वेदांता-फॉक्सकॉन सहित तीन बड़े प्रोजेक्ट गुजरात जाने का मुद्दा गरमाने लगा

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र से कोई मात्र एक बड़ा प्रोजेक्ट वेदांता-फॉक्सकॉन ही झटक कर गुजरात में नहीं ले जाया गया है। इसको लेकर कुल तीन बड़े प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से झटक कर गुजरात ले जाये गये हैं। इसको विपक्षी गठबंधन ने महाराष्ट्र की अस्मिता से खिलवाड़ करने का मुद्दा बना दिया है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी बचाव में जो भी बयान दे रही है, वह तथ्यों सहित उल्टा पड़ जा रहा है। राज्य सरकार मुश्किल में फंस गयी है। उद्धव ठाकरे वाली शिव सेना तथा गठबंधन दल एनसीपी व कांग्रेस ने मिलकर, वेदांता-फॉक्सकॉन का डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट गुजरात चले जाने का बड़ा मुद्दा बना दिया है।

विपक्षी दलों ने कहना शुरू कर दिया है कि एक-एक करके महाराष्ट्र के सारे बड़े प्रोजेक्ट गुजरात जा रहे हैं और यह महाराष्ट्र तथा मुंबई का महत्व कम करने की सुनियोजित योजना के तहत किया जा रहा है। अभी तक मुंबई व महाराष्ट्र देशी-विदेशी कंपनियों के लिए व्यवसाय के लिहाज से पसंद किया जाता रहा है। अब इस धारणा को कई तरह से तोड़ने की कोशिश होने लगी है। महाराष्ट्र में विपक्ष दल व लोग यह भी कहने लगे हैं कि ऐसे ही चलता रहा तो या तो मुंबई भी गुजरात में चला जायेगा या उसको चंडीगढ़ की तरह केंद्र शासित बना दिया जायेगा। इस तरह की बातों का विरोध करने के लिए सत्ताधारी दल व उसके हुक्मरानों ने पिछली गठबंधन (उद्धव) सरकार पर आरोप मढ़ना चाहा। लेकिन इसके जवाब में जब विपक्षी दलों ने वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की चिट्ठी उजागर कर दी, तब मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री दोनों ही फंस गये। उसके बाद फेस सेविंग के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह कहकर बचाव करने की कोशिश की कि गुजरात कोई पाकिस्तान में नहीं है।

लेकिन सबको मालूम है कि महाराष्ट्र व मुंबई वाले जब अपने लाभ वाला कोई मुद्दा या बात होती है, तो गुजरात को पाकिस्तान की तरह ही मानते हैं। जहां तक चिट्ठी का सवाल है, एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद वेदांता समूह के मालिक अनिल अग्रवाल के साथ उनका पत्राचार हुआ है। अनिल अग्रवाल ने 26 जुलाई को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखी चिट्ठी में कहा है कि इस प्रोजेक्ट के लिए दो बातें जरूरी हैं। एक तो केंद्र की सहमति, दूसरा राज्य सरकार की कैबिनेट की मंजूरी। अग्रवाल के पत्र के जवाब में शिंदे ने लिखा- आपको जानकर खुशी होगी कि दोनों मोर्चों पर केंद्र सरकार एडवांस स्टेज में है और बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। शिंदे ने 29 जुलाई 2022 को एमओयू साइन करने के लिए अनिल अग्रवाल को आमंत्रित भी किया।

यह पत्र उजागर होने के बाद एकनाथ शिंदे व फड़णवीस द्वारा पिछली सरकार पर ठीकरा फोड़ने का मामला उल्टा पड़ गया। उसके बाद खबर सामने आयी कि पिछले आठ साल में महाराष्ट्र के कई महत्वपूर्ण व बड़े प्रोजेक्ट गुजरात चले गये। 2007 से मुंबई में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर बनाने की तैयारी चल रही थी। राज्य सरकार ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स को इसके लिये विकसित किया था, लेकिन 2014 में केंद्र में मोदी सरकार बनते ही यह प्रोजेक्ट गुजरात चला गया। इसी तरह मुंबई पर आतंकी हमले के बाद से नेशनल एकेडमी ऑफ कस्टम पोलिसिंग मुंबई से सटे पालघर में बनाने की तैयारी हो रही थी। इसके लिये जमीन भी आवंटित हो गयी थी, लेकिन वह एकेडमी भी गुजरात चली गयी। अब वेदांता-फॉक्सकॉन की परियोजना भी पुणे के तालेगांव से गुजरात चली गयी। इस तरह केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र को तीन बड़े झटके दिये।

### तालिबान ने पाकिस्तानी सैनिकों को धमकाया

# इजरायलियों से ज्यादा तुमसे नफरत जमीन खाली करो नहीं तो मार दूंगा

- डूरंड लाइन को नहीं मानता है तालिबान, खैबर पख्तूनख्वा को बताता है अपना हिस्सा

**काबुल (एजेंसी)।** पाकिस्तान और तालिबान के बीच डूरंड लाइन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। तालिबान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा रेखा को मान्यता नहीं देता है। यही कारण है कि तालिबान लड़ाके और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच अक्सर झड़प भी हो जाती है। ऐसी ही एक झड़प का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें तालिबान लड़ाके पाकिस्तानी सैनिकों को धमकी देते दिखाई दे रहे हैं। तालिबान लड़ाके पाकिस्तानी सैनिकों से लड़ने को कह रहे हैं। इसके जवाब में पाकिस्तानी सैनिक कहता है कि वह लड़ना नहीं चाहता है। एक लड़ाका कहता है कि मुझे इजरायलियों से ज्यादा पाकिस्तानियों से नफरत करता हूं और लड़ना चाहता हूं। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान उनके देश का हिस्सा है। इस वीडियो को साउथ एशिया मीडिया रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है।

#### तालिबान बोला- इजरायलियों को मारने से ज्यादा तुम्हें मारना पसंद

वीडियो में सीमा पर लगे कटीले तारों के पार से एक तालिबान लड़ाका कहता है कि तुम पाकिस्तानी झूठे और धोखेबाज हो। तुम्हारी पीढ़ी भी पश्तो जानती है। हम यहां मजाक करने के लिए नहीं हैं। हम यहां अपने देश की पाकिस्तानियों से रक्षा करने के लिए हैं। अल्लाह की कसम, मैं इजरायलियों से ज्यादा तुम्हें मारना या लड़ना पसंद करूंगा। इस पर सीमा पार से एक पाकिस्तानी सैनिक की आवाज सुनाई देती है। वह कहता है कि हम तुमसे लड़ना नहीं चाहते, हम तुम्हारे साथ शांति चाहते हैं। इस पर तालिबान लड़ाके हंसने लगते हैं। फिर वे कहते हैं कि लेकिन हम तुम्हारे साथ शांति नहीं चाहते हैं। जब तक तुम हमारी जमीनों पर कब्जा किये हो, शांति स्थापित नहीं हो सकती है। वे पाकिस्तानी सैनिकों से पूछते हैं कि मैं तुमसे लड़ना चाहता हूं, क्या तुम तैयार हो।

# क्या अब वेटिंग या आरएसी टिकट को कन्फर्म करवाने के लिए टीटीई के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे?

- हैंड-हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी डिवाइस) से हो जायेगा आसान

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** क्या अब चलती ट्रेन में यात्रियों को वेटिंग या आरएसी टिकट को कन्फर्म करवाने के लिए टीटीई के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे? रेलवे के नये हैंड-हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी डिवाइस) के मार्फत हर रोज लगभग सात हजार वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

**हैंड-हेल्ड टर्मिनल-एचएचटी कैसे करती हैं काम :** रेलवे की नयी डिवाइस हैंड-हेल्ड टर्मिनल-एचएचटी जो कि आईपैड के आकार में होती है, इसमें पहले से लोड की गयी ट्रेनों के लिए यात्री आरक्षण चार्ट होते हैं। एचएचटी डिवाइस के जरिये पहले की तरह कागजी चार्ट से गुजरने के बजाय टिकट चेकिंग कर्मचारी बुकिंग पर रीयल-टाइम अपडेट के लिए इन उपकरणों के जरिये सीटों की जानकारी अपडेट कर सकते हैं। दरअसल, ट्रेन में मौजूद टीटीई के पास मौजूद एचएचटी डिवाइस इंटरनेट से कनेक्ट होती है। टीटीई जैसे ही किसी भी श्रेणी में खाली बर्थ मार्क करेगा। एचएचटी में दर्ज होते ही रेलवे स्टेशनों के पीआरएस और आईआरसीटीसी की वेबसाइट में दर्ज हो जायेगी। इसके साथ ही सबसे पहले स्वतः ही ट्रेन में वेटिंग या आरएसी टिकट शुरुआती नंबर के क्रम से कन्फर्म होते जायेंगे। अगर कन्फर्म होने के बाद भी बर्थ खाली रहती हैं, तो रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों में या ऑनलाइन ट्रेन के टिकट बुक किये जा सकते हैं। अभी तक ऐसी बर्थ खाली रहती थीं। खाली बर्थ वेटिंग या आरएसी नंबर और श्रेणी के अनुसार स्वतः ही कन्फर्म होती जायेंगी। रेलवे के एक अधिकारी का कहना है कि आरएसी या वेटिंग लिस्ट वाले यात्री रियल टाइम के आधार पर खाली बर्थ की उपलब्धता के बारे में एचएचटी ले जानेवाले टीटीई से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे चलने वाली ट्रेनों में बर्थ के आवंटन में पारदर्शिता आती है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि अगले तीन से चार महीनों में एचएचटी डिवाइस साप्ताहिक और सप्ताह में दो बार चलने वाली लंबी दूरी की सभी ट्रेनों में उपलब्ध करा दी जायेंगी। उन्होंने आगे बताया कि एचएचटी का उपयोग डिजिटल भुगतान विकल्पों के माध्यम से यात्रियों से अतिरिक्त किराया, जुर्माना और अन्य शुल्क वसूलने के लिए भी किया जा सकता है। कोच में यात्रा कर रहे डॉक्टर और वीआईपी यात्रियों की जानकारी भी मशीन पर होगी। भविष्य में ऑनलाइन भुगतान भी इसी मशीन के माध्यम से लिया जा सकेगा। फिलहाल ज्यादातर ट्रेनों में टीटीई चार्ट लेकर टिकट की चेकिंग करते हैं। जिस बर्थ पर यात्री नहीं पहुंचता है। वह उसे मार्क कर लेते हैं। इसके बाद उक्त खाली सीट किसी वेटिंग या आरएसी को वाले को दे देते हैं। यह टीटीई पर निर्भर करता है। कई बार टीटी कंफर्म करने के नाम पर सौदेबाजी कर लेते हैं। रेलवे इस तरह की व्यवस्था और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए टीटीई को रेलवे एचएचटी डिवाइस सौंप रहा है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार सामान्य दिनों में प्रतिदिन 12.5 लाख रिजर्वेशन होते हैं। जब सभी मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में एचएचटी डिवाइस से टिकटों की जांच की जायेगी तो कन्फर्म होने वाले टिकटों का आंकड़ा बढ़ जायेगा।

# पंजाब के सीएम को जर्मनी में फ्लाइट से उतारा

## पैसेंजर्स ने कहा– नशे में धुत थे भगवंत मान, उनकी वजह से चार घंटे हुए लेट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर विमान से नीचे उतारने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल के चीफ सुखबीर सिंह बादल ने ट्वीट कर मान और केजरीवाल को इस पर सफाई देने को कहा है। उनका कहना है कि इन रिपोर्ट्स ने पंजाबियों को दुनिया भर में शर्मिंदा किया है। भगवंत मान 17 सितम्बर को जर्मनी से दिल्ली लौट रहे थे। ऐसा कहा जा रहा है कि इसी दौरान फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर उन्हें लुफ्थांसा एयरलाइंस के विमान से नीचे उतार दिया गया। वे नशे में थे, इसलिए एयरलाइन ने ऐसा फैसला लिया। लुफ्थांसा वेबसाइट के मुताबिक, यह विमान फ्रैंकफर्ट से शनिवार दोपहर 1.40



बजे रवाना होनेवाला था। यह दिल्ली में रात 12.55 बजे लैंड करता, लेकिन इस हंगामे के बाद विमान 4 घंटे की देरी से शाम 5.52 बजे उड़ान भर पाया और सोमवार सुबह 4.30 बजे दिल्ली में लैंड हुआ। विमान के बाकी यात्रियों के अनुसार सीएम मान ने इतनी शराब पी रखी थी कि वे ठीक से चल नहीं पा रहे थे। उनकी पत्नी और सुरक्षाकर्मी उन्हें संभाल रहे थे। इस वजह से सुरक्षा का हवाला देते हुए मान को नीचे उतार दिया गया। उनके स्टाफ ने कोशिश की कि उन्हें न उतारा जाये, लेकिन फ्लाइट का स्टाफ कोई रिस्क नहीं लेना चाहता था। एक अन्य यात्री का कहना है कि इस पूरे वाकये के चलते फ्लाइट चार घंटे लेट हुई। सोशल मीडिया पर इसे लेकर सीएम भगवंत मान की आलोचना हो रही है। आप के मीडिया कम्युनिकेशन के निदेशक चंदर सुता डोगरा ने बताया था कि मुख्यमंत्री की तबीयत ठीक नहीं थी। इसी वजह से 17 तारीख की बजाय वे 18 तारीख को दिल्ली रवाना हुए। उधर, आप ने इस पूरे मामले को खारिज कर दिया है। सीएम कार्यालय के मीडिया प्रभारी नवनीत वाधवा ने कहा कि यह सब फालतू बातें हैं। मुख्यमंत्री के जर्मनी दौरे के कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें 18 सितम्बर तक जर्मनी में रहना था।

### सुखबीर बादल बोले - मान और केजरीवाल इस मुद्दे पर सफाई दें

**सुखबीर** सिंह बादल ने कहा कि इस विमान के यात्रियों ने मीडिया को जो जानकारी दी है, वह परेशान करनेवाली है। जानकारी के मुताबिक, पंजाब के सीएम भगवंत मान को लुफ्थांसा फ्लाइट से उतारा गया, क्योंकि वे नशे में थे। इस वजह से फ्लाइट चार घंटे देरी से उड़ान भर पायी। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि हैरानी की बात यह है कि पंजाब सरकार इन खबरों पर चुप है। सीएम भगवंत मान और दिल्ली सीएम केजरीवाल को इस मुद्दे पर सफाई देनी चाहिए। भारत सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए, क्योंकि इसमें पंजाबी और राष्ट्रीय गौरव शामिल है।



## न्यूज गैलरी

### पूर्व विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

रांची। धुर्वा डैम साइड निवासी प्रदीप तिवारी ने जेएमएम के पूर्व विधायक अमित महतो पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्रदीप की ओर से धुर्वा थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि झारखंड सरकार के कैबिनेट में स्थानीयता की नयी परिभाषा को परिभाषित करने वाले प्रस्ताव किया गया है। सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो ने हिंसक, विभाजनकारी, समाज में उपद्रव उत्पन्न करने वाला आपत्तिजनक बयान दिया है। उनका बयान हिंसा और समाज में उपद्रव को बढ़ाने वाला है। जिससे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच तनाव और हिंसा उत्पन्न हो सकती है। प्रदीप ने आवेदन में यह भी कहा है कि जाति, क्षेत्र, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव करने, समाज के वर्गों के बीच आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने वाले पूर्व विधायक पर कठोर कार्रवाई की जाए। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

रांची। हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस ने चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम शिव रजक है और वह हिंदपीढ़ी सेकेंड स्ट्रीट का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ हिंदपीढ़ी में चोरी का केस दर्ज था। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट भी जारी था। इसी आधार पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेजी।

### आरयू: फैशन डिजाइन एंड मैनेजमेंट में नामांकन जारी

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर फैशन डिजाइन एंड मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन के इच्छुक छात्र-छात्राएं किसी भी कार्य दिवस में विभाग से आवेदन फॉर्म और नामांकन संबंधी अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### राधाकृष्ण किशोर ने राजद से दिया इस्तीफा

रांची। झारखंड के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को पार्टी की क्रियाशील सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष संजय यादव को भेजे गए इस्तीफा में कई कारण गिनाए हैं। उन्होंने लिखा है कि प्रदेश के चुनाव पदाधिकारी सुरेश पासवान ने पलामू जिला के सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रखंड अध्यक्ष तथा डेलीगेट का नाम सूची में जोड़ने को अवैध मानते हुए प्रखंड अध्यक्ष तथा दोनों डेलीगेट को चुनाव में भाग लेने से वंचित कर दिया था। 19 सितंबर को पलामू जिला के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव में भाग लेने से वंचित किये जाने के बाद भी नौडीहा बाजार प्रखंड के अवैध रूप से चयनित प्रखंड अध्यक्ष तथा दोनों डेलीगेट को मतदान करने की अनुमति दी गई और तीनों ने मतदान किया। यह पूर्णत: प्रदेश निर्वाचन अधिकारी की अवहेलना और घोर अनुशासनहीनता है। यह झारखंड प्रदेश की कार्य संस्कृति से बिल्कुल अलग है।

### सीएमपीडीआई में हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रांची। सीएमपीडीआई में राजभाषा माह के उपलक्ष्य में सोमवार को मुख्यालय और क्षेत्रीय संस्थान-3, के कर्मियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता हिंदी और गैर-हिंदी भाषी दोनों वर्गों के लिए आयोजित की गई। हिंदी भाषी कर्मियों के लिए विषय-हिंदी के विकास में डिजिटल हिंदी की भूमिका था। जबकि, गैर-हिंदी भाषी कर्मियों के लिए विषय-भारतीय भाषाएं-रूप अनेक, पर सोच एक, था। हिंदी भाषी वर्ग में 25, जबकि अहिंदी भाषी वर्ग में 12 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को राजभाषा माह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

### पासवा देशभर में 5 करोड़ अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करेगा

रांची। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तहत देश के पांच करोड़ से ज्यादा अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने का फैसला लिया है। इस बाबत पासवा व रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन की ओर से 24-25 सितंबर को कोलकाता में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा व साक्षरता मिशन की शुरूआत होगी। इसका नेतृत्व पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद व रोटरी वर्ल्ड के अध्यक्ष शेखर मेहता करेंगे।

---

### बीएयू में नये पीजी और पीएचडी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# उच्च कृषि शिक्षा में समय व उर्जा का सदुपयोग एवं अभिनव शोध की आवश्यकता : कुलपति




◆छात्रों के लिए कक्षा में नियमित होना, अपनी क्षमता का उन्नयन व पाठ्यक्रम विषयों पर विशेष ध्यान, रूचि और गंभीर व सार्थक प्रयासों के लिए सदैव सजग रहना होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईसीएआर/बीएसएमए -2021 द्वारा उच्च कृषि शिक्षा के लिए अनुशंसित की गई संशोधित एवं पुनर्गठित पाठ्यक्रम को बीएयू लागु कर दी गई है। पीजी व पीएचडी पाठ्यक्रमों में आए इस नवीन बदलाव से नव नामांकित छात्रों को अवगत होना चाहिए। जीवन में उच्च कृषि शिक्षा एक महत्वपूर्ण क्षण है। सभी छात्र विवि के रोल मॉडल है, छात्रों की प्रतिभा प्रतिबिंबित होनी चाहिए। पाठ्यक्रम की पूरी अवधि में संशोधित व पुनर्गठित सभी नियमों और विनियमों का अक्षरशः पालन करनी होगी। समय एवं उर्जा का उचित सदुपयोग के साथ बेहतर अभिनव सोच के प्रति छात्रों को सजग रहना होगा। उक्त बातें नये पीजी व पीएचडी छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। कुलपति ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित संशोधित एवं पुनर्गठित पाठ्यक्रम से उद्यमिता एवं नियोजन सृजन को बल मिलेगा। छात्रों के लिए कक्षा में नियमित होना, अपनी क्षमता का उन्नयन व पाठ्यक्रम विषयों पर विशेष ध्यान, रूचि और गंभीर व सार्थक प्रयासों के लिए सदैव सजग रहना होगा। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने कहा कि आईसीएआर ने वर्त्तमान स्थिति एवं चुनौतियों को ध्यान में रखकर उच्च कृषि शिक्षा के पाठ्यक्रम को संशोधित एवं पुनर्गठित किया है। जो सभी कृषि विश्वविद्यालयों में लागु होगी। सभी नये पीजी व पीएचडी छात्र-छात्राएँ विश्वविद्यालय परिवार के अंग है। आपकी बेहतर शोध कार्य एवं बहुमुखी प्रतिभा पर बीएयू की पहचान बनेगी। स्वागत भाषण में डीआरआई कम डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता ने बताया कि बीएयू से सत्र 2020-21 तक 1426 छात्रों को पीजी और 273 छात्रों को पीएचडी अहर्त्ता मिली है।

## विद्या मंदिर क्लासेज ने लॉन्च किया नया वीआईक्यू टेस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेईई और नीट जैसे बड़ी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मशहूर विद्या मंदिर क्लासेज (वीएमसी) ने इस साल के अपने बहुप्रतीक्षित स्कॉलरशिप के साथ एडमिशन प्रोग्राम को लॉन्च कर दिया है। विद्या मंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट का आयोजन इसी साल अक्टूबर में किया जाएगा। विद्या मंदिर क्लासेज जेईई मेन, जेईई एडवांस, ओलंपियाड्स, एनटीएसई जैसे प्रोग्राम की कोचिंग कराने वाले इंस्टिट्यूट में अग्रिम पंक्ति में आता है, साथ ही इंस्टिट्यूट बच्चों को स्कॉलरशिप देकर उन्हें भविष्य उज्जवल बनाने का अवसर भी देता है। वीआईक्यू की परीक्षा ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से होंगी। क्लास 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 के छात्रों के लिए ये टेस्ट 8, 9, 15 और 16 अक्टूबर को कराए जाएंगे। जो छात्र इस एग्जाम को पास करेंगे उन्हें विद्या मंदिर क्लासेज के ऑफलाइन और ऑनलाइन एडमिशन प्रोग्राम में प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही 100 परसेंट तक स्कॉलरशिप भी मिलने के चांस रहेंगे। विद्या मंदिर क्लासेज के चीफ बिजनेस ऑफिसर अभिषेक शर्मा ने इस बारे में कहा, "अपने अनूठे टीचिंग मेथड्स, स्टडी मटेरियल और बेहतर रिजल्ट के लिए मशहूर वीएमसी पांच प्वाइंट वाले वीआईक्यू टेस्ट को आयोजित करने के लिए उत्सुक है। चाहे कम से कम अकैडमिक फीस में बच्चों की पढ़ाई की बात हो या फिर स्कॉलरशिप पर एडमिशन, छात्रों के लिए 100 घंटे तक की ऑनलाइन कॉम्प्लीमेंट्री क्लास की बात हो या फिर बच्चों के फ्री प्रैक्टिस टेस्ट और ऑनलाइन स्टडी मटेरियल की बात हो, वीएमसी हमेशा से इस तरह के प्रयासों में आगे रहा है।

---

### श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46 वें वार्षिकोत्सव मनाया गया

## पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण सभी लोगों का दायित्व : नंदकिशोर पाटोदिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 46 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर सेवा प्रकल्प कार्य के तहत सोमवार को सुकुरहुट्टू गौशाला परिसर में अग्रवाल सभा रांची द्वारा गौसेवा सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में 50 पौधे लगाए गए। जिसमें 30 फालसा का वृक्ष तथा 20 अन्य फलों के पौधे लगाएं गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अहम पहल है जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है तथा इस दिशा में समाज और सरकार को मिलकर वृक्षारोपण संस्कृति का विकास करना होगा। पर्यावरण की स्वच्छता और शुद्ध हवा से सीधा संबंध है दोनों मानव स्वास्थ के लिए आधार का काम करते हैं। जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष ही है। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। हम सभी संकल्प ले की ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं एवं उसकी सुरक्षा करें। कार्यक्रम का संचालन मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने की तथा धन्यवाद- ज्ञापन उप मंत्री अजय डीडवानिया ने की। वृक्षारोपण के उपरांत सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सैकड़ों गायों को गुड़, चारा, खली भूसी, घास खिला कर गो सेवा की गई। तथा लोगों से गो सेवा जैसे पुनीत कार्य मे हमेशा योगदान देने का आवाह्न किया गया।

### रांची विश्वविद्यालय करेगा युवा उत्सव की मेजबानी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) की ओर से रांची जिला का युवा उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सोमवार को एनवाईकेएस कार्यालय में निदेशक हनी सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि युवा उत्सव 24 सितंबर को रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस), परिसर में आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव में कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग/स्कल्पचर, फोटोग्राफी, लोकनृत्य, युवा संवाद आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए तीन-तीन सदस्यीय निर्णायक मंडली का गठन किया गया। युवा उत्सव में रांची विश्वविद्यालय के अलावा केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, सरला बिड़ला विश्वविद्यालय, वाईबीएन विश्वविद्यालय व रामकृष्ण मिशन कृषि विश्वविद्यालय के लगभग 400 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# नवरात्रि के शुभ अवसर पर भव्य डांडिया नाइट का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नवरात्रि के अवसर पर डांडिया -गरबा का आयोजन होगा। 1अक्तूबर 2022 दिन शनिवार को शहर के रांची क्लब परिसर में मारवाड़ी युवा मंच रांची के तत्वावधान में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन संध्या 6:00 बजे से किया जा रहा है। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल ने कार्यक्रम का पोस्टर और टिकट होटल रेनडिव के सभागार में विधिवत लांच किया। उन्होंने बताया कि बेस्ट डांसर कपल, वेस्ट डांस ग्रुप, बेस्ट कॉस्टयूम, बेस्ट सेल्फी, बेस्ट मेकअप और अन्य प्रकार के प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट आने वाले को स्पेशल गिफ्ट देंगे। मंच के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता ने बताया की कार्यकम को सफल बनाने के लिए मुंबई से 9 लोगों की टीम के द्वारा रंग बिरंगी लाइटों और डीजे की तेज धुनों के बीच झूमेंगे। बच्चों के लिए विशेष रूप से गेम जोन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ अलग अलग तरह की राजस्थानी और गुजराती व्यंजनों का लुफ्त लेंगे।डांडिया राजस्थानी संस्कृति और गुजराती परिधान पहनकर पारिवारिक माहौल मे किया जाएगा। डांडिया नाइट की अधिक जानकारी लेने के लिए विकास अग्रवाल 8797942294, सचिव विकाश अग्रवाल 9308014767 से संपर्क कर सकते है। कार्यक्रम के संयोजक विशाल पाडिया और रोहित पोद्दार हैं।

---

### हेहल, पिस्का, रांची में चित्र प्रदर्शनी का तीसरा दिन

## प्रधानमंत्री के पिछले 8 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं पोषण माह के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित शासन के 8 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा हेहल में सांसद रांची आवास के निकट तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी आज यहां हेहल में गीत और नाटक भाग के रंगारंग कार्यक्रम के साथ समाप्त हो गया.पोषण माह व सेवा पखवाड़ा के क्रम में प्रदर्शनी स्थल से आज जरूरतमंद दिव्यांगजनों के बीच श्री संजय सेठ द्वारा ट्राई साइकिल व बैसाखी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशव्यापी सेवा पखवाड़ा अब सेवा आंदोलन का रूप ले चुका है। सभा को संबोधित करते हुए श्री संजय सेठ ने चित्र प्रदर्शनी के आयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची व पत्र सूचना कार्यालय, रांची की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आशा व्यक्त किया कि आने वाले समय में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा इस तरह की प्रदर्शनीयों का आयोजन राज्य के विभिन्न हिस्सों में किया जाता रहेगा ताकि उपयोगी जानकारियों से राज्यवासी लाभान्वित होते रहें। प्रदर्शनी के तीनों दिन भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी स्थल के निकट नेत्र जांच शिविर, खादी व ग्राम उद्योग के स्टॉल, रक्तदान व मधुमक्खी पालन जैसे लाभकारी व जनउपयोगी स्टॉल्स से लाभान्वित होते रहे। समापन समारोह में हटिया के विधायक श्री नवीन जायसवाल जी मुख्य अतिथि के रूप से शामिल रहे।

## श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के द्वारा निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण के बीच नये वस्त्रों का हुआ वितरण

दूसरे-दूसरे गांव से लगभग 200 जरूरतमंदों के बीच सामग्रियों का वितरण कर लोगों को सहायता पहुचायी गई। सभी लोग वस्त्र व अन्य सामान पाकर खुश थे।

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने सोमवार को पितृ पक्ष(श्राद्ध) दिवस नवमी के अवसर पर संस्था के सदस्यों के सहयोग से पुंदाग टीओपी के पिछे स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे पुंदाग गांव से आये हुए मंदिर परिसर के आसपास के निर्धन ग्रामीण, पतरा टोली, हेहल प्रखण्ड के पहाड़ टोली, मुण्डा टोली, पाहन टोली से आये हुए लगभग 200 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों के बीच पितृ पक्ष के श्राद्ध दिवस नवमी के अवसर पर सफल आयोजन कर सभी आये हुए बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को पितृ पक्ष के श्राद्ध में वस्त्रों का वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया। पितृ पक्ष (श्राद्ध) दिवस के नवमी पर बच्चों एवं महिला- पुरुष के बीच टी सर्ट, पेंट सर्ट महिलाओं के बीच साड़ी एवं सलवार सुट में बच्चों के बीच सर्ट, पेंट, कलर पेन्सिल एवं कलर कापी का वितरण का कार्य वहां के सेवाधारी महिला प्यारी उरांव, पुष्पा कुमारी, चन्द्रदिप साहु, सुरज उरांव एवं अर्जुन मुण्डा की देखरेख में संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया।

### टीएसवीपी का प्रतिनिधिमंडल जेयूटी के कुलपति से मिला

**रांची।** तकनीकी शिक्षा विद्यार्थी परिषद (टीएसवीपी), झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) के कुलपति प्रो विजय पांडेय से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विकास कार्यक्रम, बैकलॉग परीक्षा, औद्योगिक भ्रमण इंडस्ट्रीयल व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की मांग की व इससे संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। इसपर कुलपति ने आश्वस्त किया कि जल्द ही सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में टीएसवीपी संयोजक अभिषेक कुमार, सह संयोजक प्रणय राज, कुंदन, पीयूष, विनय, सचिन कुमार, मृत्युंजय, उर्मिला कुमारी, सुषमा कुमारी, अमृता कुमारी, नेहा टुडू समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थे।

---

### बीआईटी मेसरा में एक व्यवसाय योजना प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## सपने देखना जारी रखें, असफलता से डरें नहीं : महेश पोद्दार

**नवीन मेल संवाददाता**



◆प्रतिभागी देश भर के 10 से अधिक आईआईएम और चार आईआईटी सहित 340 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

**रांची।** झारखंड लघु उद्योग संघ 'जेएसआईए' और प्रबंधन विभाग, बीआईटी मेसरा के संयुक्त तत्वावधान में 18 सितंबर को कैट ऑडिटोरियम बीआईटी मेसरा, रांची में 'अभ्युदय 2022 - एक व्यवसाय योजना प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। बीआईटी मेसरा के प्रबंधन विभाग की प्रमुख डॉ. श्रद्धा शिवानी ने स्वागत भाषण दिया। इस प्रतियोगिता को दो राउंड में डिजाइन किया गया था। पहले दौर में विचारों के प्रस्तुतिकरण के आधार पर प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग में चयनित युवा उद्यमियों को अंतिम दौर में प्रवेश मिला। इस प्रतियोगिता के लिए देश भर के छात्रों और उद्यमियों से कुल 650 प्रस्तुतियां प्राप्त हुईं थी। प्रतिभागी देश भर के 10 से अधिक आईआईएम और चार आईआईटी सहित 340 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इसमें महिला प्रतिभागियों की ओर से 220 से अधिक सबमिशन प्राप्त हुए थे। इनमें से शीर्ष 20 का चयन बीआईटी मेसरा के एलीट पैनल में शामिल जूरी सदस्य पूर्व सांसद महेश पोद्दार, पूर्व क्षेत्रीय निदेशक ज्योति पांडे, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष अभिजीत डे, एजीएम सिडबी रांची आरके सिंह, प्रोफेसर बीआईटी मेसरा डॉ. विशाल एच शाह, प्रोफेसर बीआईटी मेसरा सत्यजीत महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अभ्युदय 2022 के अध्यक्ष और जेएसआईए की उप-समिति के सदस्य कनिष्क पोद्दार ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा उद्यमियों के स्टार्टअप को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे। यह नवोदित उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर है। जेएसआईए के अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू ने कहा कि इस आयोजन ने देशभर के युवा उद्यमियों को अपने स्टार्टअप और आगे बढ़ाने और व्यवसाय के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को जानने-समझने का मौका दिया है। 5 फाइनलिस्ट टीमों ने में शामिल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से राहुल खत्री ने 'एआरटीएल- कला एक्स्टसी है' पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य भारतीय कला विरासत को बढ़ावा देना है। उनकी व्यवसाय शिल्प कार्यों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है।

### 23 सितंबर को आजसू महिला मोर्चा का राज्य के सभी 260 प्रखंडों में सम्मेलन

## आधी आबादी को गोलबंद कर, उनके हक-अधिकार के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगी आजसू पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षित, संगठित एवं स्वाभिमानी समाज की परिकल्पना करने वाले झारखंड आंदोलन के मसीहा स्व. बिनोद बिहारी महतो जी की जयंती पर 23 सितंबर को आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा का राज्य के सभी 260 प्रखंडों में सम्मेलन होगा। सम्मेलन की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि 23 सितंबर को आजसू पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को परिवर्तित करके अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा का राज्य के सभी प्रखंडों में सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन को लेकर प्रदेश एवं जिला की सभी महिला नेत्रियों को अलग-अलग प्रखंडों की जिम्मेदारी दे दी गई है। डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि आजसू पार्टी आधी आबादी को गोलबंद कर, उनके हक-अधिकार के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। प्रखंड सम्मेलन के दौरान राज्य में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार एवं सरकार द्वारा स्थानीय नीति एवं आरक्षण को लेकर लिए गए निर्णयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर भी मंथन किया जाएगा तथा सभी प्रखंडों में संगठन का गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार किया जाएगा। साथ ही साथ प्रखंड स्तर पर सदस्यता अभियान एवं जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम को गति देने पर भी की चर्चा की जाएगी। प्रखंड सम्मेलन के दौरान अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा के भावी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी। ज्ञात हो कि 16 अक्टूबर को अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा का सभी जिलों में जिला सम्मेलन तथा 6 नवंबर को राज्यस्तरीय अधिवेशन होना तय है।

प्रखंड सम्मेलन के दौरान अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा के भावी कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की जाएगी। ज्ञात हो कि 16 अक्टूबर को अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा का सभी जिलों में जिला सम्मेलन तथा 6 नवंबर को राज्यस्तरीय अधिवेशन होना तय है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम ने विकास व कल्याणकारी योजनाओं की...**
लगभग आवास का कार्य लंबित है। वहीं, केंद्र सरकार ने 1 लाख 75 हजार नये आवास स्वीकृत किये हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत इस वर्ष 11 हजार 155 आवास बनाने का लक्ष्य है। इसमें 62100 आवास स्वीकृत किया गया है।

**कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा...**
नड्डा के साथ अपनी फोटो कैप्टन ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट की। इस मुलाकात में नड्डा ने कैप्टन को नयी राजनीतिक पारी के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद शाम तकरीबन साढ़े पांच बजे कैप्टन भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां शाम छह बजे केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कैप्टन को भाजपा में शामिल कराया। पंजाब में कांग्रेस में कैप्टन के साथी रहे कई नेता जैसे सुनील जाखड़, बलबीर सिद्धू, राजकुमार वेरका, राणा गुरमीत सोढ़ी, फतेह जंग सिंह बाजवा, गुरप्रीत सिंह कांगड़, सुंदर शाम अरोड़ा, केवल ढिल्लों पहले ही भाजपा जॉइन कर चुके हैं।

**पलामू में भी लंपी वायरस का खतरा...**
क्षमता घटने लगती है। मवेशियों के शरीर पर 10-50 मिमी गोलाई वाली गांठ निकलना शुरू हो जाता है। इस वायरस से पशु को बहुत तेज बुखार आता है। जिससे पशु खाना बंद कर देता है क्योंकि चबाने और निगलने में परेशानी होती है। जानवरों में बांझपन और गर्भपात की समस्या होती है।

## न्यूज गैलरी

### फिंच के संन्यास के बाद कप्तान होंगे कमिंस : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दो बार के वनडे विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सलामी बल्लेबाज आरोन फिंच के संन्यास के बाद टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 50 ओवर के प्रारूप में टीम के नये कप्तान होंगे। वर्तमान में टी-20 इंटरनेशनल कप्तान फिंच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हालिया घरेलू श्रृंखला के दौरान एकदिवसीय मैचों से संन्यास की घोषणा की जिसमें मेजबान टीम ने 3-0 से जीत हासिल की। भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप की शुरुआत से पहले एक साल से भी कम समय के साथ पोंटिंग को लगता है कि 29 वर्षीय कमिंस नेतृत्व की भूमिका के लिए आदर्श विकल्प होंगे हालांकि इससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके कार्यभार में वृद्धि होगी। पोंटिंग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह पैट कमिंस होगा। मुझे पता है कि वह स्पष्ट कारणों से सभी एक दिवसीय मैच नहीं खेलता है, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में उसका कार्यभार सभी तेज गेंदबाजों की तरह पिछले कुछ वर्षों में बहुत अधिक रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सचेत हैं कि उनके पास कमिंस, (जोश) हेजलवुड और (मिशेल) स्टार्क 100 प्रतिशत फिट और बड़ी टेस्ट श्रृंखला के लिए स्वस्थ हैं, लेकिन देखिए मुझे आश्चर्य होगा अगर यह पैट कमिंस नहीं था।

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है, लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए दावेदारी में बने रहेंगे। 32 वर्षीय ने 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रारूप में पदार्पण करने के बाद से 27 टेस्ट में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और उन्होंने पांच के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ कुल मिलाकर 36 विकेट लिये। हालांकि, टेस्ट में उनका कभी प्रभाव नहीं पड़ा। रुबेल ने आखिरी बार फरवरी 2020 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट खेला था, जहां उन्होंने पारी में 25 से अधिक ओवर फेंकने के बाद 113 रन देकर तीन विकेट लिये थे। वह टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सके और लंबे प्रारूप में उनकी इकॉनमी दर हमेशा चिंता का विषय रही है, हालांकि उनके पास बहुत सारे कौशल हैं। तेज गेंदबाज ने अब युवाओं को अधिक मौके प्रदान करने के लिए प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला किया है। रुबेल ने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लिखा, युवाओं को मौका देने के लिए मैंने रेड-बॉल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। कुछ हफ्ते पहले मुशफिकुर रहीम ने एशिया कप 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद टी-20 इंटरनेशनल प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी जबकि अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह को हाल ही में घोषित टी-20 विश्व कप 2022 टीम में जगह नहीं मिली थी। रुबेल के टेस्ट क्रिकेट से हटने के साथ एक स्पष्ट संकेत है कि एशिया कप 2022 में बांग्लादेश के जल्दी बाहर होने के बाद युवाओं को तैयार किया जा सकता है। रुबेल बांग्लादेश के लिए टी-20 विश्व कप 2021 टीम का हिस्सा थे, लेकिन प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे और वह इस साल के टी-20 विश्व कप 2022 के लिए चीजों की योजना का हिस्सा नहीं हैं। रुबेल के लिए सीमित ओवरों की टीम में वापसी करना कठिन होगा क्योंकि वह एक साल से अधिक समय तक अंतर्राष्ट्रीय एक्शन से चूक गये थे।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भुवी का अहम किरदार, नयी गेंद से पावरप्ले में करते हैं कमाल

## टीम इंडिया के लिए दोधारी तलवार हैं भुवनेश्वर कुमार, डेथ ओवर्स में हो जाता है टीम का बंटाधार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** 25 दिसम्बर 2012। तब उत्तर भारत कड़ाके की ठंड झेल रहा था। मगर अपने सदाबहार मौसम के लिए मशहूर बेंगलुरु में ठंड की बजाय माहौल थोड़ा गर्म था। भारत-पाकिस्तान आमने-सामने जो थे। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहला टी-20 खेला जा रहा था। इसी मैच में पहली बार दुनिया ने भुवनेश्वर कुमार की झलक देखी। अपने पहले ही मैच में इस पेसर ने बता दिया कि क्यों मीडिया उन्हें अगला स्विंग का सुल्तान कहते आ रही है। यह एक ड्रीम डेब्यू था। भुवी ने टी-20 इंटरनेशनल करियर के पहले ही ओवर में नासीर जमशेद का शिकार किया। फिर अगले ही ओवर में दो विकेट निकाल लिये। रोमांचक मैच भले ही पाकिस्तान ने जीता, लेकिन इधर भारत को ऐसा बेहतरीन पेसर मिल चुका था, जो गेंद को दोनों तरफ हिलाने की कला जानता हो। अब इस बात को 10 साल गुजर चुके हैं। बीते 10 साल में नयी गेंद के साथ भुवी आज भी वही जादू चलाते हैं, लेकिन डेथ ओवर्स में मेरठ के



इस पेसर पर भरोसा नहीं किया जा सकता। भुवनेश्वर कुमार के पास 21 टेस्ट, 121 वनडे और 77 टी-20 इंटरनेशनल का लंबा-चौड़ा अनुभव है। भुवी को लेकर टीम मैनेजमेंट की सोच क्लियर है। उन्हें टेस्ट मैच नहीं बल्कि शॉर्ट बॉल फॉर्मेट में खिलाया जाता है। वर्ल्ड टी-20 के लिहाज से वह अहम सदस्य हैं। जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से शुरुआत करेंगे। विकेट निकालकर देंगे। टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले के दौरान भुवनेश्वर कुमार 5.66 की शानदार इकॉनमी से बॉलिंग करते हैं, लेकिन गेंद थोड़ी पुरानी होते ही भुवी की धार भी कुंद पड़ने लगती है। 5.66 की इकॉनमी रेट डेथ ओवर्स में 9.26 हो जाती है। मतलब डेथ ओवर्स में औसतन हर ओवर 9.26 रन लुटाने लगते हैं। भुवी 60.8 प्रतिशत डॉट बॉल पावरप्ले में फेंकते हैं जबकि डेथ ओवर्स में सिर्फ 39.7 प्रतिशत बॉल ही खाली डाल पाते हैं।

**वाइड यॉर्कर पर भरोसा रखते हैं भुवी :** भुवनेश्वर कुमार स्लॉग ओवर्स में ऑफ-साइड वाइड लाइन यॉर्कर पर भरोसा करते हैं, लेकिन एशिया कप में उनकी एक न चली। अगर उनके पास अर्शदीप जैसी थोड़ी ज्यादा स्पीड या फिर हर्षल पटेल जैसा वेरिएशन होता तो शायद बल्लेबाजों के लिए वह इतने आसान शिकार नहीं बनते। शॉर्ट बॉल फॉर्मेट में 19वां ओवर 20वें से बेहतर होता है। भुवनेश्वर कुमार ने भारत के लिए ये काम कई बार किया है। कुल 129 गेंदें फेंकी हैं। दूसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह (48 गेंद, 7.87 इकॉनमी, तीन विकेट) और उसके बाद हर्षल (36 गेंद, 8.5 इकॉनमी, दो विकेट) का नाम आता है। बुमराह ने भारत के लिए 20वां ओवर ज्यादा फेंका है।

### कॉट्रेल 19वें ओवर के सबसे किफायती बॉलर

**एशिया** कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ दोनों ही मुकाबलों में भारत को रन बचाने थे। जिताने का दारोमदार गेंदबाजों के कंधों पर था। दोनों ही मैच में 19वें ओवर की जिम्मेदारी भुवनेश्वर कुमार के पास थी। एक मैच में 26 तो दूसरे मुकाबले में 21 रन बचाने थे। मगर भुवी ने 19 और 14 रन लुटा दिये। टी-20 में सबसे किफायती 19वें ओवर के गेंदबाज (न्यूनतम 36 गेंद) शेल्डन कॉटरेल (5.61), पैट कमिंस (5.83), एनरिक नॉर्टजे (6.00) और ड्वेन ब्रावो (6.83) हैं। सारों के सामने भुवी (9.62) जरूर महंगे हैं, लेकिन वह दुनिया में किसी और की तुलना में अधिक विकेट (12) भी लेते हैं। दुबई में उन 19वें ओवरों में अगर उन्हें आसिफ अली, खुशदिल शाह, भानुका राजपक्षे या दासुन शनाका में से कोई भी मिल जाता, तो इससे रन चेज पर ब्रेक लग सकता था। अगर जसप्रीत बुमराह या हर्षल पटेल फिट होकर खेल रहे होते तो डेथ ओवर्स की जिम्मेदारी उन्हीं के पाले में जाती।

# टी-20 सीरीज में बन सकते हैं कई रिकॉर्ड्स रोहित-कोहली के पास इतिहास रचने का मौका

**मोहाली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच 20 सितम्बर को खेला जायेगा। टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए यह सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम होनेवाला है। टी-20 इंटरनेशनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कुल मिलकर 24 मैच हुए हैं जिसमें 13 मैच में भारत को जीत तो वहीं नौ मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत मिली है। इसके साथ-साथ दो मैच में परिणाम नहीं निकल सका था। बता दें कि हमेशा की तरह इस सीरीज में कुछ रिकॉर्ड्स बन सकते हैं जो फैन्स को हैरान कर देंगे। भारत के 'हिट मैन' रोहित शर्मा के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में धोनी को पछाड़ने का मौका होगा। रोहित यदि 30 रन बना पाने में सफल तो वो धोनी को पछाड़ने में सफल हो जायेंगे। भारतीय कप्तान ने अबतक इंटरनेशनल



क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 70 पारियों में 2934 रन बनाये हैं, तो वहीं धोनी ने 96 पारी खेलकर 2963 रन बनाने का कमाल करने में सफल रहे थे।

**रोहित शर्मा रचेंगे इतिहास :** टी-20 इंटरनेशनल में रोहित शर्मा सबसे ज्यादा छक्का लगाने से सिर्फ दो कदम दूर हैं। रोहित ने अब तक अबतक 171 छक्के लगाये हैं। मार्टिन गप्टिल के नाम टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। गप्टिल के नाम 172 छक्के टी-20 में दर्ज है।

### विराट कोहली 11 हजार रन के करीब

**विराट** कोहली टी-20 क्रिकेट में 11 हजार रन पूरा करने से सिर्फ 98 रन दूर हैं। यानि 98 रन बनाते ही कोहली 11 हजार रन टी-20 में पूरे कर लेंगे। ऐसा करते ही विराट भारत के पहले बल्लेबाज तो वहीं दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन जायेंगे।

### केएल राहुल के पास भी होगा मौका

**केएल** राहुल के पास टी-20 इंटरनेशनल में दो हजार रन पूरा करने का मौका होगा। राहुल यदि 37 रन बनाने में सफल रहे तो वो भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में दो हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज होंगे। रोहित और विराट कोहली पहले ही ऐसा कर चुके हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप-2022

# टीम इंडिया की नयी जर्सी लॉन्च



**मुंबई (एजेंसी)।** आगामी टी-20 वर्ल्ड कप-2022 में भारतीय टीम नयी जर्सी में नजर आयेगी। रविवार को मुंबई में इस नयी जर्सी का अनावरण हुआ। बीसीसीआई ने टीम इंडिया की नयी जर्सी की तस्वीर ट्विटर पर शेयर की है। तस्वीर में भारत के कप्तान रोहित शर्मा, स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव शामिल हैं। जबकि तस्वीर में महिला टीम की खिलाड़ियों में रेणुका सिंह, कप्तान हरमनप्रीत कौर और शेफाली वर्मा शामिल थीं।

**कैसी है टीम इंडिया की नयी जर्सी :** भारतीय टीम इस वर्ल्ड कप में एक नयी जर्सी पहनकर उतरेगी। जर्सी का लुक सामने आ गया है। इस नयी जर्सी की बात करें तो पिछले सीजन की तुलना में इस बार टीम इंडिया की जर्सी का कलर थोड़ा हल्का नीला है। जबकि बाजू गहरे निले रंग में नजर आ रहा है। जर्सी पर किट पार्टनर एमपीएल और टीम का आधिकारिक स्पांसर बॉयजूस का लोगो है। लोगो के नीचे संतरी रंग में इंडिया लिखा हुआ है। आप आधिकारिक पार्टनर एमपीएल की वेबसाइट पर जाकर इस नयी जर्सी को खरीद सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को होनेवाले मैच के साथ करेगी।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में देवेंद्र ने जीता सिल्वर

## 60.97 मीटर भाला फेक बढ़ाया भारत का मान, बोले- पैरा खिलाड़ियों के प्रति बदला नजरिया

**जयपुर (एजेंसी)।** वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में भारत के खिलाड़ियों ने भाला फेंककर देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। मोरक्को के मारकेच सिटी में आयोजित ग्रांड प्रिक्स में देवेंद्र झाझड़िया ने 60.97 मीटर दूर भाला फेंक सिल्वर मेडल जीता है। वहीं, भारत के ही अजीत कुमार ने 64 मीटर भाला फेक गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। सिल्वर मेडल जितने के बाद देवेंद्र ने कहा कि टोक्यो पैरा-ओलंपिक के बाद में फिर से ट्रेनिंग पर आ गया था। पिछले कुछ सालों में भारत में स्पोर्ट्स का माहौल बदल रहा है। लोगों का स्पोर्ट्स और दिव्यांगों के प्रति नजरिया बदल रहा है। अब हमारे देश में पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब के साथ



खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे लाजवाब का नारा चल रहा है। जिससे युवाओं के साथ उनके परिजन भी खेलो का महत्त्व समझ रहे हैं। देवेंद्र ने कहा कि हर किसी के जीवन में एज फेक्टर होता है। खिलाड़ियों के लिए तो खास तौर पर होता है। लेकिन आप अपने समर्पण, सूझबूझ और मेहनत से इसका असर कम कर सकते हैं। बढ़ती उम्र के साथ रिकवरी मुश्किल से होती है। तो आपको यह ध्यान रखना होता है कि कैसे कम से कम इंजरी हो। इसके साथ ही खिलाडी की डाइट सबसे ज्यादा जरुरी है। बता दें कि देवेंद्र मूल रूप से राजस्थान के चूरू के निवासी है। वह अब तक कई अंतर्राष्ट्रीय मेडल के साथ अर्जुन अवार्ड, पद्मश्री अवार्ड, सर्वोच्च खेल रत्न अवार्ड, पद्मभूषण अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

# पाकिस्तान की नयी जर्सी की तस्वीर लीक, उड़ा मजाक



**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2022 अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने जा रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए लगभग सभी टीमों की टीम स्कवॉड घोषित हो चुकी है। वहीं, कुछ टीमें इस बड़े टूर्नामेंट के लिए नयी जर्सी भी लॉन्च की है। रविवार को टीम इंडिया की नयी जर्सी लॉन्च कर दी गयी है जो कि फैंस को खुब भा रहा है। वहीं, पाकिस्तान की नयी जर्सी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसका लोग जमकर मजाक उड़ा रहे हैं। बता दें कि अभी तक पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर नयी जर्सी लॉन्च नहीं की है, बल्कि यह लीक हुई तस्वीरें हैं।

### फैंस ने जमकर उड़ाया मजाक

**दरअसल,** सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम समेत अन्य कुछ प्लेयर्स की नयी जर्सी के साथ तस्वीरें वायरल है। जिसका फैंस मजाक भी उड़ा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों पर लोगों ने कई मीम ने रिएक्ट किया कि यह तो तरबूजे का डिजाइन है और उसी के हिसाब से वर्ल्ड कप की जर्सी भी बना दी है। नयी ड्रेस पहने हुए बाबर आजम की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

# कोहली को चुकता करने के लिए बेहद साहसी व्यक्ति की जरूरत पड़ेगी : फिंच

**मोहाली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि विराट कोहली को चुकता करने के लिए किसी बेहद साहसी व्यक्ति की जरूरत पड़ेगी और भारत के पूर्व कप्तान ने पिछले 15 वर्षों में जो कुछ हासिल किया उसे देखते हुए उन्हें चुका हुआ कहना हास्यास्पद होगा। कोहली ने इस महीने के शुरू में एशिया कप में फॉर्म में वापसी की थी और अपना 71वां अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा था। यह उनका नवम्बर 2019 के बाद पहला शतक भी था। फिंच ने भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा कि विराट कोहली को चुकता करने के लिए किसी साहसी व्यक्ति की जरूरत पड़ेगी। पिछले 15 वर्षों में उन्होंने दिखाया है कि वह सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में एक हैं।

# तेंदुलकर को ग्वालियर में बने दोहरे शतक के कीर्तिमान से जुड़ी गेंद 12 साल बाद इंदौर में मिली

**इंदौर (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 12 साल पहले ग्वालियर में जिस गेंद से अंतर्राष्ट्रीय वनडे इतिहास का पहला दोहरा शतक जड़ा था, वह गेंद उन्हें इंदौर में तोहफे के रूप में प्रदान की गयी है। मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। फटाफट क्रिकेट के प्रारूप वाली इस स्पर्धा में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों से सजी अलग-अलग देशों की टीम के बीच मुकाबले हो रहे हैं और इसमें तेंदुलकर इंडिया लीजेंड्स टीम की अगुवाई कर रहे हैं। एमपीसीए के मुख्य क्यूरेटर समंदर सिंह चौहान ने बताया कि तेंदुलकर अभ्यास के लिए रविवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम पहुंचे, तो वह मास्टर ब्लास्टर के ग्वालियर में दागे गये दोहरे शतक के कीर्तिमान से जुड़ी गेंद लेकर उनके पास पहुंचे और उनसे इस गेंद पर ऑटोग्राफ देने की गुजारिश की। उन्होंने बताया कि यह गेंद देखते ही प्रफुल्लित तेंदुलकर ने मुझसे पूछा कि क्या मैं इसे उन्हें तोहफे में दे सकता हूं? मैं तुरंत सहमत हो गया।




# सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद विनेश फोगाट बोली- हम खिलाड़ी हैं रोबोट नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने के बाद सोशल मीडिया पर हुई आलोचना को निराशाजनक करार देते हुए भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि खिलाड़ी रोबोट नहीं होते है। विनेश ने इसके साथ ही साथी खिलाड़ियों से मेहनत जारी रखने को कहा ताकि इस तरह की आलोचना की संस्कृति को खत्म किया जा सके। विनेश ने बेलग्रेड में पिछले सप्ताह 53 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह ऐसा करने वाली देश की पहली महिला पहलवान है। वह क्वालीफिकेशन दौर में मंगोलिया की खुलान बटखुयाग से जिस तरह से 0-7 की हारी उसकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए रेपेचेज में दो दौर के बाद कांस्य पदक मुकाबले को बिना अंक गंवाये अपने नाम किया। यह 28 साल की खिलाड़ी हालांकि सोशल मीडिया पर हुई आलोचना से काफी आहत है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि खिलाड़ी भी



इंसान होते हैं। खिलाड़ी होने का यह मतलब नहीं कि हम किसी भी टूर्नामेंट में रोबोट की तरह काम करें। मुझे यह नहीं पता कि यह संस्कृति सिर्फ भारत में ही है या और जगह भी है। जहां लोग घर में बैठकर ही विशेषज्ञ बन जाते हैं। उन्होंने लिखा कि व्यक्ति पेशेवर हो या नहीं उसने अपने सफर में कई कठिनाइयों, संघर्षों और चुनौतियों का सामना किया होता है। वे टिप्पणी नहीं करते, आलोचना करते हैं। वह आलोचना करते समय खुद को पेशेवर करियर के विशेषज्ञ समझने लगते हैं। विनेश ने एथलीटों की लगातार आलोचना पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम एथलीट के रूप में हर चीज के लिए जवाबदेह क्यों हैं। एथलीटों को समर्थन और प्रोत्साहन के बजाय उसके प्रशिक्षण को लेकर टिप्पणियों का सामना क्यों करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह बहुत हतोत्साहित करने वाला होता है जब लोग यह मान लेते हैं कि वे इस पर टिप्पणी कर सकते हैं कि एथलीटों को अपना करियर कब समाप्त करना चाहिए, कब खेलना चाहिए और कब नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने लिखा कि एक जीत का मतलब हमेशा यह नहीं होता है कि एक एथलीट ने कुछ अतिरिक्त असाधारण किया है और हार का मतलब यह नहीं है कि एथलीट ने उस खेल के दौरान कोशिश नहीं की है।